सच, सिर्फ सच **

# वॉयस ऑफ लखनऊ

रविवार, 22 जून, 2025 | लखनऊ, महानगर, वर्ष 20, अंक 168, पेज 16, 3.50 रुपये | www.facebook.com/volepaper | voiceoflucknow@gmail.com | www.voiceoflucknow.com


**शुद्ध प्रत्यक्ष कर संग्रह घटकर 4.59 लाख करोड़**

चालू वित्त वर्ष (2025-26) में अब तक शुद्ध प्रत्यक्ष कर संग्रह सालाना आधार पर 1.39 प्रतिशत घटकर 4.59 लाख करोड़ रुपये रहा। } 14

**भारत की उभरती सौम्य शक्ति का दूत बना योग**

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने जम्मू कश्मीर के उधमपुर में समारोह का नेतृत्व किया। उन्होंने कहा कि यह भारत की उभरती हुई सौम्य शक्ति है और योग इसका सबसे मजबूत दूत बन गया है। } 16



# पूरे विश्व ने उत्साह के साथ मनाया योग दिवस

## मानसिक व शारीरिक स्वास्थ्य के लिए दैनिक अभ्यास के रूप में करें योग : मुर्मू



एजेंसी

नई दिल्ली। दुनिया भर के हजारों लोगों ने शनिवार को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर भारत की इस प्राचीन विधा का अभ्यास किया और इस मौके पर आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में जोश और उत्साह के साथ हिस्सा लिया। संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर जाने-माने चिकित्सक, लेखक एवं स्वास्थ्य गुरु दीपक चोपड़ा ने एक ध्यान सत्र का नेतृत्व किया। इस कार्यक्रम की मेज़बानी संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी मिशन ने की। न्यूयॉर्क में भारत के महावाणिज्य दूतावास ने टाइम्स स्क्वायर एलायंस के साथ मिलकर टाइम्स स्क्वायर पर 11वां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया। मशहूर अभिनेता अनुपम खेर ने टाइम्स स्क्वायर पर आयोजित इस कार्यक्रम में हिस्सा लिया। लंदन के स्ट्रैंड क्षेत्र के एक प्रतिष्ठित चौक पर सैकड़ों लोग एकत्र हुए, जहां भारतीय उच्चायोग द्वारा आयोजित कार्यक्रम में विशेषज्ञों के मार्गदर्शन में सामूहिक रूप से योगाभ्यास किया गया। ब्रिटेन में भारत के उच्चायुक्त विक्रम दोराईस्वामी ने इस अवसर पर कार्यक्रम की शुरुआत की। योग के प्रति अपनी रुचि के लिए प्रसिद्ध महाराजा चार्ल्स तृतीय ने अपने संदेश में कहा कि यह वार्षिक उत्सव एकता, करुणा और कल्याण जैसे वैश्विक सिद्धांतों को बढ़ावा देता है। चीन में हजारों लोगों ने अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर योगाभ्यास किया और कार्यक्रमों में हिस्सा लिया। सिंगापुर में 11वां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस सुपरट्री लॉन में आयोजित किया गया। सिंगापुर के संस्कृति, समुदाय और युवा तथा जनशक्ति राज्य मंत्री दिनेश वासु दाश ने इस कार्यक्रम में कहा तेजी से विभाजित होती दुनिया में, सभी को एक साथ लाने के लिए हमें और अधिक योग की आवश्यकता है। जापान के तोक्यो स्थित भारतीय दूतावास ने प्रतिष्ठित त्सुकिजी होंगवानजी मंदिर में योग महोत्सव का आयोजन किया। मलेशिया के कुआलालंपुर में भारतीय उच्चायोग ने नेताजी सुभाष चंद्र बोस भारतीय सांस्कृतिक केंद्र के साथ मिलकर बाटू गुफा परिसर में योग कार्यक्रम का आयोजन किया। वहीं भारत में लाखों लोगों ने 11वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस को पूरे उत्साह के साथ मनाया, जिसमें योगासन और ध्यान का ...शेष पृष्ठ 14 पर

## विशाखापत्तनम में बने 23 वर्ल्ड रिकॉर्ड



विशाखापत्तनम। आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू ने शनिवार को कहा कि राज्य ने 11वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर 23 वैश्विक रिकॉर्ड बनाए है जिनमें दो गिनीज रिकॉर्ड और 21 वर्ल्ड बुक ऑफ रिकॉर्ड है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ योगाभ्यास करने के बाद मीडियाकर्मियों को संबोधित करते हुए नायडू ने कहा कि इस प्राचीन कला का प्रदर्शन करने के लिए यहां 3.03 लाख लोग एकत्र हुए हैं, जिससे एक ही स्थान पर सर्वाधिक लोगों द्वारा योगाभ्यास करने का विश्व रिकार्ड बना है। नायडू ने योग दिवस की उपलब्धियों के बारे में विस्तार से बताते हुए कहा, कुल 23 वैश्विक रिकॉर्ड बनाए गए, जिनमें 21 वर्ल्ड बुक ऑफ रिकॉर्ड और दो गिनीज रिकॉर्ड शामिल हैं। उन्होंने यह भी बताया कि करीब 22,122 आदिवासी छात्रों ने एक ही स्थान पर 108 मिनट में 108 बार सूर्य नमस्कार कर एक और विश्व रिकॉर्ड कायम किया है। नायडू ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में कहा विशाखापत्तनम ...शेष पृष्ठ 14 पर

## संक्षेप

### एयर इंडिया के तीन अफसरों को हटाने के निर्देश

मुंबई। विमानन सुरक्षा नियामक डीजीसीए ने एयर इंडिया से गंभीर चूक के कारण उसके एक डिवीजनल उपाध्यक्ष सहित तीन अधिकारियों को चालक दल कार्य दायित्व से संबंधित सभी भूमिकाओं से हटाने का आदेश दिया है। सूत्रों ने शनिवार को यह जानकारी दी। नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने 20 जून को अपने आदेश में टाटा समूह के स्वामित्व वाली एयरलाइन से इन अधिकारियों के खिलाफ बिना देरी किए आंतरिक अनुशासनात्मक कार्यवाही शुरू करने को भी कहा। डीजीसीए के आदेश के अनुसार, तीन अधिकारियों में एयरलाइन के एक डिवीजनल उपाध्यक्ष भी शामिल हैं।

### ईंधन की कमी से विमान की आपात लैंडिंग

नई दिल्ली। गुवाहाटी से चेन्नई जा रही इंडिगो की फ्लाइट 6ए-6764 को ईंधन की कमी की वजह से पायलट की ओर से 'फ्यूल मेडे' कॉल करने के बाद बंगलूरू की ओर डायवर्ट करना पड़ा। चेन्नई एयरपोर्ट पर भीड़भाड़ के कारण विमान को समय पर वहां उतरने से रोका गया। आपातकालीन मार्ग परिवर्तन के दौरान विमान में यात्री सवार थे। फ्लाइट रात 8:15 बजे सुरक्षित रूप से बंगलूरू में उतरी। सूत्रों के मुताबिक, विमान ने निर्धारित समय पर गुवाहाटी से उड़ान भरी थी। रात 8.11 बजे जब ट्रैफिक की वजह से विमान को चेन्नई में लैंड करने की अनुमति नहीं मिली तो पायलट ने बंगलूरू हवाई अड्डे के एयर ट्रैफिक कंट्रोल (एटीसी) पर 'ईंधन मेडे' का संदेश भेजा।

## नियमित योग से मिलती है शांति : मोदी

एजेंसी



विशाखापत्तनम (आंध्र प्रदेश)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को कहा कि दुनिया किसी न किसी तनाव से गुजर रही है, कितने ही क्षेत्रों में अशांति और अस्थिरता बढ़ रही है और ऐसे में योग से हमें शांति की दिशा मिलती है। प्रधानमंत्री मोदी ने यहां 11वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए कहा कि यह दिन मानवता के लिए उस प्राचीन प्रथा की शुरुआत का प्रतीक है जहां आंतरिक शांति वैश्विक नीति बन गई है।

तेलुगु देशम पार्टी (तेदेपा) नीत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार के विशाल योग दिवस समारोह ने रिकॉर्ड बनाया है। राज्य सरकार ने बताया कि इस दौरान 23 नयी उपलब्धियां हासिल की गईं। मोदी ने कहा, दुर्भाग्य से आज पूरी दुनिया किसी न किसी तनाव से गुजर रही है। कितने ही क्षेत्रों में अशांति और अस्थिरता बढ़ रही है। ऐसे में योग से हमें शांति की दिशा मिलती है। योग एक पॉज बटन है जिसकी मानवता को आवश्यकता है, जिससे कि वे खुलकर सांस ले सकें, जीवन में संतुलन बना सकें तथा पुनः संपूर्ण बन सकें। प्रधानमंत्री ने कहा मेरा दुनिया से अनुरोध है कि आइए, इस योग दिवस को मानवता के लिए योग के दूसरे संस्करण की शुरुआत का प्रतीक बनाएं जहां ...शेष पृष्ठ 14 पर

## योग भारत की ऋषि परम्परा का मंत्र : योगी

विशेष संवाददाता



लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेशवासियों को 11वें अन्तरराष्ट्रीय योग दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि योग भारत की ऋषि परम्परा का ऐसा मंत्र है, जो स्वस्थ काया के साथ-साथ स्वस्थ मस्तिष्क भी उपलब्ध कराता है। भारतीय मनीषा ने प्राचीन काल से ही योग के महत्व से हम सभी को विस्तृत रूप से अवगत कराया है। मनीषा का मानना रहा है कि 'शरीरमाद्यं खलु धर्म साधनम' अर्थात धर्म के सभी साधनों, धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष की प्राप्ति एक स्वस्थ्य शरीर से ही सम्भव है। 'शरीरमाद्यं खलु धर्म साधनम' भाव की पूर्ति योग के माध्यम से होती है। मुख्यमंत्री शनिवार को गोरखपुर में श्री गोरखनाथ मन्दिर के महन्त दिग्विजयनाथ स्मृति सभागार में 11वें अन्तरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को सम्बोधित कर रहे थे। इस अवसर पर वह योगाभ्यास में भी सम्मिलित हुए। उन्होंने कहा कि आज अन्तरराष्ट्रीय योग दिवस के कार्यक्रम से देश व दुनिया के लोग जुड़ रहे है। विशाखापट्टनम, आन्ध्र प्रदेश में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी योग कार्यक्रम... शेष पृष्ठ 14 पर

# इजराइल ने ईरान के परमाणु अनुसंधान केन्द्र पर किया हमला

## दोनों देशों के बीच तनाव कम करने के लिए जेनेवा में घंटों चली कूटनीतिक वार्ता बेनतीजा रही



एजेंसी

तेल अवीव। इजराइल की सेना ने शनिवार को कहा कि उसने बीती रात ईरान की परमाणु अनुसंधान सुविधा पर हमला किया और निशाना बनाकर किए गए हमलों में तीन वरिष्ठ ईरानी कमांडरों की मौत हो गई। दोनों देशों के बीच युद्ध दूसरे सप्ताह में प्रवेश कर गया है। शनिवार सुबह इस्फहान में एक पर्वत के निकट इलाके से धुआं उठता दिखाई दिया, जहां एक स्थानीय अधिकारी ने कहा कि इजराइल ने दो बार परमाणु अनुसंधन सुविधा पर हमला किया। इजराइली सेना के एक अधिकारी के अनुसार निशाने पर दो सेंट्रिफ्यूज उत्पादन स्थल थे। ईरान के परमाणु कार्यक्रम को तहस-नहस करने के इजराइल के लक्ष्य के तहत 24 घंटे में इस्फहान में हुआ यह दूसरा हमला था। इस्फहान प्रांत के सुरक्षा मामलों के डिप्टी गवर्नर अकबर सालेही ने पुष्टि की कि इजराइली हमलों में सुविधा को नुकसान पहुंचा है, लेकिन कोई व्यक्ति हताहत नहीं ...शेष पृष्ठ 14 पर

### ऑपरेशन सिंधु के तहत ईरान से अब तक 517 भारतीय लौटे

नयी दिल्ली। विदेश मंत्रालय (एमईए) ने शनिवार को कहा कि ऑपरेशन सिंधु के तहत अब तक 500 से अधिक भारतीय नागरिक ईरान से स्वदेश लौट आए हैं। विदेश मंत्रालय ने एक्स पर एक पोस्ट में निकासी अभियान की स्थिति के बारे में जानकारी साझा की। इजराइल के साथ सैन्य टकराव तेज होने के बाद ईरान से निकाले गए



## धामी सहित आठ देशों के लोगों ने किया योग

प्रमुख संवाददाता



गैरसैंण (उत्तराखंड)। 11वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने राज्य को योग और वेलनेस की वैश्विक राजधानी बनाने का संकल्प दोहराया। भराड़ीसैंण विधानसभा परिसर में आयोजित भव्य कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने योग गुरु पद्मश्री स्वामी भारत भूषण तथा आठ देशों से आये प्रतिनिधियों के साथ सामूहिक योग किया। वैदिक मंत्रोच्चार और शंखनाद से कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। मुख्यमंत्री ने योग आधारित विकास के लिए राज्य में योग नीति 2025 का विधिवत शुभारंभ करते हुए इसकी पुस्तिका का ...शेष पृष्ठ 14 पर

**विशेष खबर** भाजपा अनुसूचित मोर्चा के तत्वावधान में आयोजित भव्य योग कार्यक्रम का आयोजन, इस अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि भाजपा के प्रदेश महामंत्री संगठन धर्मपाल सिंह रहे मौजूद

# लखनऊ में भव्य योग कार्यक्रम आयोजित

## भाजपा के वरिष्ठ नेता नीरज सिंह व बीबीडी ग्रुप के प्रेसिडेंट विराज सागर दास ने किया योग





फोटो : समीर भटनागर

विशेष संवाददाता

लखनऊ। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर अंबेडकर पार्क गोमती नगर में भाजपा अनुसूचित मोर्चा के तत्वावधान में आयोजित भव्य योग कार्यक्रम का आयोजन शनिवार को किया गया। इस विशाल योग कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि भाजपा के प्रदेश महामंत्री संगठन धर्मपाल सिंह मौजूद रहे। इस दौरान कार्यक्रम प्रभारी वरिष्ठ भाजपा नेता ...शेष पृष्ठ 14 पर

# बीबीडीयू में मनाया गया अंतराष्ट्रीय योग दिवस



फोटो : अमित वर्मा

लखनऊ। अंतराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर बीबीडी यूनिवर्सिटी कैंपस में डॉ अखिलेश दास गुप्ता स्टेडियम में एक पृथ्वी एक स्वास्थ्य के अंतर्गत योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम बीबीडी ग्रुप की चेयरपर्सन श्रीमती अलका दास गुप्ता एवं बीबीडी ग्रुप के प्रेसिडेंट विराज सागर दास की प्रेरणा से हुआ। कार्यक्रम की शुरूआत योग प्रशिक्षक अरुण जैन द्वारा विभिन्न प्राणायाम जैसे सूर्य नमस्कार, ...शेष पृष्ठ 14 पर





# विश्व को योग से निरोग रहने का दिया संदेश

## भाजपा ने मंडल स्तर पर योग शिविरों का किया आयोजन, डिप्टी सीएम केशव प्रसाद ने गाजियाबाद में किया योग

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** भारतीय जनता पार्टी ने विश्व योग दिवस पर शनिवार को प्रदेश में मंडल स्तर पर योग शिविरों का आयोजन किया और विश्व को योग से निरोग का संदेश दिया। इसके साथ ही विभिन्न सामाजिक, धार्मिक संस्थाओं, स्वयंसेवी संगठनों ने भी योग कार्यक्रमों का आयोजन किया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखपुर में योग करके योग से निरोग का संदेश दिया। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी ने सेंट्रल पार्क, समर विहार कालोनी, कैंट-2 लखनऊ में पार्टी कार्यकर्ताओं तथा स्थानीय नागरिकों के साथ योग किया। उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने गाजियाबाद तथा ब्रजेश पाठक ने लखनऊ में 11वें विश्व योग दिवस पर योग कार्यक्रमों में सम्मिलित हुए। अम्बेडकर पार्क गोमतीनगर, लखनऊ में प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल सिंह ने अनुसूचित मोर्चा द्वारा बाबा साहेब डॉ. भीमराव आम्बेडकर को समर्पित योग शिविर में सम्मिलित होकर योग दर्शन के उद्घोष सर्वे सन्तु निरामयाः का संदेश देते हुए सबके स्वस्थ एवं निरोगी जीवन की कामना की। प्रदेश सरकार के मंत्री, पार्टी के

**• भाजपा प्रदेश अध्यक्ष, महामंत्री संगठन और डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने लखनऊ में किया योग**

प्रदेश, क्षेत्र, जिला, मंडल, शक्तिकेन्द्र तथा बूथ के पदाधिकारी, सांसद, विधायक, नगर निगम के महापौर व सदस्य, नगर पालिका, नगर पंचायत अध्यक्ष व सदस्य, आयोग, बोर्ड, निगम के अध्यक्ष व सदस्य सहित सभी जनप्रतिनिधि, पार्टी के नेता तथा कार्यकर्ता स्थानीय नागरिकों के साथ विश्व योग दिवस के कार्यक्रमों में सम्मिलित हुए। इसके साथ ही विभिन्न सामाजिक, धार्मिक, आध्यात्मिक तथा व्यवसायिक वर्गों के भी योग शिविर आयोजित किये गए।

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी ने योग दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में कहा कि ध्यान से ज्ञान और योग से निरोग ही स्वस्थ जीवन शैली का मंत्र है। भारतीय संस्कृति की अनमोल धरोहर योग पूरी दुनिया को भारत द्वारा दी गई एक ऐतिहासिक उपलब्धि है, जिसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने 2014 से अपने अथक प्रयासों से पूरी दुनिया में पहुंचाने का अद्वितीय एवं स्वागत योग्य कार्य किया है। आज योग पूरे विश्व के लोगों की जीवन शैली बन चुका है। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर योग को अपनी जीवनशैली का अमूल्य हिस्सा बनाने का संकल्प करें और स्वस्थ समाज व समृद्ध भारत के निर्माण में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करें।

प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल सिंह ने 11वें विश्व योग दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि योग कार्यक्रम में जिस तरह सभी एक समय पर एक साथ प्राणायाम, आसन सहित योग की सभी क्रियाएं कर रहे हैं, जिससे एक साथ एक लक्ष्य के लिए चलने का अभ्यास भी होता है इसलिए योग देश की एकात्मता और वसुधैव कुटुम्बकम की भावना को भी प्रबल बनाता है। उन्होंने सफल आयोजन के लिए आयोजकों का अभिनंदन करते हुए कहा कि बाबा साहेब को समर्पित योग महोत्सव का कार्यक्रम एक भारत-समरस भारत के लोकमंगलकारी उद्देश्य से आयोजित किया गया है। भाजपा अनुसूचित मोर्चा के प्रयास से यह विशाल योग महोत्सव का आयोजन आगे भी समरसता का मंत्र लेकर किए जाने वाले कार्यक्रमों के लिए प्रेरक होगा। हम सभी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आभारी है जिनके प्रयास से भारतीय योग दर्शन को विश्व ने स्वीकार भी किया और अंगीकार भी किया।

प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल सिंह के साथ योग महोत्सव में आयोजित प्रदेश अध्यक्ष भाजपा अनुसूचित मोर्चा रामचन्द्र कनौजिया तथा संयोजक भाजपा नेता नीरज सिंह उपस्थित रहे।

साथ ही राज्यसभा सदस्य बृज लाल, एमएलसी लाल जी प्रसाद निर्मल, प्रदेश उपाध्यक्ष देवेश कुमार, भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष संजय गोंड, पूर्व डीजीपी विजय कुमार, भाजपा महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी सहित बड़ी संख्या में अनुसूचित मोर्चा के कार्यकर्ता सम्मिलित हुए।



## योग सिर्फ व्यायाम नहीं, जीवन दर्शन है : महाना

**लखनऊ।** योगमय हुई कानपुर की सुबह, जब ग्रीन पार्क की हरियाली में विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने जनसाधारण के साथ योग की साधना की। उनके सहज, विनम्र और प्रेरक नेतृत्व ने न केवल आयोजन को गरिमा दी, बल्कि यह संदेश भी दिया कि योग सिर्फ व्यायाम नहीं, जीवन दर्शन है। वन अर्थ वन हेल्थ की थीम को आत्मसात करते हुए महाना ने बच्चों, माताओं और नागरिकों संग मिलकर स्वस्थ समाज के संकल्प को साकार किया।

## मंत्री नरेंद्र कश्यप ने योग दिवस कार्यक्रम में सहभागिता की

हापुड़/लखनऊ। प्रदेश के पिछड़ा वर्ग कल्याण एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) नरेंद्र कश्यप ने शनिवार को हापुड़ में 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर आयोजित विविध कार्यक्रमों में सहभागिता कर जनसामान्य को योग के प्रति जागरूक किया। मंत्री कश्यप ने श्रीमती ब्रह्मदेवी



सरस्वती बालिका विद्या मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में आयोजित भव्य योग कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रतिभाग किया और छात्राओं, अध्यापकों एवं नागरिकों के साथ योगासन कर योगाभ्यास किया। उन्होंने कहा कि योग भारत की प्राचीनतम जीवनशैली है, जो तन, मन और आत्मा को संतुलित रखते हुए सम्पूर्ण स्वास्थ्य का मार्ग प्रशस्त करती है। मंत्री कश्यप ने छात्राओं सहित सभी उपस्थित नागरिकों को संबोधित करते हुए कहा कि योग केवल व्यायाम नहीं, बल्कि जीवन जीने की कला है। योग से न केवल शरीर स्वस्थ रहता है, बल्कि मानसिक संतुलन भी प्राप्त होता है। उन्होंने सभी से आग्रह किया कि वे योग को अपने दैनिक जीवन का अभिन्न अंग बनाएँ और एक स्वस्थ, जागरूक तथा अनुशासित समाज के निर्माण में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें। योग दिवस कार्यक्रम के उपरांत मंत्री नरेंद्र कश्यप ने योग जागरूकता हेतु आयोजित पदयात्रा को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। पदयात्रा के माध्यम से आम नागरिकों को योग के महत्व से अवगत कराते हुए नियमित योग को अपनाने का संदेश दिया गया। योग दिवस केवल एक आयोजन नहीं, बल्कि यह एक दीर्घकालिक सामाजिक आंदोलन है, जिसके माध्यम से हम स्वस्थ भारत, समर्थ भारत का निर्माण कर सकते हैं।

# एक भारत समरस भारत के संदेश के साथ अंबेडकर पार्क में योग कार्यक्रम







विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** डॉ. भीमराव अंबेडकर स्मृति स्थल आज उनकी सामाजिक समरसता, समानता और स्वतंत्रता की विचारधारा की प्रत्यक्ष मिसाल बना। गोमती नगर स्थित अंबेडकर पार्क में भारतीय जनता पार्टी द्वारा आयोजित 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग महोत्सव के अवसर पर भव्य योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

योगाभ्यास कार्यक्रम में मुख्य अतिथि प्रदेश महामंत्री संगठन धर्मपाल सिंह, कार्यक्रम प्रभारी वरिष्ठ नेता नीरज सिंह, सांसद बृजलाल सहित लगभग 5000 की संख्या में अनुसूचित समाज के प्रतिनिधियों, महिलाओं व पुरुषों ने सामूहिक रूप से योगाभ्यास किया। उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने रेजिडेंसी में आयोजित कार्यक्रम में भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का सजीव प्रसारों भी सुना। राज्यसभा सांसद संजय सेठ, एमएलसी रामचंद्र प्रधान, प्रमुख सचिव आलोक कुमार, जिलाधिकारी विशाख भी कार्यक्रम में सम्मिलित हुए।

योगाभ्यास के बाद धर्मपाल सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री के प्रयास से दुनिया के 171 से अधिक देशों में आज अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन होता है। योग केवल शारीरिक अभ्यास नहीं, बल्कि सामाजिक संतुलन और मानसिक सामंजस्य का भी माध्यम है। योग देश की एकात्मा और वसुधैव कुटुंबकम की भावना को भी प्रबल बनाता है।

वरिष्ठ नेता कार्यक्रम प्रभारी नीरज सिंह ने कहा कि डॉ. अंबेडकर ने सामाजिक असमानता को दूर करने तथा दलित वंचित और पिछड़े वर्ग को सामाजिक न्याय दिलाने के लिए आजीवन संघर्ष किया। अंबेडकर के आदर्शों और विचारों को आत्मसात करते हुए प्रदेश महामंत्री संगठन धर्मपाल सिंह के दिशा निर्देशन में एक भारत समरस भारत के संदेश के साथ आज यहां योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। लखनऊ की झुग्गी झोपड़ी व मलिन बस्तियों और आसपास के जिलों से आए अनुसूचित समाज के लोगों ने योग प्रशिक्षिका मालविका बाजपेयी के दिशा निर्देशन में लगभग 1 घंटे के सत्र में भेदभाव रहित सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रम में भाग लिया। कार्यक्रम स्थल पर विशेष रूप से डॉ. भीमराव अंबेडकर की छवि और उनके विचारों को समर्पित पोस्टर, प्रदर्शनी और साज-सज्जा ने वातावरण को विचारपूर्ण और प्रेरणादायक बनाया। मुख्य अतिथियों सहित प्रतिभागियों की टीशर्ट पर भी अंबेडकर का चित्र दिखाई दिया।

आयोजन में बड़ी संख्या में नागरिकों, युवाओं, सामाजिक संगठनों और महिलाओं सहित मूक बधिर बच्चों की सहभागिता भी रही, जिसने कार्यक्रम को जन-आंदोलन का स्वरूप प्रदान किया।

योग महोत्सव इस बात का सशक्त संदेश बनकर सामने आया कि जब योग और सामाजिक न्याय के विचार एक साथ आते हैं, तो राष्ट्र निर्माण की दिशा में एक नई चेतना का संचार होता है। कार्यक्रम में एमएलसी लालजी निर्मल, मुकेश शर्मा, अनुसूचित मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष रामचंद्र कनौजिया, प्रदेश उपाध्यक्ष देवेश कोरी, पूर्व पुलिस महानिदेशक विजय कुमार, रिटायर्ड आईएएस दिनेश चंद्र, हरीश कुमार, पंकज प्रसून जाटव, एके गौतम, गंगाराम अंबेडकर, राम अवतार कनौजिया, विपिन सोनकर सहित बड़ी संख्या में अनुसूचित समाज व आमजन ने सहभागिता की। अन्य प्रमुख कार्यक्रमों में राज्यसभा सांसद डॉक्टर दिनेश शर्मा ने चौक में लोहिया पार्क व कुडिया घाट में, राज्यसभा सांसद अमरपाल मौर्य और डॉ महेंद्र सिंह जेएस लांन कैपल रोड में, एमएलसी प्रदेश महामंत्री गोविंद नारायण शुक्ला, राम भवन ग्राम खंड गोमती नगर में, एमएलसी मुकेश शर्मा अंबेडकर पार्क में, क्षेत्रीय अध्यक्ष कमलेश मिश्रा सेंट जोसेफ स्कूल सीतापुर रोड में, विधायक डॉक्टर नीरज बोरा अलीगंज स्थित सरस्वती विद्या मंदिर स्कूल में, विधायक ओपी श्रीवास्तव स्वर्ण जयंती पार्क इंदिरा नगर में, महापौर सुषमा खर्कवाल नगर निगम मुख्यालय में आयोजित योग कार्यक्रमों में सम्मिलित हुए।






## समाज को अनुशासित बनाता है योग : आनंदीबेन पटेल

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने शनिवार को कहा कि योग और खेल दो ऐसे प्रभावशाली माध्यम हैं जो समाज को शारीरिक व मानसिक रूप से स्वस्थ तथा अनुशासति बनाते हैं।

उन्होंने अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर राजभवन में उपस्थित लोगों को शुभकामनाएं दीं और कहा कि योग केवल शारीरिक व्यायाम नहीं है, बल्कि यह जीवनशैली, आत्मिक अनुशासन और सामूहिक कल्याण का मार्ग है। राजभवन से जारी बयान के अनुसार शनिवार को सुबह छह बजे राजभवन परिसर में स्थित बड़े लॉन में 11वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर सामूहिक योगाभ्यास में शामिल होने के बाद राज्यपाल ने योग के माध्यम से राष्ट्र निर्माण में सहयोग देने का संदेश दिया। उन्होंने कहा, कि स्वस्थ नागरिक ही स्वस्थ समाज का निर्माण करते हैं। ऐसे नागरिक न केवल अपने परिवार और समुदाय के लिए उपयोगी सिद्ध होते हैं, बल्कि हर दृष्टि से लोकहित में कार्य करते हुए राष्ट्र निर्माण में भी महत्वपूर्ण योगदान देते हैं। हम सबका यह सामूहिक दायित्व है कि मिलकर देश को विकसित और सशक्त बनाएं। उन्होंने कहा, कि योग और खेल दो ऐसे प्रभावशाली माध्यम हैं जो समाज को न केवल शारीरिक रूप से सशक्त, बल्कि मानसिक रूप से भी स्वस्थ व अनुशासित बनाते हैं।

संक्षेप

## गैंगस्टर से संबंधित वांछित गिरफ्तार

**बलरामपुर।** पुलिस अधीक्षक विकास कुमार द्वारा वांछित वारण्टी अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक विशाल पाण्डेय व क्षेत्राधिकारी तुलसीपुर बृजनन्दन राय के कुशल पर्यवेक्षण में तथा प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार दुबे थाना तुलसीपुर के कुशल नेतृत्व में गैंगेस्टर अधि0 से सम्बन्धित वांछित अभि0 गिरजेश कुमार शुक्ला उर्फ सुशील शुक्ला पुत्र जगदीश शुक्ला नि0 ग्राम नथईडीह थाना तुलसीपुर जनपद बलरामपुर को जो मुकदमा उपरोक्त में वांछित चल रहे थे को क्रासिंग भवनिया मोड़ निकट तहसील तुलसीपुर के पास से गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया।

## दो तस्कर गिरफ्तार

**श्रावस्ती।** एसपी घनश्याम चौरसिया के निर्देशन में जनपद में अपराध और अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे प्रभावी नियंत्रण अभियान तथा मादक पदार्थों की तस्करी पर कठोर नियंत्रण के उद्देश्य से अपर पुलिस अधीक्षक मुकेश चंद्र उत्तम एवं क्षेत्राधिकारी भिनगा आलोक सिंह के पर्यवेक्षण में थाना हरदत्त नगर गिरण्ट पुलिस को बड़ी सफलता प्राप्त हुई है। थानाध्यक्ष सौरभ सिंह के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई करते हुए सुजानडीह जंगल के पास से दो मादक दवा तस्करों शिवपूजन वर्मा और इमरान को गिरफ्तार किया।

## दो बाइकों की टक्कर युवक की मौत

**सिद्धार्थनगर।** भवानीगंज थाना क्षेत्र में बयारा पेट्रोल पंप के पास सड़क हादसा हुआ। बेंवा-भड़रिया मार्ग पर दो बाइक की आमने-सामने टक्कर के बाद दोनों वाहन डीसीएम से टकरा गए। कंचनपुर निवासी अब्दुल कैय्यूम (27) बयारा से घर जा रहे थे। सामने से गौहनिया राज के वसीम (18) और सोनू चौहान (18) बाइक से आ रहे थे। डीसीएम को क्रॉस करते समय दोनों बाइक आपस में टकरा गईं और डीसीएम की चपेट में आ गईं। पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची। तीनों घायलों को पहले सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बेंवा ले जाया गया। हालत देखते हुए डॉक्टरों ने उन्हें बस्ती रेफर किया। वहां इलाज के दौरान वसीम की मौत हो गई।

## प्रधान और बेटों पर हमले का आरोप

सिद्धार्थनगर- जिले के त्रिलोकपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत मोहम्मदपुर गांव में ग्राम प्रधान और उनके बेटों पर एक व्यक्ति के साथ मारपीट और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगा है। पीड़ित रामकृपाल की तहरीर पर पुलिस ने चारों आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। घटना बृहस्पतिवार शाम करीब 4 बजे की है। रामकृपाल गिट्टी और मोरंग खरीदने के लिए घर से बाहर निकल रहे थे, तभी कुछ लोगों ने उन्हें रास्ते में घेर लिया और अभद्र भाषा का प्रयोग करते हुए गाली-गलौज शुरू कर दी। हालात बिगड़ते देख रामकृपाल अपने घर में चले गए। पीड़ित के अनुसार, इसके बाद ग्राम प्रधान जमील अपने तीन बेटों सज्जाद, सहबाज और जीशान के साथ जबरन घर में घुस आए और लात-घूंसे मारकर उनके साथ बर्बरतापूर्वक मारपीट की। ग्राम प्रधान ने कथित तौर पर अपना लाइसेंसी हथियार दिखाते हुए जान से मारने की धमकी भी दी। त्रिलोकपुर थानाध्यक्ष विपिन सिंह राठौर ने बताया कि शनिवार को रामकृपाल की शिकायत पर जमील व उनके 3 बेटों के खिलाफ आईपीसी की संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

# सीएम डैशबोर्ड रैंकिंग सुधार पर डीएम ने दिये सख्त निर्देश




**श्रावस्ती।** कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी की अध्यक्षता में जनपद में संचालित राजस्व विभाग से जुड़े कार्यों और योजनाओं की सीएम डैशबोर्ड के माध्यम से गहन समीक्षा की गई। बैठक में जिलाधिकारी ने विभिन्न विभागों की प्रगति परखते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। समीक्षा में वाणिज्यकर (जीएसटी) विभाग की प्रगति अत्यंत कम पाए जाने पर सहायक आयुक्त राज्यकर को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया। इसी तरह खनन विभाग की धीमी प्रगति पर खनन निरीक्षक को भी कारण बताओ नोटिस जारी करते हुए प्रतिदिन जांच और औचक निरीक्षण की सख्त हिदायत दी गई। विद्युत विभाग की भी कार्यक्षमता असंतोषजनक मिलने पर अधिशासी अभियंता विद्युत को लक्ष्य अनुरूप वसूली सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। डिजिशक्ति योजना के अंतर्गत टैबलेट/स्मार्टफोन वितरण को 100% पूर्ण करने तथा प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के सभी स्वीकृत आवासों के निर्माण को शीघ्र पूर्ण कराने के निर्देश दिए गए।

डीएम ने राजस्व विभाग को स्पष्ट आदेश दिए कि सभी लंबित वादों की शीघ्र सुनवाई और निस्तारण किया जाए। विशेष रूप से धारा 34 (नामांतरण) के 45 दिन से अधिक पुराने वाद 25 जून तक अनिवार्य रूप से निस्तारित किए जाएं। साथ ही, धारा 116 व 24 के वादों को समय-सीमा के भीतर निपटाने की बात कही गई।

राजस्व वसूली में तेजी लाने के लिए हवालात बंदी एवं नीलामी जैसी कठोर कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए। आय, जाति और निवास प्रमाण पत्रों के आवेदनों को लंबित न रखने की सख्त हिदायत भी दी गई। इसके अतिरिक्त, भूमि पट्टा आवेदन, किसान दुर्घटना बीमा, स्वामित्व योजना, खतौनी पुनरीक्षण आदि बिंदुओं पर भी समीक्षा कर कार्यों को गति देने की बात कही गई। सीएम डैशबोर्ड पर जनपद की रैंकिंग में सुधार हेतु सभी अधिकारियों को नियमित प्रगति समीक्षा करने और योजनाओं की अपडेटिंग बनाए रखने के निर्देश दिए गए। इस महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक में एडीएम अमरेन्द्र कुमार वर्मा, एसडीएम पीयूष जायसवाल, एसडीएम संजय कुमार, समस्त तहसीलदारगण, ई-डिस्ट्रिक्ट मैनेजर शरद श्रीवास्तव, नाजिर चन्द्रमौली श्रीवास्तव सहित सभी जिला स्तरीय विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# 95 प्राप्त शिकायतों में से 10 का मौके पर ही निस्तारण

**शोहरतगढ़, सिद्धार्थनगर।** शासन के मंशा अनुरूप प्रत्येक माह के प्रथम एवं तीसरे शनिवार को सम्पूर्ण तहसील समाधान दिवस का आयोजन किया जाता है। तहसील शोहरतगढ़ में जिलाधिकारी डा0 राजागणपति आर0 की अध्यक्षता एवं पुलिस अधीक्षक डा0 अभिषेक महाजन की उपस्थिति में तहसील समाधान दिवस का कार्यक्रम सम्पन्न हुआ।

तहसील शोहरतगढ़ में आयोजित सम्पूर्ण तहसील समाधान दिवस के आयोजन के अवसर पर राजस्व, विकास, शिक्षा, पूर्ति एवं अन्य विभागों के शिकायतों की सुनवाई डीएम डॉ. राजागणपति आर0, उपजिलाधिकारी शोहरतगढ़ राहुल सिंह तथा पुलिस विभाग से सम्बन्धित शिकायतों की सुनवाई पुलिस अधीक्षक डॉ. अभिषेक महाजन द्वारा किया गया।

डीएम डॉ. राजागणपति आर0 द्वारा तहसील समाधान दिवस में पिछले समाधान दिवस में प्राप्त शिकायतों के आख्या का अवलोकन किया गया। अवलोकन के पश्चात जिलाधिकारी द्वारा तत्काल जिला स्तरीय टीम बनाकर मौके का जांच कराने का निर्देश दिया। डीएम ने निर्देश दिया कि भूमि से संबंधित विवाद मौके पर जाकर निरीक्षण कर निस्तारण कराये। डीएम ने सम्पूर्ण तहसील समाधान दिवस शोहरतगढ़ में उपस्थित सभी जिला स्तरीय अधिकारियों को निर्देश दिया कि तहसील समाधान दिवस में प्राप्त हो रही शिकायतों को आईजीआरएस पर प्राप्त शिकायतों का समय से एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाये। इसके साथ ही शिकायतकर्ता एवं विपक्षी दोनों के समक्ष जांच कर कार्यवाही किया जाये। जिलाधिकारी ने कानूनगो एवं लेखपालों को निर्देश दिया कि भूमि संपत्ति रजिस्टर एवं भूमि विवाद रजिस्टर अवश्य बना लें। किसी भी विभाग का तहसील दिवस का कोई भी प्रकरण लम्बित नही होना चाहिए यदि किसी भी विभाग का प्रकरण लम्बित पाया जायेगा तो सम्बन्धित के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही की जायेगी। लेखपाल एवं कानूनगो मौके पर जाकर शिकायत के निस्तारण से पूर्व निरीक्षण कर उसके बाद की आख्या लगायेंगे इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही नही होनी चाहिए। तहसील समाधान दिवस के आयोजन के अवसर पर कुल 95 प्रार्थना पत्र प्रस्तुत हुए जिसमें राजस्व-72, पुलिस विभाग से सम्बन्धित-07, विकास-09, लोक निर्माण विभाग-01, पूर्ति-02, कृषि-01, तथा अन्य-03 प्रार्थना-पत्र प्रस्तुत हुए। राजस्व के 10 प्रार्थना-पत्रों का मौके पर निस्तारण करा दिया गया।

# जिला स्तरीय संपूर्ण समाधान दिवस तुलसीपुर में संपन्न



**बलरामपुर।** जनमानस की शिकायतों एवं समस्याओं के प्रभावी निराकरण हेतु एसडीएम तुलसीपुर राकेश कुमार जयन्त की अध्यक्षता में तहसील तुलसीपुर में जिला स्तरीय सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन संपन्न हुआ। उन्होंने सम्पूर्ण समाधान दिवस में आई शिकायतों को गुणवत्तापूर्ण निस्तारण निर्धारित समयावधि के भीतर किए जाने का निर्देश संबंधित को दिया। भूमि विवाद एवं लॉ एंड ऑर्डर से जुड़े मामलों में राजस्व विभाग एवं पुलिस विभाग के संयुक्त टीम द्वारा मौके पर जाकर निस्तारण किए जाने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि शिकायतों के निस्तारण में गलत रिपोर्टिंग पर कड़ी कार्यवाही की जाएगी। इस दौरान 37 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुये जिसमें से मौके पर 06 प्रार्थना पत्र का निस्तारण किया गया। इस दौरान तहसीलदार ज्ञानेन्द्र कुमार सिंह, नायब तहसीलदार शिवेन्द्र पटेल, सीएमओ, पी0डी0, डीडीओ, बीएसए, डीपीआरओ, डीएसओ, मत्स्य अधिकारी, समस्त अधिशासी अभियन्ता, नलकूप, पीडब्ल्यूडी, विद्युत, सिंचाई व अन्य संबंधित अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहें। वहीं सम्पूर्ण समाधान दिवस उतरौला में एसडीएम राजेन्द्र बहादुर एवं तहसीलदार सत्यपाल प्रजापति ने फरियादियों द्वारा दिये गये शिकायती प्रार्थना पत्र का निस्तारण किया। इस दौरान 54 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुये जिसमें से मौके पर 02 प्रार्थना पत्रों का निस्तारण किया गया। सम्पूर्ण समाधान दिवस बलरामपुर में एसडीएम हेमेन्त कुमार गुप्ता द्वारा फरियादियों की शिकायतें सुनते हुये 46 प्रार्थना पत्रों में से मौके पर 03 प्रार्थना पत्रों का निस्तारण किया गया। इस दौरान तहसीलदार अनुपम शुक्ला व नायब तहसीलदार, सीओ व अन्य तहसील स्तरीय अधिकारीकर्मचारीगण मौजूद रहे।

# योग हमारे जीवन के लिए महत्वपूर्ण : ईशा दुहन



मुकेश कुमार गुप्ता

**मेरठ।** पीवीवीएनएल की प्रबन्ध निदेशक आईएएस अधिकारी श्रीमती ईशा दुहन ने शनिवार को मुख्यालय ऊर्जा भवन परिसर स्थित पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम लि. के तत्वाधान में, अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस पर योगाभ्यास किया। योग गुरु दिलमणि थपलियाल की अगुवाई में कर्मचारियों एवं अधिकारियों ने भी योगकियाऐं की। प्रबन्ध निदेशक ने 11 वें अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस पर शुभकामना देते हुये कहा कि योग हमारे मस्तिष्क और शरीर को स्वस्थ रखने के लिये प्रेरित करता हैं। उन्होनें कहा कि योग हमारे जीवन के लिये महत्वपूर्ण है। इस अवसर पर प्रबन्ध निदेशक ने कहा कि योग हमें शारीरिक एवं आत्मिक शांन्ति प्रदान करता है योग को हमें अपनी दिनचर्या मे अवश्य शामिल करना चाहिए। योग तनाव दूर करता है और हमें ऊर्जावान बनाता है। योग व प्राणायाम का अभ्यास हमें तनावमुक्त जीवन जीने, स्वस्थ्य शरीर, स्वस्थ्य मन प्राप्त करने में सक्षम बनाता है। प्रबन्ध निदेशक द्वारा योग गुरु दिलमणि थपलियाल व आयोजक टीम को सम्मानित किया।

# योग दिवस पर जिले में हुआ योगाभ्यास

**श्रावस्ती।** एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योग की थीम पर आधारित 11वें अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में जनपद श्रावस्ती में विविध स्थलों पर भव्यता के साथ योगाभ्यास कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। प्रमुख कार्यक्रम स्पोर्ट्स स्टेडियम भिनगा में सम्पन्न हुआ, जहाँ अध्यक्ष जिला पंचायत दद्दन मिश्रा, जिलाध्यक्ष मिश्रीलाल वर्मा, मण्डलायुक्त शशि भूषण लाल सुशील, जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी, पुलिस अधीक्षक घनश्याम चौरसिया, मुख्य विकास अधिकारी शाहिद अहमद तथा अपर जिलाधिकारी अमरेन्द्र कुमार वर्मा की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम का शुभारम्भ दीप प्रज्वलन एवं भगवान धन्वंतरि के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। तत्पश्चात स्टेडियम में हजारों की संख्या में लोगों ने एक साथ योगाभ्यास किया। इस दौरान लखनऊ राजभवन से राज्यपाल आनंदीबेन पटेल एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ आयोजित मुख्य योगाभ्यास कार्यक्रम का सीधा प्रसारण भी किया गया। जिलाध्यक्ष ने कहा, योग हमारे



दैनिक जीवन का अभिन्न अंग है। नियमित योग से बीमारियों से बचाव होता है और स्वस्थ समाज का निर्माण संभव है। जिला पंचायत अध्यक्ष ने योग को भारत की संस्कृति का अभिन्न अंग बताते हुए कहा कि यदि जन-जन योग को अपनाएं तो दवाओं पर होने वाला खर्च कम किया जा सकता है।

मण्डलायुक्त शशि भूषण लाल सुशील ने कहा, योग भारत की प्राचीन परंपरा का अमूल्य उपहार है। यह शरीर और मन की एकाग्रता बनाए रखता है तथा प्रकृति से सामंजस्य भी स्थापित करता है। जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी ने कहा कि ह्लयोग शरीर को निरोग रखने के साथ-साथ मानसिक संतुलन भी प्रदान करता है। उन्होंने बताया कि जिले के सभी योग वेलनेस सेंटर, हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर, सीएचसी, पीएचसी, आयुष केन्द्रों सहित अन्य चिकित्सालयों में योग अभ्यास कार्यक्रम सम्पन्न कराए गए। कार्यक्रम में योग प्रशिक्षक अरुण कुमार एवं योग सहायकों द्वारा उपस्थित जनसमूह को विभिन्न योगासन कराए गए एवं नशा मुक्ति की शपथ भी दिलाई गई। इसी क्रम में विधायक रामफेरन पाण्डेय ने इकौना स्थित अपने आवास एवं जगतजीत इंटर कॉलेज में दीप प्रज्वलित कर भगवान धन्वंतरि के चित्र पर माल्यार्पण किया और योग अभ्यास किया।

# गैंगस्टर एक्ट के आरोपी पर कुर्की की कार्रवाई

**प्रतापगढ़।** गैंगेस्टर एक्ट के आरोपी के खिलाफ उदयपुर पुलिस ने कुर्की की कार्रवाई की। आरोपी की सम्पत्ति को लेकर इससे पूर्व भी कुर्की की कार्रवाई की जा चुकी है। संग्रामगढ़ थाना क्षेत्र के मोहम्मदपुर खास निवासी चंद्रशेखर सिंह पुत्र हरिकेश सिंह के खिलाफ गैग्सटर समेत कई मुकदमे दर्ज हैं। उदयपुर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ शनिवार को कुर्की की कार्रवाई करते हुए करीब चौतीस लाख रुपए की सम्पत्ति को कुर्क किया। पुलिस ने इससे पूर्व अठारह जून को भी करीब पचास लाख की सम्पत्ति को कुर्क किया था। एसओ राधेश्याम का कहना है कि गैंगसटर के आरोपी के खिलाफ कुर्की की कार्रवाई की गयी है।

# अलग अलग मार्ग दुर्घटना में युवकों की मौत पर अज्ञात चालकों के खिलाफ केस दर्ज

**प्रतापगढ़।** दो अलग अलग मार्ग दुर्घटनाओं में हुई मौत को लेकर कोतवाली पुलिस ने अज्ञात चालकों के खिलाफ गैरइरादतन हत्या का मुकदमा दर्ज किया है। लीलापुर थाना के सगरा सुंदरपुर बाजार निवासी निहार रंजन विश्वास ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि अठारह जून की रात करीब साढे दस बजे उसका भाई अडतीस वर्षीय निशित रंजन विश्वास बाइक से लालगंज से घर आ रहा था। लालगंज कस्बे में रोडवेज बस स्टाप के समीप अज्ञात कार चालक ने जोरदार टक्कर मार दिया। जिससे निशित रंजन की मौत हो गयी। वही दूसरी घटना में मान्धाता थाना के हरखपुर निवासी सुभाष सिंह ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि सोलह जून की रात करीब एक बजे उनका दामाद नीरज सिंह 33 निवासी गोड़वा पूरे खाकी सांगीपुर बाइक से एक रिश्तेदारी से घर लौट रहा था। रायपुर तियाई के पास अज्ञात बाइक की टक्कर से गंभीर रूप से घायल हो गया। गंभीर चोट लगने से अस्पताल में चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मार्ग दुर्घटना को लेकर पुलिस ने अज्ञात कार चालक व बाइक चालक के खिलाफ शुक्रवार की शाम गैरइरादतन हत्या का मुकदमा दर्ज किया है।

# योग दिवस पर जगह-जगह हुआ योगाभ्यास



जिला संवाददाता (vol)



**प्रतापगढ़।** अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस पर लालगंज तहसील क्षेत्र में विभिन्न संस्थानों व कार्यालयों पर योगाभ्यास को लेकर लोगों में उत्साह दिखा। उधर राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी ने अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस पर लखनऊ स्थित आवास पर योगाभ्यास कर योग के जरिए शरीर को निरोगी रखने का संदेश भी दिया। नगर के सरस्वती विद्या मंदिर इण्टर कालेज में योगाचार्य जयप्रकाश पाण्डेय ने विभिन्न आसन, प्राणायाम का अभ्यास कराया। पजंजलि योग समिति के संयोजन मे आयोजित कार्यक्रम में यहां एसडीएम शैलेन्द्र वर्मा, आचार्य रामअवधेश मिश्र, प्रधानाचार्य उमाशंकर मिश्र, प्रदोष नारायण सिंह, केशवराम ओझा, बृजेंद्र पाण्डेय मंटू आदि ने योगाभ्यास किया। वही नगर पंचायत सभागार में नगर पंचायत अध्यक्ष अनीता द्विवेदी प्रतिनिधि संतोष द्विवेदी ने सभासदों व कर्मचारियों को योग के जरिए निरोगी जीवन का संकल्प दिलाया। यहां अनिकेत दुबे, विकास तिवारी, रोहित मिश्र, अरविंद मिश्र आदि मौजूद रहे। इसके साथ ही ब्लाक सभागार अझारा स्थित भागवतदत्त महाविद्यालय, पं. नागेशदत्त पब्लिक स्कूल में प्रकाशचंद्र मिश्र के संयोजन में योगाभ्यास हुआ। प्रधानाचार्य एसएन त्रिपाठी, कमलेश विश्वकर्मा आदि मौजूद रहे।

# क्षेत्र में विकास योजनाओं को जनता तक पहुंचाना सर्वोच्च प्राथमिकता : प्रमोद तिवारी

**प्रतापगढ़।** राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी ने शनिवार को लालगंज स्थित विधायक आराधना मिश्रा मोना के कैम्प कार्यालय पर जनसमस्याओं की सुनवाई की। उन्होने एक एक कर फरियादियों की समस्याएं सुनीं और निस्तारण के लिए सम्बन्धित अधिकारियों से वार्ता किया। उन्होनें कार्यकताओं से भी मुलाकात कर रामपुरखास विधानसभा क्षेत्र में विभिन्न संचालित विकास योजनाओं पर नजर रखने को कहा।

राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी ने कहा कि क्षेत्र में बिजली पानी सड़क के साथ ही शिक्षा व स्वास्थ्य समेत जनता से जुडी हर योजनाओं को लोगों तक पहुंचाया जाएगा। उन्होने कहा कि कार्यकताओं की जिम्मेदारी है कि विकास योजनाओं के बारे में जनता को जागरूक करें और उसका लाभ लोगों को दिलवाने में हर संभव सहयोग करें। उन्होने कार्यकताओं से प्रदेश व केन्द्र की भाजपा सरकार की नाकामी को भी जनता तक पहुंचाने की बात कही। इससे पहले सांसद प्रमोद तिवारी सांगीपुर में प्रख्यात लोकगायक शिवलाल प्रेमी के निधन पर उनके परिजनो से मिलकर संवेदना जतायी। वह अमावां पूरे छेमी में पत्रकार स्व0 शैलेन्द्र द्विवेदी के आवास पर पहुंचे और परिवार के लोगों से मिलकर सुख व दुख में सदैव साथ रहने की बात कही। इसके पश्चात लालगंज में अमरनाथ सोनी, डा0 रमाशंकर गौतम, कल्लू अग्रहरि व फूलचंद्र कौशल के परिवार में हुई आकस्मिक मौत पर लोगों के प्रति अपनी संवेदना अर्पित किया। इस मौके पर सांसद प्रतिनिधि भगवती प्रसाद तिवारी, ब्लाक प्रमुख इं. अमित प्रताप सिंह पंकज, चेयरपर्सन प्रतिनिधि संतोष द्विवेदी, आशीष उपाध्याय, छोटे लाल सरोज, केडी मिश्र, प्रधान प्रमोद सरोज, पप्पू तिवारी आदि मौजूद रहे।

# एसपी ने पुलिसकर्मियों के साथ रिजर्व पुलिस लाइन में किया योगाभ्यास

**बलरामपुर।** 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 2025 के अवसर पर पुलिस अधीक्षक विकास कुमार व अपर पुलिस अधीक्षक विशाल पाडेय द्वारा रिजर्व पुलिस लाइन में पुलिसकर्मियों के साथ किया गया योगाभ्यास। योगाचार्य डॉ वीरेंद्र विक्रम सिंह द्वारा विभिन्न योगासन यथा अनुलोम- विलोम, कपाल-भांति तथा सूर्य नमस्कार आदि कराया गया तथा योग प्रशिक्षक द्वारा बताया गया कि शारीरिक व मानसिक रूप से फिट रखने के लिए दैनिक जीवन में योगाभ्यास अति महत्वपूर्ण है और योग द्वारा न सिर्फ बीमारियों का उपचार किया जाता है, बल्कि इसे अपनाकर कई शारीरिक और मानसिक कमियों/बीमारियों को भी दूर किया जा सकता है। तत्पश्चात पुलिस अधीक्षक द्वारा योगाभ्यास में उपस्थित समस्त पुलिसकर्मियों को स्वस्थ रहने के लिए नियमित रूप से योग को जीवन में अपनाना जरूरी बताया गया और इसे दैनिक अभ्यास करने हेतु मार्गदर्शित किया गया। महोदय द्वारा यह भी बताया गया कि तन और मन दोनों को सेहतमंद बनाए रखने के लिए नियमित रूप से दिनचर्या में योगासनों को शामिल करके लाभ प्राप्त किया जा सकता है। इस महत्वपूर्ण मौके पर क्षेत्राधिकारी नगर श्रीमती ज्योति श्री, क्षेत्राधिकारी यातायात डी0के0 श्रीवास्तव, क्षेत्राधिकारी ललिया/लाइन्स डॉ जितेन्द्र कुमार, व प्रतिसार निरीक्षक बिहारी सिंह यादव सहित समस्त पुलिस अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# 179 में 18 शिकायतों का निस्तारण

**प्रतापगढ़।** समाधान दिवस पर शनिवार को शिकायतकताओं की लम्बी कतार दिखी। एडीएम आदित्य प्रजापति व एएसपी पश्चिमी संजय राय ने संयुक्त रूप से शिकायतों की सुनवाई की। कुल एक सौ नवासी शिकायतों में से अफसरों ने मौके पर अठारह शिकायतों का निस्तारण कराया। सर्वाधिक शिकायतें राजस्व विभाग से जुडी एक सौ छब्बीस, पुलिस चौबीस रही। अधिकतर शिकायतें जमीन विवाद से जुडी रहीं। एडीएम ने जमीन विवाद से जुड़ी कई शिकायतों में प्रभावी कार्रवाई न देख मातहतो को फटकार लगायी। वही एएसपी पश्चिमी संजय राय ने पुलिस से जुडी शिकायतो के निस्तारण में पारदर्शिता से कार्य करने के कड़े निर्देश दिये। समाधान दिवस पर एसडीएम शैलेन्द्र वर्मा, सीओ रामसूरत सोनकर, तहसीलदार गरिमा वर्मा ने भी शिकायतों पर सुनवाई की। इस मौके पर नायब तहसीलदार पंकज कुमार, पूर्ति निरीक्षक अमित शुक्ल, अनिकेत दुबे आदि मौजूद रहे।

## जिला शिक्षा व प्रशिक्षण संस्थान बांसी में योग दिवस संपन्न

**बांसी, सिद्धार्थनगर।** को जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान बांसी जनपद सिद्धार्थनगर में प्राचार्य /उप शिक्षा निदेशक उमेश कुमार त्रिपाठी के कुशल मार्गदर्शन एवं वरिष्ठ प्रवक्ता लालजी पाण्डेय के नेतृत्व में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम सकुशल संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम की प्रभारी प्रवक्ता मंजुला यादव ने योग को अपने जीवन में नियमित रूप से करने का संकल्प दिलाया। योग कार्यक्रम के दौरान लालजी पाण्डेय ने योग के महत्व को समझाते हुए बताया कि यदि हम प्रतिदिन योग अभ्यास करते हैं तो हमारा मन और शरीर दोनों स्वस्थ रहता है आज पूरी दुनिया योग के महत्व को समझ कर अपने दैनिक कार्यक्रमों में योग को स्थान दे रहा है आतः हम लोगों को योगाभ्यास करते हुए लोगों को योग के महत्व के बारे में बताना चाहिए।

# परिषदीय विद्यालयों में आयोजित हुआ योगाभ्यास

जिला संवाददाता (vol)

**बलरामपुर।** 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर देश के प्रधानमंत्री के 'योगा फॉर वन अर्थ, वन हेल्थ' के आह्वान एवं प्रदेश के मुख्यमंत्री के मार्गदर्शन में जनपद में जनपद स्तर, तहसील स्तर एवं विकासखंड स्तर पर सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रम का आयोजन हुआ, योगाभ्यास में बड़ी संख्या में जनमानस की भागीदारी रहीं। जनपद स्तर पर प्रमुख सचिव खादी एवं ग्रामोद्योग, हथकरघा एवं वस्त्रोद्योग एवं सार्वजनिक उद्यम विभाग, डीएम पवन अग्रवाल, नगर पालिका बलरामपुर अध्यक्ष धीरेन्द्र प्रताप सिंह धीरू, जिलाध्यक्ष रवि मिश्रा की उपस्थिति में सामूहिक योगाभ्यास का आयोजन हुआ। योगाभ्यास के उपरांत अतिथिगण द्वारा छात्रा - छात्राओं को प्रशस्ति पत्र देकर किया





गया सम्मानित किया गया। इस अवसर पर प्रमुख सचिव अनिल कुमार सागर ने कहा कि स्वस्थ जीवन शैली के लिए योग को दैनिक जीवन का अभिन्न अंग बने। नियमित योग से शरीर स्वस्थ रहता है एवं मानसिक एवं भावनात्मक संतुलन भी प्राप्त होता है।

इस अवसर पर डीएम ने कहा कि योग भारतीय संस्कृति की पहचान एवं प्राचीन परंपरा हैं, नियमित योग शरीर रहता है एवं कार्यक्षमता बेहतर होती हैं। इस दौरान अपर डीएम वित्त एवं राजस्व, एडीएम न्यायिक, सीएमओ, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, जिला पंचायत राज अधिकारी, जिला विद्यालय निरीक्षक व अन्य संबंधित अधिकारी / कर्मचारी उपस्थित रहे। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर सभी तहसील कार्यालय व विकास खंड कार्यालय में योगाभ्यास का आयोजन हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में जनमानस द्वारा प्रतिभाग किया गया। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर सभी ग्राम पंचायत, परिषदीय विद्यालय एवं माध्यमिक विद्यालयों में योगाभ्यास कार्यक्रम का आयोजन हुआ।

**मध्यांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड, लखनऊ**

**अल्पकालीन ई-निविदा सूचना संख्या 02/वि.जा.मं. (वि.) प्र./ल./ई-टेन्डर/ 2025-26**

अधोहस्ताक्षरी द्वारा निम्नलिखित कार्यों हेतु निविदा अनुभवी फर्म/ठेकेदारों से ई-टेण्डरिंग पोर्टल http://etender.up.nic.in के माध्यम से ऑन लाईन आमंत्रित की जाती है।

1. 04/वि.जा.मं. (वि.) प्र./ल./ई-निविदा/2025-26-विभागीय पोल निर्माण इकाई सरोजनी नगर लखनऊ पर कुल 7,000 बोरी 43 ग्रेड ओ.पी.सी. सीमेन्ट की आपूर्ति का कार्य। कार्यावधि : 03 माह, निविदा प्रपत्र का मूल्य (रु.)(जी.एस.टी. सहित)-3,540.00, धरोहर धनराशि (रु.)-49,000.00, निविदा अपलोड करने की अन्तिम तिथि एवं समय-07.07.2025 (सांय 5.00 बजे तक), निविदा खोले जाने की तिथि-08.07.2025 (दोपहर 03.00 बजे तक)।

2. 05/वि.जा.मं. (वि.) प्र./ल०/ ई-निविदा/2025-26 33 के.वी. उपकेन्द्र डलमऊ जिला रायबरेली चौधरी चरण सिंह डलमऊ पम्प 'ए' का 33/3.3 के.वी. से 33/11 के.वी. में उच्चीकरण किये जाने हेतु कन्ट्रोल रूम के विस्तारीकरण के जानपदीय कार्य। कार्यावधि -04 माह, निविदा प्रपत्र का मूल्य (रु.) (जी.एस.टी. सहित)-3,540.00, धरोहर धनराशि (रु.)-27,500.00, निविदा अपलोड करने की अन्तिम तिथि एवं समय-07.07.2025 (सांय 5.00 बजे तक), निविदा खोले जाने की तिथि-08.07.2025 (दोपहर 03.00 बजे तक)।

निविदा प्रपत्र क्रय करने का मूल्य जो "Executive Engineer, Electricity Civil Division (Distribution) Gomti Nagar, Lucknow" के सेन्ट्रल बैक ऑफ इण्डिया, आलमबाग लखनऊ के A/c No. 1277785019 एवं IFSC Code CBIN0280140 में RTGS/NEFT के माध्यम से सीधे खाते में जमा किया जायेगा एवं धरोहर धनराशि केवल E-Bank Guarantee के रुप में ही मान्य होगी, जो कि "Executive Engineer, Electricity Civil Division (Distribution ) Gomti Nagar, Lucknow" (PAN Number - AAECM0108J) के नाम पर बंधक होगी एवं अपलोड की जायेगी तथां निविदा का विवरण एवं Pre- Qualification Condition ई-टेण्डरिंग पोर्टल http://etender.up.nic.in साइट पर देखा जा सकता है।

**अधीक्षण अभियन्ता-विद्युत जानपद मण्डल (वितरण)-प्रथम**
**4/94, इन्द्रलोक हाइडिल कालोनी कृष्णा नगर, लखनऊ**
**"राष्ट्रहित में बिजली बचायें" (पत्रांक : 350, दिनांक : 21.06.2025)**

संक्षेप

## सफारी में योग दिवस मना

इटावा। 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर इटावा सफारी पार्क में भारतीय योग संस्थान, दिल्ली, इकाई के संयुक्त तत्वाधान में निदेशक सफारी पार्क की अध्यक्षता में योग दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर सफारी पार्क के निदेशक डा. अनिल कुमार पटेल ने अधिक से अधिक लोगों को योग करने के लिए प्रेरित किया। भारतीय योग संस्थान, दिल्ली, इकाई के योगाचार्य डा. श्रीकांत वर्मा ने सफारी पार्क के समस्त कार्मिकों को योग से होने वाले लाभों से परिचित कराया गया। इस अवसर पर इटावा सफारी पार्क के वृहद प्रचार प्रसार हेतु भारतीय याग संस्थान से जुड़े समस्त महानुभावों से अनुरोध किया गया।

## दो महिलाओं ने पिया जहर, हालात गम्भीर

इकदिल, इटावा। थाना क्षेत्र में गृहक्लेश से तंग आकर दो महिला ने जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया। गांव रीतौर के रहने वाले शनि की 30 वर्षीय पत्नी ग्वालिन ने शुक्रवार देर रात में गृह क्लेश से तंग आकर चूहा मारने वाली दवा का सेवन कर लिया और गांव चांदनपुर के रहने वाले श्री किशन की 45 साल की पत्नी शीला ने शनिवार दोपहर बाद गृहक्लेश से तंग आकर जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया। हालात बिगड़ते देख परिजन लोग उन्हें जिला अस्पताल ले गये।

## करंट से गौवंश की मौत

जसवंतनगर, इटावा। नगर के राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित बस स्टैंड चैराहे पर विजली पोल में करंट आने से एक गोवंश की मौत हो गई। यह घटना 20 जून की बताई जा रही है। मामले को गंभीरता से लेते हुए अधिवक्ता मणिशंकर गुप्ता ने एसडीएम को एक प्रार्थना पत्र सौंपकर खुले तारों की समस्या से अवगत कराया है।

**हरि चन्द्रा महाविद्यालय**
**हंडेला, गोला रोड, अलीगंज लखीमपुर खीरी**
**सम्बद्ध- लखनऊ विश्वविद्यालय लखनऊ**

**आवश्यकता है**

महाविद्यालय में स्नातक स्तर पर कला संकाय विषयों में एक-एक पद के लिए चित्रकला, अंग्रेजी, समाजशास्त्र, अर्थशास्त्र एवं विज्ञान वर्ग के लिए, जन्तु विज्ञान, वनस्पति विज्ञान, भौतिक विज्ञान के इन सभी विषयों में सहायक आचार्यों की आवश्यकता है। इच्छुक अभ्यर्थी अपना आवेदन पत्र अपने मूल प्रमाण पत्रों की छायाप्रति के साथ डाक द्वारा या स्वयं महाविद्यालय में 10 दिनों के अन्दर जमा कर सकते हैं। शैक्षिक योग्यता एवं वेतनमान- यू.जी.सी. के अनुसार या लखनऊ विश्वविद्यालय के अनुसार वांछनीय है।

**प्रबन्धक**
**पता- हरि चन्द्रा महाविद्यालय**
**हंडेला, गोला रोड,**
**अलीगंज लखीमपुर खीरी**
**मो.- 9452016953,**
**9450175793**

## न्यायालय सूचना

**एच.सी.जे. फार्म नं. 33 पार्ट नं.-7**
**हेतु संदर्षित करने की सूचना (साधारण प्रारूप)**
**न्यायालय श्रीमान उपजिलाधिकारी महोदय**
**सुलतानपुर**
**वाद सं.-टी-202304680406939**
**तारीख पेशी- 24.06.2025**

श्रीमती सुमित्रा

**बनाम**

1. ग्राम सभा द्वारा प्रधान ग्राम सभा पलिया तह. कादीपुर जिला सुलतानपुर।
2. राम आसरे पुत्र रामखेलावन
3. राम पूरन पुत्र राम सुन्दर
4. राम सिद्ध पुत्र सूर्य नरायन
5. राम चरित्र पुत्र सूर्य नरायन
6. श्रीमती राजदेई पत्नी राममूरत
7. सुनीता पत्नी स्व. सुभाष पाण्डेय
8. निन्कू उम्र 14 वर्ष
9. टिन्कू उम्र 12 वर्ष
10. शीतला प्रसाद पुत्र जय नरायन
11. श्रीमती द्रोपदी पत्नी स्व. जय नरायन
12. रामसूरत पुत्र अम्बिका
13. शम्भूनाथ पुत्र सूर्य नरायन
14. राम सहाय पुत्र जय नरायन
15. अयोध्या प्रसाद पुत्र हौसिला प्रसाद
16. शिवप्रसाद पुत्र हौसिला प्रसाद
17. मनोज कुमार पुत्र हौसिला प्रसाद
18. श्रीमती चन्द्रावती पत्नी स्व. हौसिला प्रसाद
19. काली प्रसाद पुत्र रामलौट
20. पवन कुमार पुत्र रामलौट
21. विनोद कुमार पुत्र रामलौट
22. अरून कुमार पुत्र रामलौट
23. श्रीमती राजकुमारी पत्नी स्व. रामलौट
24. लालजी पुत्र हरिनरायन
25. लालमनी पुत्र हरिनरायन
26. वशिष्ठ नरायन पुत्र हरिनरायन

(24–26) नि. ग्राम बेथरा, पर अल्देमऊ, तह कादीपुर, जिला सुलतानपुर

चूंकि उपरिनामांकित ने इस न्यायालय में यह आवेदन किया है अतः एवं आपकी एतद द्वारा चेतावनी दी जाती है कि आप उस आवेदन के खिलाफ करने के लिए दिनांक 24.06.2025 के दिवस को पूर्वान्ह या सम्यक रूपेण अनुदिष्ट अपने अधिवक्ता द्वारा उपसंजात है और ऐसा करने में असफल रहने पर उक्त आवेदन एक पक्षीय रूप सुना जायेगा और आधारित किया जायेगा।

मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा सहित आज दिनांक 20.06.2024 दिवस को निकाली गयी।

**न्यायालय**

# किसी भी छात्र की आर्थिक स्थिति पढ़ाई में बाधा न बने

## युगानुकूल परिवर्तन की वाहक बनें महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद की संस्थाएं : सीएम योगी



**गोरखपुर।** मुख्यमंत्री एवं गोरक्षपीठाधीश्वर योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद की संस्थाओं में पढ़ने वाले किसी भी विद्यार्थी की आर्थिक स्थिति उसकी पढ़ाई में बाधा न बनने पाए, इसे सुनिश्चित करना हर संस्था के प्रमुख का दायित्व है। आर्थिक रूप से कमजोर छात्रों का सहयोग कर उन्हें आगे बढ़ाने में कोई कोर कसर नहीं रहनी चाहिए। सीएम योगी शनिवार शाम गोरखनाथ मंदिर के सभाकक्ष में महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद (एमपीएसपी) की सभी संस्थाओं के प्रमुखों के साथ संस्थाओं की गतिविधियों और भावी कार्ययोजना की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने परिषद की सभी संस्थाओं के प्रमुखों का आह्वान किया कि वे अपनी दायित्व वाली संस्थाओं को समाज और राष्ट्र हित में युगानुकूल परिवर्तन का वाहक बनाएं। सीएम योगी ने कहा कि जैसे जीवन सिर्फ औपचारिकता नहीं है, उसी तरह कोई संस्था भी औपचारिकता मात्र नहीं है। हर संस्था का एक सुस्पष्ट ध्येय होना चाहिए। हर संस्थाध्यक्ष का दायित्व है कि अपनी टीम के साथ पूरे मनोयोग से और लीक से हटकर कार्य करें। लकीर का फकीर बनने की बजाय हर संस्था सामूहिक प्रयास से स्वस्थ प्रतिस्पर्धा, अनुशासन, समय पालन और नवाचार करते हुए खुद की एक बुलंद पहचान बनाए। बैठक में उन्होंने परिषद की हर संस्था के लिए उत्कृष्ट परिसर संस्कृति पर विशेष जोर दिया। उन्होंने कहा कि महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद सिर्फ स्कूल, कॉलेज, विश्वविद्यालय या अस्पताल खोलने वाली संस्था नहीं है। बल्कि इसका ध्येय शिक्षा, स्वास्थ्य व अन्य सेवाओं के माध्यम से समाज तथा राष्ट्र के सामाजिक विकास में योगदान देना है। इस परिषद की नींव ही इसी भावना के साथ राष्ट्रीयता की भावना का पोषण करने के लिए, राष्ट्र हित में सुयोग्य नागरिक तैयार करने के लिए रखी गई। परिस्थितियां अनुकूल रही हों, या प्रतिकूल, परिषद इस समग्र लक्ष्य से कभी भी विचलित नहीं हुई।

मुख्यमंत्री ने कहा कि महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद की संस्थाओं में अनुशासित परिसर संस्कृति को सदैव प्राथमिकता पर रखा है। परिसर में अनुशासन की भावना के साथ, स्वच्छता, हरियाली और सबका सबके प्रति सद्भाव रहे, इसका नियमित पर्यवेक्षण करना सभी संस्थाध्यक्षों की जिम्मेदारी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि संस्था में समय का पालन और अनुशासन सुनिश्चित करने के लिए संस्थाध्यक्ष पहले इसे खुद पर लागू करें। ऐसा होने पर दूसरे लोगों पर यह स्वतः स्फूर्त लागू होने लगता है। उन्होंने सभी संस्थाध्यक्षों को विभिन्न प्रभार देने संबंधी कार्यों की नियमित समीक्षा के निर्देश देते हुए कहा कि सभी संबंधित प्रभारी को प्रतिदिन संपूर्ण परिसर का एक चक्कर जरूर लगाना चाहिए ताकि वह अपने प्रभार से संबंधित व्यवस्था सुनिश्चित कर सकें।

बैठक में मुख्यमंत्री ने महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद के शताब्दी वर्ष 2032 को भव्य तथा ऐतिहासिक बनाने के लिए अभी से तैयारी शुरू करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद की स्थापना 1932 में पूर्वी उत्तर प्रदेश में शैक्षिक पुनर्जागरण और राष्ट्रीय मूल्यों के संरक्षण को लेकर की गई थी। यह परिषद अपने संस्थापक युगपुरुष ब्राह्मलीन महंत दिग्विजयनाथ जी महाराज तथा विस्तारक राष्ट्रसंत ब्राह्मलीन महंत अवेद्यनाथ जी महाराज के मूल्यों, आदर्शों को संजोते हुए निरंतर प्रगतिमान है। सात साल बाद यह अपनी यात्रा के शताब्दी वर्ष में होगी। शताब्दी वर्ष तक हमें परिषद की संस्थाओं को एक प्रतिमान के रूप में स्थापित करना है। महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद के वरिष्ठ सदस्य रामजन्म सिंह, शैलेंद्र प्रताप, प्रमथनाथ मिश्र, महायोगी गोरखनाथ विविके कुलपति डॉ. सुरिंदर सिंह, कुलसचिव डॉ. प्रदीप कुमार, दिग्विजयनाथ स्नातकोत्तर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ ओम प्रकाश सिंह, एमपीपीजी कॉलेज जंगल धूसड के डॉ विजय चौधरी, दिग्विजयनाथ एलटी प्रशिक्षण महाविद्यालय के डॉ अजय कुमार पांडेय, गोरक्षनाथ संस्कृत विद्यापीठ के प्राचार्य डॉ. अरविंद कुमार चतुर्वेदी, महाराणा प्रताप कृषक इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य संदीप कुमार, महाराणा प्रताप इंटर कॉलेज सिविल लाइंस के प्रधानाचार्य डॉ. अरुण कुमार सिंह, महाराणा प्रताप बालिका इंटर कॉलेज की राधारानी पांडेय, एमपी पॉलिटेक्निक के अनिल प्रकाश सिंह, एमपी सीनियर सेकेंडरी स्कूल के पंकज कुमार, दुलहिन जगन्नाथ कुंअरि इंटर कॉलेज के रविंद्र कुमार शर्मा, महाराणा प्रताप महिला पीजी कॉलेज की डॉ सीमा श्रीवास्तव, एमपी कन्या इंटर कॉलेज की हर्षिता सिंह, एमपीआईटी के सुधीर अग्रवाल, गुरु गोरखनाथ विद्यापीठ के मनीष कुमार दूबे, दिग्विजयनाथ इंटर कॉलेज के केशव त्रिपाठी, गोरक्षपीठाधीश्वर महंत अवेद्यनाथ महाविद्यालय के डॉ रामपाल यादव, दिग्विजयनाथ इंटर कॉलेज के डॉ हरेंद्र यादव, दिग्विजयनाथ बालिका इंटर कॉलेज की सपना सिंह, आदिशक्ति मां पाटेश्वरी पब्लिक स्कूल के डीपी सिंह, आदिशक्ति मां पाटेश्वरी विद्यापीठ के अशोक कुमार चौहान, प्रताप आश्रम के अभय सिंह, महाराणा प्रताप मीराबाई महिला छात्रावास की डॉ शशिप्रभा सिंह, योगिराज बाबा गंभीरनाथ सेवाश्रम के विनय कुमार सिंह, महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय के तहत गुरु गोरक्षनाथ इंस्टिट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज के डॉ अनुराग श्रीवास्तव, नर्सिंग एवं पैरामेडिकल संकाय की डॉ डीएस अजीथा आदि।

# नारायन कॉलेज में शिक्षकों व छात्रों ने योग दिवस मनाया



**इटावा।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर नारायण कॉलेज ऑफ साइंस एंड आर्ट्स में विशेष कार्यक्रम शिक्षकों और छात्रों ने किया योगासन मैनेजर प्रबल गुप्ता ने बताया स्वस्थ जीवन का महत्व स्थित नारायण कॉलेज ऑफ साइंस एंड आर्ट के कौशल विकास केंद्र में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया इस अवसर पर विद्यालय के छात्रों ने शिक्षकों के साथ विभिन्न योगासन किए कार्यक्रम में सेंटर मैनेजर प्रबल गुप्ता जी ने छात्रों को योग के महत्व से अवगत कराया उन्होंने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का विचार पहली बार भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 27 सितंबर 2014 को संयुक्त राष्ट्र महासभा में अपने भाषण के दौरान प्रस्तावित किया था। उन्होंने कहा था कि योग भारत की प्राचीन परंपरा की अमूल्य देन है यह मन और शरीर की एकता का प्रतीक है अपनी जीवन शैली को बदलकर और चेतना पैदा करके, यह भलाई में मदद कर सकता है हमे अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस को अपनाने की दिशा में काम करना चाहिए। योग एक शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक अभ्यास है जिसकी उत्पत्ति भारत में हुई थी. 21 जून उत्तरी गोलार्ध में वर्ष का सबसे लंबा दिन होता है और दुनिया के कई हिस्सों में एक विशेष महत्व रखता है योग स्वस्थ जीवन का एक प्राकृतिक मार्ग है यह बिना किसी दवा के शरीर को स्वस्थ रखने में मदद करता है उन्होंने कहा कि योग को अपनी दिनचर्या में शामिल करना चाहिए कार्यक्रम में सेंटर मैनेजर प्रबल गुप्ता, निधि तिवारी, अमीषा, अभिनव पुरोहित व अन्य उपस्थित रहे।

## विधायिका की अध्यक्षता में मना योग दिवस

इटावा। ग्यारहवां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन प्रदर्शनी पंडाल में मुख्य अतिथि सदर विधायका सरिता भदौरिया व नोडल अधिकारी भानुचंद्र गोस्वामी आईएएस राहत आयुक्त की अध्यक्षता में प्रदर्शिनी पंडाल में आयोजित किया गया। विधायका ने संबोधित करते हुए कहा कि योग केवल शारीरिक क्रिया ही नहीं बल्कि वह हमारे मन को शांत करता है एवं शरीर को स्वस्थ रखता है, स्वस्थ एवं निरोग रहने के लिए हमें योग अवश्य करना चाहिए। उन्होंने कहा कि आज पूरी दुनिया योग का कार्य कर रही है। हमें योग को नित्य प्रतिदिन करना चाहिए। उन्होंने कहा कि जब मन स्वस्थ होगा तभी हम कार्य कर पाएंगे, योग हमारे देश के प्राण के रूप में प्राचीन काल से चल रहा है, योग से ही हमारा शरीर स्वस्थ एवं स्वस्थ आत्मा बनती है। उन्होंने कहा कि स्वस्थ रहने के लिए हर व्यक्ति को योगाभ्यास अवश्य करना चाहिए। योग हमारी प्राचीन सभ्यता और संस्कृति का हिस्सा है। उन्होंने कहा कि आदिकाल से ऋषि मुनियों ने योग के महत्व को बताने का प्रयास किया था। जब हम इस परंपरा से हटने लगे तो शरीर बीमार पड़ने लगा। उन्होंने प्रधानमंत्री की प्रशंसा करते हुए बताया कि उनके द्वारा आज ग्यारहवां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि देश को अग्रणी रखना है, समाज को स्वस्थ रखना है तो प्राचीन परंपरा योग की तरफ जाना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि जब समाज स्वस्थ होगा तभी देश मजबूत होगा, मजबूत सामाज एक मजबूत राष्ट्र का निर्माण कर सकता है। योग की महत्ता बताते हुए उन्होंने कहा कि करे योग रहे निरोग यही हमारे जीवन का मूल मंत्र है। स्वस्थ शरीर में स्वस्थ आत्मा का निवास होता है।

## डॉ. अनामिका ने कराया सुरक्षित प्रशव

**इटावा।** जिला अस्पताल व सैफई अस्पताल से रिफर से घबराकर एक मुस्लिम दंपत्ति शिवम हास्पिटल एंड रिसर्च सेंटर कचैरा रोड डलीवरी हेतु तौफीक अपीनी पत्नी हसीना को लेकर पहुंचे जहां डा. अनामिका राजपूत ने बड़ी सूझबूझ से बच्ची का प्रशव कराया। प्रसूता की सकुशल ठीक है जबकि प्रसूता के पेट में तीन बच्चे थे दो बच्चे मरने के बाद डा. अनामिका राजपूत ने तीसरी बच्ची को जन्म व प्रसूता को सही सलामत देखकर पति सहित पूरा परिवार बहुत खुश नजर आया और शिवम हास्पिटल व रिसर्च सेंटर की भूरि भूरि प्रशंसा की।

## बैनामें की जमीन पर कब्जा पाने के लिए दो वर्षों से पीड़ित लगा रहा तहसील का चक्कर

**चौरीचौरा, गोरखपुर।** देवरिया जनपद के गौरी बाजार थाना क्षेत्र के ग्राम सभा विनायक निवासी राधेश्याम गुप्ता पुत्र स्व0 रमाकांत गुप्ता उपजिलाधिकारी चौरीचौरा कुंवर सचिन सिंह को शिकायती प्रार्थना पत्र देकर बैनामे ली गई जमीन पर कब्जा दिलाने की गुहार लगाई है। राधेश्याम गुप्ता ने शिकायती प्रार्थना पत्र के माध्यम से बताया कि झगहा थाना क्षेत्र के ब्रम्हपुर गांव के गाटा संख्या 99 ख रकबा 0-231 हे0 में से मात्र 0-008 हे0 भूमि अपनी माता बालकेशी देवी के नाम बैनामा लिया था। खारिज दाखिल भी हो गया है। लेकिन विक्रेता द्वारा उक्त बैनामाशुदा जमीन पर कब्जा नहीं करने दिया जा रहा है। वल्कि विक्रेता द्वारा दबंगों से उक्त भूमि पर कब्जा कराया जा रहा है। विक्रेता द्वारा किए गए इस कृत्य से मेरी माता हार्ट की मरीज हो गई है। और काफी सोच में पड़ी हुई हैं। कभी भी कोई अनहोनी हो सकती है। उन्होंने कहा कि कब्जा दिलाने के लिए दो वर्ष से चौरीचौरा तहसील का चक्कर लगा रहा हूं। उनका आरोप है कि इसके पहले भी कई बार इस संबंध में तहसील से लगायत उच्च अधिकारियों तक शिकायत कर चुका हूं। कोई कार्रवाई नहीं की गई।

## अमृत सरोवर पर ब्लॉक प्रमुख ने किया योगाभ्यास

इससे पूर्व विकास खण्ड चरगांवा के जंगल धूषण के बेतालगढ़ टोले स्थित पंचायत भवन के समीप बने अमृत सरोवर परिसर में ब्लॉक प्रमुख चरगांवा श्रीमती वंदना सिंह द्वारा अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में प्रतिभाग कर योग किया गया। जंगल धूषण अमृत सरोवर परिसर में योग दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में ब्लॉक प्रमुख श्रीमती वंदना सिंह सहित ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि रणविजय सिंह मुन्ना, खण्ड विकास अधिकारी सत्य प्रकाश सिंह, ग्राम विकास अधिकारी/ ग्राम पंचायत सचिव वकील कुमार व क्षेत्र पंचायत सदस्य शम्भू निषाद, ग्राम पंचायत सदस्य श्रीमती सीमा रविन्द्र निषाद भगत, मोदी आदि मौजूद रहे।

# योग आत्मा को परमात्मा से जोड़ने का एक मार्ग है : एसके शर्मा



- **शिक्षकों विद्याथीर्यों द्वारा मजीठिया मैदान पर किया गया भव्य सामूहिक योगाभ्यास**

**चौरीचौरा, गोरखपुर।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर आर पी वेलफेयर ट्रस्ट के तत्वाधान में एल.पी.के. इंटर कॉलेज, बसडीला के शिक्षकों और विद्यार्थियों एवं क्षेत्र के तमाम लोगों ने चौरीचौरा क्षेत्र के मजीठिया मैदान पर भव्य सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। कार्यक्रम में विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. दिनेश मणि त्रिपाठी, प्रबंधक सरदार सुखदेव सिंह मजीठिया, समस्त शिक्षकों कर्मचारियों, छात्रों तथा क्षेत्र के संभ्रांत लोगों ने, उत्साह पूर्वक योगाभ्यास किया। कार्यक्रम का संचालन अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रसिद्ध योग प्रशिक्षिका चिना अरोड़ा ने किया। उन्होंने सभी को विविध आसनों, प्राणायाम और ध्यान के अभ्यास कराए और उनके वैज्ञानिक तथा आध्यात्मिक लाभों पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए एस के शर्मा ने कहा कि योग आत्मा को परमात्मा से जोड़ने का एक मार्ग है। यह न केवल शारीरिक स्वास्थ्य का साधन है, बल्कि मानसिक एकाग्रता भावात्मक स्थिरता और आत्मिक जागरण का माध्यम भी है। प्रधानाचार्य डाक्टर दिनेश मणि त्रिपाठी ने भी कहा कि नियमित योगाभ्यास व्यक्ति को संयम अनुशासन और आत्मबल प्रदान करता है। यह हमारी प्राचीन संस्कृति का धरोहर है। कार्यक्रम के दौरान जाने माने कलाकारों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। जो बड़ा ही सराहनीय रहा।

# विधायक और भाजपा अध्यक्ष ने योग दिवस आयोजित किया




**इटावा।** 21 जून को भारत समेत दुनिया भर में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पूरे उत्साह और समर्पण के साथ मनाया जा रहा है। भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष अरुण कुमार अन्नू गुप्ता के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी ने इटावा क्लब में योग शिविर का आयोजन किया। योग शिविर में सदर विधायक सरिता भदौरिया, जिलाध्यक्ष अन्नू गुप्ता, पूर्व सांसद रघुराज शाक्य, प्रेमदास कठेरिया, निवर्तमान जिलाध्यक्ष संजीव राजपूत, पूर्व जिलाध्यक्ष डॉ. रमाकांत शर्मा ने पार्टी पदाधिकारियों के संग योगाभ्यास किया। योग शिविर को सम्बोधित करते हुए सदर विधायक सरिता भदौरिया ने कहा कि हर साल 21 जून को इंटरनेशनल योग दिवस मनाया जाता है। 27 सितंबर 2014 को पीएम नरेन्द्र मोदी ने अपने संबोधन के दौरान 21 जून को विश्व भर में योग दिवस मनाने का प्रस्ताव रखा था। इसके बाद 11 दिसंबर 2014 को संयुक्त राष्ट्र महासभा के 193 सदस्यों और 173 सह-प्रायोजक देशों ने सर्वसम्मति से संयुक्त राष्ट्र के उस प्रस्ताव को मंजूरी दे दी जिसमें 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के रूप में मनाने का प्रस्ताव पारित किया गया। योग शिविर को सम्बोधित करते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष अन्नू गुप्ता ने कहा कि यह दिन योग के अभ्यास के लाभों के बारे में जागरूकता बढ़ाने और शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक कल्याण को बढ़ावा देने के लिए मनाया जाता है। साल 2015 से, अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस योग और स्वास्थ्य से संबंधित विभिन्न गतिविधियों और कार्यक्रमों के माध्यम से दुनिया भर में मनाया जाता है। इस दिन 45 मिनट तक सभी एक साथ योग करते हैं। इस दिन पूरे देश में अलग-अलग तरह की एक्टिविटीज कराई जाती हैं ताकि योग के महत्व को समझा जा सके और इसे बढ़ावा मिले। योग शिविर में जिलामहामंत्री शिवाकांत चैधरी, जिलाउपाध्यक्ष शिवकिशोर धनगर, वरिष्ठ नेता रामशरण गुप्ता, जिलामंत्री जितेंद्र गौड़, डॉ. ज्योति वर्मा, कोषाध्यक्ष संजीव भदौरिया, विनीता गुप्ता, जिला मीडिया प्रभारी रोहित शाक्य, सतेंद्र राजपूत, समीर सक्सेना, शरद तिवारी, नीतू नारायण, प्रमिला पालीवाल, मंडल अध्यक्ष अनुग्रह सेंगर, विवेक गुप्ता, पंकज कुशवाहा, सहित जिला व मंडल पदाधिकारियों ने सहभागिता की।

## सरकार ने 16 हजार से अधिक अमृत सरोवर बनाये, गोरखपुर में बने सर्वाधिक 735

**गोरखपुर।** उत्तर प्रदेश सरकार ने जल संकट से निपटने और जल स्रोतों को पुनर्जीवित करने के उद्देश्य से राज्य में 16,000 से अधिक अमृत सरोवरों का निर्माण किया है। यह कार्य मिशन अमृत सरोवर योजना के तहत किया जा रहा है जिससे न केवल पानी की उपलब्धता बढ़ायी जा रही है बल्कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था को भी मजबूती दी जा रही है। इस अभियान में गोरखपुर जिला सबसे आगे है, जहां 735 अमृत सरोवरों का निर्माण किया गया है। इसके अनुसार महराजगंज में 600 से अधिक तथा प्रयागराज में 523 अमृत सरोवर बनाकर जल संरक्षण को बढ़ावा दिया गया है। आजमगढ़ और बाराबंकी भी इस पहल में प्रथम पांच जिलों में शामिल हैं। सरकार ने जलाशयों के विकास में समुदायों की भागीदारी सुनिश्चित की है। इसके अनुसार गांववासियों, पंचायतों और स्थानीय संगठनों की मदद से यह पहल जमीनी स्तर पर उतरी है। इसके अनुसार इससे जल संरक्षण का यह अभियान एक सामाजिक आंदोलन का रूप ले सकेगा। जल संरक्षण की इस योजना ने ग्रामीण युवाओं और महिलाओं को भी रोजगार उपलब्ध कराया। तालाबों की खुदाई, सौंदर्यीकरण और रखरखाव में महिलाओं ने सक्रिय भूमिका निभायी तथा यह अभियान केवल जल प्रबंधन नहीं बल्कि आजीविका का साधन भी बना। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की स्पष्ट नीति और दृढ़ संकल्प के चलते जल संरक्षण को लेकर प्रदेश ने एक नयी पहचान बनायी है।

## योग ज्ञान के साथ साथ विज्ञान भी है : सरवन निषाद

**चौरीचौरा, गोरखपुर।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर चौरीचौरा तहसील क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर शनिवार को बड़े ही उत्साह के साथ अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। विधायक सरवन निषाद के नेतृत्व में शहीद स्मारक पर लोगों ने योगाभ्यास कर योग का संदेश दिया। ग्यारहवें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर शनिवार को चौरीचौरा शहीद स्मारक पर पहुंचे, विधायक ई0 सरवन निषाद ने दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधानसभा चौरीचौरा विधायक ई0 सरवन निषाद ने कहा कि योग ज्ञान के साथ साथ विज्ञान भी है। उन्होंने कहा कि स्वस्थ काया के लिए योग परमावश्यक है। उन्होंने कहा कि योग के विस्तार लोगों की धारणाओं में बदलाव हुआ है।

**मनोहर लाल गीता देवी महाविद्यालय**
**कोरैया पुरवा - रवहीं, लखीमपुर खीरी**
**(सम्बद्धता-लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ)**

**आवश्यकता है**

स्नातक स्तर पर विज्ञान संकाय में सहायक आचार्य हेतु-
**1.** जन्तु विज्ञान- पाँच पद, **2.** वनस्पति विज्ञान- पाँच पद, **3.** रसायन विज्ञान- पाँच पद, **4.** भौतिक विज्ञान- पाँच पद, **5.** गणित- पाँच पद
स्नातक स्तर पर कला संकाय में सहायक आचार्य हेतु-
**1.** हिन्दी- दो पद **2.** भूगोल- दो पद
**योग्यता एवं वेतनमान-** यू.जी.सी. एवं विश्वविद्यालय के मानकानुसार।
**नोटः** इच्छुक अभ्यर्थी अपने आवेदन महाविद्यालय में पंजीकृत डाक अथवा सीधे महाविद्यालय में विज्ञापन प्रकाशन की तिथि से 10 दिनों के अन्दर भेज सकते हैं।

**प्रबन्धक**
**डा. घनश्याम लाल**
**7499792149**

# एक्सप्रेस कनेक्टिविटी होते ही दक्षिणांचल में औद्योगिक भूखंड के आवंटन की तैयारी

जिला संवाददाता (vol)

**गोरखपुर।** गोरखपुर लिंक एक्सप्रेस की शानदार कनेक्टिविटी होते ही गोरखपुर औद्योगिक विकास प्राधिकरण ने ग्रेटर गीडा के रूप में विकसित होने वाले धुरियापार इंडस्ट्रियल टाउनशिप में औद्योगिक भूखंडों के आवंटन की तैयारी तेज कर दी है। इस बीच 17 जून को शासन ने धुरियापार इंडस्ट्रियल टाउनशिप के मास्टर प्लान को अनुमोदित कर दिया है। भूखंड आवंटन की प्रक्रिया सप्ताह भीतर शुरू होने की उम्मीद है।

बीते आठ साल में योगी सरकार की इन्वेस्टर्स फ्रेंडली नीतियों, प्रोत्साहन और लगातार सुदृढ़ हुई रोड कनेक्टिविटी से गोरखपुर निवेशकों को खासा पसंद आया है। इसे देखते हुए गीडा ने अपने पूर्व नियोजित औद्योगिक क्षेत्र में लगातार भूखंडों के आवंटन का सिलसिला जारी रखा। साथ ही मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर गोरखपुर के दक्षिणांचल के धुरियापार में एक नई इंडस्ट्रियल टाउनशिप बनाने की कार्ययोजना तैयार की। इस कार्ययोजना के तहत फिलहाल धुरियापार क्षेत्र के 17 गांवों को भूमि अधिग्रहण के लिए अधिसूचित किया गया। वर्तमान में भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया जारी है और अब तक 600 एकड़ से अधिक जमीन अधिग्रहित की जा चुकी है। अधिग्रहण पूर्ण होने पर यह इंडस्ट्रियल टाउनशिप पूर्वांचल के सबसे बड़े इंडस्ट्रियल लैंड बैंक वाला औद्योगिक क्षेत्र बन जाएगा। माना जा रहा है जिले का जो क्षेत्र पिछड़ा था, अब वह धुरियापार इंडस्ट्रियल टाउनशिप के जरिये विकास की नई गाथा लिखेगा। गोरखपुर लिंक एक्सप्रेस इस इंडस्ट्रियल टाउनशिप के लिए गेम चेंजर साबित होने जा रहा है। एक्सप्रेस कनेक्टिविटी के नजदीक होने के चलते इंडस्ट्रियल टाउनशिप निवेशकों को तेजी से आकर्षित कर रहा है। अडानी समूह ने यहां एसीसी ब्रांड की सीमेंट फैक्ट्री की यूनिट लगाने के लिए जमीन देखी है। श्री सीमेंट और केयान डिस्टिलरी ने भी नया प्लांट लगाने के लिए जमीन की मांग की है। इसके अलावा कई अन्य औद्योगिक समूह यहां निवेश में रुचि दिखाई है। यही नहीं सरकार इस टाउनशिप में एक इलेक्ट्रॉनिक मैन्युफैक्चरिंग कलस्टर भी बनाने की तैयारी कर रही है। गीडा की मुख्य कार्यपालक अधिकारी अनुज मलिक बताती हैं कि शासन ने धुरियापार इंडस्ट्रियल टाउनशिप का मास्टर प्लान अनुमोदित कर दिया है।

**कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता विद्युत वितरण मण्डल**
**मध्यांचल विद्युत वितरण निगम लि.**
**सुदामापुरी, सीतापुर**

**मध्यांचल विद्युत वितरण निगम लि0,**
**अधीक्षण अभियन्ता, विद्युत वितरण मण्डल, सीतापुर**
**अल्पकालीन ई - निविदा सूचना दिनांक 23.06.2025**

**निविदा संख्या एवं कार्य का संक्षिप्त विवरण**

1- अल्पकालीन निविदा संख्या 51 / विविमंसी / 2025-26 विद्युत वितरण खण्ड - प्रथम, सीतापुर के कार्यक्षेत्र में पूर्ण जमा योजना के अन्तर्गत सेमी टर्नकी आधार पर श्री शैलेन्द्र सिंह, लक्ष्मणपुर बिजौरा में 11 केवी लाइन शिफ्टिंग का कार्य। धरोहर धनराशि रू. 2.500.00 मात्र। निविदा शुल्क रु. 1180.00 मात्र।

2- अल्पकालीन निविदा संख्या 52 / विविमंसी/2025-26 विद्युत वितरण खण्ड - द्वितीय, सीतापुर के कार्यक्षेत्र में सेमी टर्नकी आधार पर पूर्ण जमा योजना के अन्तर्गत मै. अक्षयपात्र उद्योग प्रा. लि., सीतापुर के संयोजन सम्बन्धी कार्य, मै. शान्ती नगर कालोनी, खैराबाद, सीतापुर मे परिवर्तक की क्षमतावृद्धि का कार्य मै. हाइड्रीफाइड ग्लोबल प्रा०लि०, मछरेहटा, प्रोजेक्ट मैनेजर यूनिट06, कान्सट्रक्शन एण्ड डिजाइन सर्विसेज यू०पी० जलनिगम लि0, खैराबाद एवं यू०पी० प्रोजेक्टस कारपोरेशन लि., नीमसार के संयोजन सम्बन्धी कार्य।
धरोहर धनराशि रू. 06,000.00 मात्र। निविदा शुल्क रु. 1180.00 मात्र।

3- अल्पकालीन निविदा संख्या 53 / विविमंसी/2025-26 विद्युत वितरण खण्ड - द्वितीय, सीतापुर के कार्यक्षेत्र में सेमीटर्नकी आधार पर बिजनेस प्लान वर्ष 2024-25 के अन्तर्गत 33/11 केवी विद्युत उपकेन्द्र - नैपालपुर में रेलवे लाइन आनन्द नगर में भूमिगत केबिल डालने का कार्य, 33/11 केवी विद्युत नीमसार नया के अन्तर्गत विभिन्न स्थानों के क्षतिग्रस्त एल.टी. लाइन के केबिल बदलने का कार्य तथा खैराबाद के 11 केवी बी.सी.एम. एवं तुर्कपट्टी फीडर के विभक्तीकरण का कार्य।
धरोहर धनराशि रू. 7,000.00 मात्र। निविदा शुल्क रु. 1180.00 मात्र।

4- अल्पकालीन निविदा संख्या 54/विविमंसी/2025-26 विद्युत परीक्षण खण्ड, सीतापुर के कार्यक्षेत्र में विद्युत वितरण खण्ड-बिसवाँ, सीतापुर के कार्यक्षेत्र में उपभोक्ता परिसर पर स्थापित आई.डी.एफ./खराब मीटरों/1912 पर प्राप्त शिकायतों पर खराब मीटरों से बदलने का कार्य तथा सिलिंग प्रमाण पत्र भरने का कार्य एवं जहाँ मीटर क्रियाशील है, उनकी एस.आई.आर. रिपार्ट तैयार करने का कार्य। धरोहर धनराशि रू. 7,500.00 मात्र। निविदा शुल्क रु. 1180.00 मात्र।

5- अल्पकालीन निविदा संख्या 55/विविमंसी/2025-26 विद्युत परीक्षण खण्ड, सीतापुर के कार्यक्षेत्र में विद्युत वितरण खण्ड - बिसवाँ, सीतापुर के कार्यक्षेत्र में आने वाले विद्युत उपकेन्द्रों पर स्थापित जर्जर/समस्याग्रस्त 11 केवी बी.सी.बी. के मैकेनिकल एवं इलेक्ट्रिकल ओवरहालिंग का कार्य एवं यथा आवश्यक सामग्री बदलने (वार्षिक अनुरक्षण) का कार्य।
धरोहर धनराशि रू. 5,000.00 मात्र। निविदा शुल्क रु. 1180.00 मात्र।

6- अल्पकालीन निविदा संख्या 56/विविमंसी/2025-26 विद्युत परीक्षण खण्ड, सीतापुर के कार्यक्षेत्र में विद्युत वितरण खण्ड- सीतापुर/सिधौली के कार्यक्षेत्र में सिंगल फेज एवं थ्री फेज मीटरों के स्थापना/प्रतिस्थापना के रिकार्ड हेतु सिलिंग बुक की आपूर्ति का कार्य।
धरोहर धनराशि रू. 2,000.00 मात्र। निविदा शुल्क रु. 1180.00 मात्र।

निविदा आन लाइन भरने की अंतिम तिथिः - 07.07.202
निविदा खुलने की तिथिः -08.07.2025

निविदा से सम्बन्धित समस्त विस्तृत विवरण एवं प्रपत्र UP Government की वेबसाइट www.etender.up.in पर डाउनलोड/देखे जा सकते है। निविदा से सम्बन्धित अन्य सूचना यथा तिथि विस्तारण / संशोधित तिथि/संशोधन/निरस्तीकरण केवल ई-टेण्डर पोर्टल पर ही प्रकाशित की जायेगी।

''राष्ट्रहित में बिजली बचायें, बल्ब की जगह एल.ई.डी. लगायें''
पत्रांक 1934/दिनांक 21.06.2025

**अधीक्षण अभियन्ता**
**विद्युत वितरण मण्डल सीतापुर**

# योग जीवन को सुखमय बनाने का मूल स्रोत: जिलाधिकारी

जिला संवाददाता

कुशीनगर। बुद्ध महापरिनिर्वाण स्थली कुशीनगर बुद्ध टेंपल में श्एक पृथ्वी एक स्वास्थ्य के लिए योगश् की थीम पर आधारित ग्यारहवें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस आयोजन हुआ। योग दिवस का शुभारंभ दीप प्रज्वलित कर जनप्रतिनिधिगण, अपर आयुक्त प्रशासन गोरखपुर मंडल नोडल अधिकारी कुंवर बहादुर सिंह, जिलाधिकारी महेंद्र सिंह तंवर एवं सीडीओ गुंजन द्विवेदी ने किया।

शनिवार की सुबह 6:00 बजे से 8:00 बजे तक आयोजित सामूहिक योग सत्र में योगाभ्यास का निरोग एवं स्वस्थ रहने का संदेश भी दिया। सांसद ने कहा कि योग मानवता के कल्याण के लिए है। यह हमारी प्राचीन सभ्यता की अमूल्य देन है, जो ऋषि मुनियों द्वारा दी गई है। यह हमारे भारत की अमूल्य धरोहर है।

- शरीर को स्वस्थ और एकता की भावना विकसित करना है योग का सार।
- डीएम महेंद्र सिंह तंवर ने योगाभ्यास कर दिया निरोग एवं स्वस्थ रहने का संदेश
- बुद्ध महापरिनिर्वाण परिसर में योगाभ्यास कार्यक्रम आयोजित

जनप्रतिनिधिगणों ने कहा कि योग भारत की प्राचीन परंपरा का एक अमूल्य उपहार है, यह चेतना और शरीर की एकता का प्रतीक है। मनुष्य और प्रकृति के बीच सामंजस्य है। योग विचारों को संयम और पूर्ति प्रदान करने वाला है, स्वास्थ्य और भलाई के लिए एक समग्र दृष्टिकोण को भी प्रदान करने वाला है। इसे हम अपने दैनिक जीवन में अपनाकर स्वस्थ्य एवं निरोग रह सकते है। अपर आयुक्त गोरखपुर मंडल गोरखपुर कुंवर बहादुर सिंह ने इस अवसर पर कहा कि अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाने के लिए महात्मा बुद्ध की महापरिनिर्वाण स्थली का चयन करना ही पवित्र व पूज्यनीय है। अगर योग करते रहेंगे तो शरीर रोग से मुक्त रहेगा।

योगाभ्यास कार्यक्रम के दौरान महेंद्र सिंह तंवर ने कहा कि आज कुशीनगर के महापरिनिर्वाण मंदिर परिसर में 11 वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर आयोजित किया गया है। योगाभ्यास कार्यक्रम के दौरान उन्होंने कहा कि योग की विधा में प्राचीनता के साथ-साथ आधुनिकता भी सम्मिलित है। सदियों से योग का सार एक ही है।

कहा कि शरीर को स्वस्थ रखना व एकता की भावना विकसित करना। ऋषियों व मुनियों ने सदियों पहले जो खोजा और अनुभव किया, वह प्रत्यक्ष रूप से आज भी प्रासंगिक है। भारत ने पूरे विश्व में योग का प्रचार-प्रसार किया। देश को निरोग बनाने का सर्वव्यापी आंदोलन बन गया है। उन्होंने कहा कि दिनचर्या में योग को हिस्सा बनाने का संकल्प लिया जाना चाहिए। कहा कि योग अदभुत सांस्कृतिक विरासत का व्यापक प्रचार-प्रसार होना चाहिए, ताकि पूरे विश्व में लोग इसके प्रयोग से लाभान्वित हो सके। उन्होंने कहा कि 11 वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का थीम 'एक पृथ्वी एक स्वास्थ्य के लिए योग' है। मुख्य विकास अधिकारी गुंजन द्विवेदी ने इस अवसर पर कहा कि योगा शरीर और मस्तिष्क के बीच सामंजस्य स्थापित करने के लिए, इन दोनों को संयुक्त करने का सबसे अच्छा अभ्यास है यह एक व्यक्ति को सभी आयामों पर जैसे शारीरिक, मानसिक, सामाजिक और बौद्धिक स्तर पर नियंत्रण के द्वारा उच्च स्तर की संवेदनशीलता प्रदान करता है। कार्यक्रम का संचालन मनंजय तिवारी ने किया। योग प्रशिक्षको ने योग के विभिन्न विधाओं का अभ्यास कराया। जिलाधिकारी महेंद्र सिंह ने सभी आगंतुकों के प्रति आभार ज्ञापित करते हुए कहा कि योग जीवन के सुखमय बनाने की मूल श्रोत है। यह ऋषियों व मुनियों की अदभुत खोज भी है। इस मौके पर सीडीओ गुंजन द्विवेदी, भाजपा जिलाध्यक्ष दुर्गेश राय, जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि प्रदीप जायसवाल, चेयरमैन प्रतिनिधि राकेश जायसवाल, डीसी मनरेगा राकेश, परियोजना निदेशक पीयूष सिंह, जिला सूचना विज्ञान अधिकारी मनीष कुमार गुप्ता, तहसीलदार, ईओ संरक्षण सहायक शादाब खान, डीडीओ, डीपीओ विनय कुमार डीपीआरओ आलोक प्रियदर्शी, बीएसए डॉ. रामजियावन मौर्य, क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डा0 दया शंकर वर्मा, सहायक अधीक्षण पुरातत्वविद राजेश यादव, पर्यटन सूचना अधिकारी प्राण रंजन, नीरज बंका, व्यायाम शिक्षक सहित अन्य जन प्रतिनिधि गण व जनपद स्तरीय अधिकारी कर्मचारी आदि उपस्थित रहे।



## योग, प्राणायाम और ध्यान से होता है ऊर्जा का रूपांतरण व उर्ध्वगमन

कुशीनगर। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कुशीनगर स्थान पडरौना के तत्वाधान में शनिवार को प्रभारी जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कुशीनगर मोहम्मद रिजवान अहमद की अध्यक्षता व प्रभारी सचिव रामेश्वर दयाल के कुशल निर्देशन व राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के निदेशानुसार दीवानी न्यायालय कुशीनगर स्थान पडरौना के सभागार कक्ष में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया।

इस अवसर पर हरि नीलम सिविल सर्विसेज (आईएएस, पीसीएस, इंग्लिश स्पीकिंग कोर्स, हितैषी हॉस्पिटल गली कसया) के डायरेक्टर बिपिन कुमार श्रीवास्तव के द्वारा अपने सहयोगी साथी योग शिक्षक अमिताभ राम त्रिपाठी (बुलबुल) एवं जय प्रकाश मिश्र के साथ योग अभ्यास व ध्यान का प्रशिक्षण दिया गया। इस अवसर पर प्रभारी जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कुशीनगर मोहम्मद रिजवान अहमद, अपर जिला जज एससी एसटी अनिरुद्ध कुमार तिवारी, अपर जिला जज कोर्ट नंबर 2 इफराक अहमद, सिविल जज सीनियर डिवीजन/ प्रभारी सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कुशीनगर रामेश्वर दयाल, सिविल जज सीनियर डिवीजन एफटीसी प्रभात कुमार, सिविल जज जूनियर डिवीजन अजीत कुमार मिश्र, न्याय अधिकारी ग्राम न्यायालय हाटा सुनंदन गोयल, न्यायालय के कर्मचारीगण शिशिर श्रीवास्तव, कुलदीप गुप्ता, शैलेन्द्र सैनी, सुरेंद्र, संजय, छोटेलाल व अन्य कर्मचारीगण एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कुशीनगर के लिपिक राजकुमार वर्मा, विजय कुमार मिश्रा, अमरनाथ यादव, रविंद्र नाथ, मारकंडे यादव, उपेन्द्र यादव, सुमन कुमारी, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के वॉलिंटियर संजय कुमार शाही, अमिताभ कुमार श्रीवास्तव, मिकाइल अंसारी, इकबाल अंसारी, अनिल चौहान, सुधीर कुमार यादव आदि काफी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

## योग कार्यक्रम का हुआ आयोजन

देवरिया। आज जनपद देवरिया में 11वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस बड़े ही उत्साह और भव्यता के साथ मनाया गया। यह कार्यक्रम रविंद्र किशोर शाही स्पोर्ट्स स्टेडियम में आयोजित किया गया, जिसमें जनप्रतिनिधियों, प्रशासनिक अधिकारियों, सुरक्षा बलों, स्कूली छात्र-छात्राओं एवं आम नागरिकों सहित सैकड़ों की संख्या में लोगों ने भाग लिया।

इस अवसर पर जिलाधिकारी श्रीमती दिव्या मित्तल एवं पुलिस अधीक्षक श्री विक्रांत वीर ने भी योग कर लोगों को स्वस्थ जीवन शैली अपनाने हेतु प्रेरित किया।

कार्यक्रम में जिले के नोडल अधिकारी श्री अजय कुमार शुक्ला, सांसद श्री शशांक मणि त्रिपाठी तथा विधायक श्री शलभ मणि त्रिपाठी सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने भी भाग लेकर योगाभ्यास किया।

कार्यक्रम की शुरूआत योग प्रशिक्षकों के दिशा-निर्देशन में सामूहिक योगाभ्यास से हुई। विभिन्न योगासन, प्राणायाम एवं ध्यान की क्रियाओं का अभ्यास कराया गया।

नोडल अधिकारी श्री अजय कुमार शुक्ला ने कहा कि योग भारतीय परंपरा की एक अमूल्य देन है। यह तन और मन दोनों को स्वस्थ रखने का माध्यम है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के प्रयासों से आज योग विश्व पटल पर अपनी पहचान बना चुका है।

सांसद श्री शशांक मणि त्रिपाठी ने कहा कि योग जीवन को संतुलित और ऊजार्वान बनाता है।

उन्होंने कहा कि आधुनिक जीवनशैली में मानसिक तनाव और शारीरिक अस्वस्थता को दूर करने के लिए योग अत्यंत आवश्यक है।

विधायक श्री शलभ मणि त्रिपाठी ने योग को आत्मविकास और राष्ट्रनिर्माण का माध्यम बताते हुए युवाओं से अपील की कि वे प्रतिदिन योगाभ्यास कर स्वयं को मजबूत बनाएं और समाज में सकारात्मक योगदान दें। जिलाधिकारी श्रीमती दिव्या मित्तल ने अपने संबोधन में कहा कि योग केवल शारीरिक अभ्यास नहीं, बल्कि मानसिक और आत्मिक शांति का भी माध्यम है। उन्होंने सभी से अपील की कि वे योग को अपने जीवन का अभिन्न अंग बनाएं।

वहीं पुलिस अधीक्षक श्री विक्रांत वीर ने युवाओं को नशा-मुक्त जीवन जीने और योग को अपनाकर अनुशासित दिनचर्या विकसित करने का संदेश दिया।

कार्यक्रम में विभिन्न विभागों, विद्यालयों और सामाजिक संगठनों से जुड़े प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। समापन अवसर पर सभी प्रतिभागियों को योग के नियमित अभ्यास हेतु प्रेरित किया।

## जीवन का हिस्सा बन चुका है योग

बैतालपुर। 11वे योग दिवस के अवसरइ पर विकास खण्ड बैतालपुर के ब्लाक के प्रांगण में योग दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि भाजपा जिला महामंत्री श्रीनिवास मणि त्रिपाठी, विशिष्ट अतिथि नवागत खंड विकास अधिकारी दीपक कुमार उपस्थित रहे। इस दौरान बैतालपुर मंडल के सभी भाजपा कार्यकर्ता गण एवं ब्लाक कर्मचारी गण ने योगाभ्यास किया। इस अवसर पर श्रीनिवास मणि ने कहा कि योग दुनिया को एकसूत्र में जोड़ने का संदेश देता है।

आज भारत सहित समस्त देशों में योग दिवस मनाया जा रहा है। आज योग करोड़ों लोगों के जीवन का हिस्सा बन चुका है।

कहा कि स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क का विकास होता है। ऊर्जा का संचार होता है।

खंड विकास अधिकारी दीपक कुमार ने कहा कि शरीर को स्वस्थ रखना हमारी प्रथम जिम्मेदारी है शरीर स्वस्थ रहेगा तभी जीवन की सभी सुविधाओं एवं भौतिक चीजों का आनंद लिया जा सकता है।

इस दौरान मण्डल प्रभारी सत्येन्द्र मणि त्रिपाठी, नगर पंचायत अध्यक्ष सरिता पासवान, पूर्व मंडल अध्यक्ष जितेन्द्र सिंह, निशाकांत तिवारी ने संबोधित किया। मंडल अध्यक्ष राजेश निषाद ने योग दिवस पर आए सभी का आभार प्रकट किया।

# गुणवत्तापूर्ण करें प्रार्थना पत्रों का निस्तारण: डीएम



जिला संवाददाता

कुशीनगर। जिलाधिकारी महेंद्र सिंह तंवर की अध्यक्षता व पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार मिश्रा की उपस्थिति में शनिवार को तहसील खड्डा के सभागार में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया।

जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक द्वारा सर्वप्रथम संपूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर सभागार में आए हुए तहसील क्षेत्र के फरियादियों की समस्याओं व शिकायतों को एक-एक कर गम्भीरता के साथ सुनने के उपरान्त विभागीय अधिकारियों के माध्यम से मौके पर ही उनका निस्तारण किया गया तथा अवशेष प्रार्थना पत्रों के सम्बन्ध में संबंधित अधिकारियों को सुचिता एवं पारदर्शिता के साथ समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए प्राप्त करा दिये गए। उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि संपूर्ण समाधान दिवस पर आए हुए शिकायतों को सदैव प्राथमिकता पर रखते हुए हर पीड़ित की समस्या का निष्पक्ष निस्तारण करना सुनिश्चित करें। जिन शिकायतों का निस्तारण तत्काल नहीं हो सका है उनका समय के अंतर्गत शासन की मंशानुसार निर्धारित अवधि के भीतर सुचिता एवं पारदर्शिता के साथ गुणवत्ता पूर्ण एवं संतुष्टिपूर्ण शत प्रतिशत निस्तारण हो जाना चाहिए। पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार मिश्रा ने पुलिस विभाग से जुड़े मामलों की सुनवायी की व पुलिस विभाग के अधिकारियों एवं थानाध्यक्षो को प्राप्त सभी सन्दर्भो का निस्तारण राजस्व विभाग की सहायता से टीम बनाकर प्राथमिकता एवं गुणवत्ता के साथ शत प्रतिशत सुनिश्चित कराये जाने का निर्देश दिये। राजस्व व पुलिस विभाग के अधि0/कर्मचारियों को शिकायतों को गम्भीरता से लेकर शत-प्रतिशत निष्पक्ष निस्तारण करने हेतु निर्देशित किया गया। आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 73 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिसमें से राजस्व विभाग के 28 में से 03 को तत्काल निस्तारित किया गया ,पुलिस विभाग से संबंधित 16, पुलिस एवं राजस्व संयुक्त से संबंधित 6 मामले, विकास विभाग से संबंधित 09, तथा अन्य विभाग के 14 प्रकरण में से 02 का तत्काल निस्तारण किया गया। इस प्रकार कुल 73 में से 05 प्रार्थना पत्र का निस्तारण तत्काल एवं अवशेष 68 प्रार्थना पत्रों को संबंधित विभाग को समयांतर्गत निस्तारण के निर्देश के साथ सौंपा गया। इस दौरान सीडीओ गुंजन द्विवेदी, डीडीओ कल्पना मिश्रा, परियोजना निदेशक पीयूष सिंह, उपजिलाधिकारी खड्डा मोहम्मद जफर , सीएमओ डॉ अनुपम प्रकाश भास्कर, तहसीलदार तमकुहीराज महेश कुमार, क्षेत्राधिकारी खड्डा श्री भट्ट , डीपीआरओ आलोक प्रियदर्शी, डीसी मनरेगा राकेश सहित विभिन्न विभागों के जनपद स्तरीय अधिकारी, खंड विकास अधिकारीगण, एवं थानाध्यक्ष गण, कानूनगो व लेखपाल, आदि उपस्थित रहे।

## डीएम की अध्यक्षता में तहसील सदर में संपूर्ण समाधान दिवस आयोजित

देवरिया । जनसमस्याओं के त्वरित समाधान की प्राथमिकता और जन सुनवाई की पारदर्शी व्यवस्था सुनिश्चित करने के उद्देश्य से तहसील देवरिया सदर के सभागार में जिलाधिकारी श्रीमती दिव्या मित्तल की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक श्री विक्रांत वीर भी उपस्थित रहे दोनों अधिकारियों ने आमजन की समस्याओं को गंभीरतापूर्वक सुना और उनके त्वरित, प्रभावी एवं गुणवत्ता-युक्त निस्तारण हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। समाधान दिवस में कुल 61 प्रकरण प्राप्त हुए, जिनमें से 5 का मौके पर ही निस्तारण किया गया। अधिकांश प्रकरण भूमि विवाद से संबंधित थे।

जिलाधिकारी ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि भूमि विवाद, राजस्व मामलों और सार्वजनिक भूमि पर अवैध अतिक्रमण की शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर समाधान सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि लेखपाल क्षेत्रीय भ्रमण करते हुए भूमि विवादों के निस्तारण में सक्रिय भूमिका निभाएं। साथ ही यह भी निर्देशित किया कि जिन मामलों का निस्तारण मौके पर नहीं हो पाया है, उन्हें समयबद्धता के साथ हल कर शिकायतकताओं को अवगत कराया जाए। समाधान दिवस के दौरान सदर तहसील अंतर्गत 3 पात्र लाभार्थियों को मौके पर राशन कार्ड प्रदान कर त्वरित राहत दी गई पुलिस अधीक्षक श्री विक्रांत वीर ने पुलिस विभाग से संबंधित शिकायतों की सुनवाई करते हुए थानाध्यक्षों और पुलिस अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी मामलों की निष्पक्ष जांच कर समयसीमा के भीतर निस्तारण सुनिश्चित किया जाए।

इस अवसर पर कुल 61 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिनमें से 43 राजस्व विभाग, 9 पुलिस विभाग, 4 विकास विभाग तथा अन्य विभागों के 5 प्रकरण थे। मौके पर 5 प्रकरणों का त्वरित समाधान किया गया, जबकि शेष 56 प्रकरण संबंधित विभागों को आवश्यक एवं समयबद्ध कार्यवाही हेतु हस्तगत किए गए।

इस अवसर पर जनपद के विभिन्न विभागों के अधिकारी, खंड विकास अधिकारीगण, राजस्वकर्मी तथा पुलिस विभाग के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## भाजपा मनायेगी श्यामा प्रसाद मुखर्जी का बलिदान दिवस

देवरिया । भारतीय जनता पार्टी के संस्थापक सदस्य डा श्यामा प्रसाद मुखर्जी का बलिदान दिवस 23 जून को जनपद के सभी बूथों, शक्तिकेंद्रों पर धूम धाम से मनाया जाएगा साथ ही एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम के तहत वृक्षारोपण भी किया जाएगा । उक्त आशय की जानकारी भाजपा जिलाध्यक्ष भूपेंद्र सिंह ने जिला मीडिया प्रभारी प्रभाकर तिवारी के हवाले से कही । उन्होंने बताया कि भाजपा के संस्थापक सदस्यों में से एक डा श्यामा प्रसाद मुखर्जी दो विधान, दो प्रधान और दो निशान के विरुद्ध जम्मू के श्रीनगर में बलिदान हो गए । उन्होंने कहा कि आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में श्यामा प्रसाद म्भारत श्रेष्ठ भारत के सपने को साकार करते हुए जम्मू कश्मीर से धारा 370 हटाकर दो प्रधान, दो विधान और दो निशान को समाप्त कर दिया गया है । बलिदान दिवस पर विभिन्न जगहों पर गोष्ठियों का आयोजन भी किया जाएगा ।

# जनपद में पर्याप्त मात्रा में यूरिया और फास्फेटिक खाद उपलब्ध

देवरिया। जिले के नवजात जिला कृषि अधिकारी उदय शंकर सिंह ने बताया कि जनपद के कृषको को उचित दर पर और समय से यूरिया एवं फास्फेटिक उर्वरक उपलब्ध कराने हेतु खरीफ सीजन में जनपद को माह जून 2025 तक आवंटित डी०ए०पी० का लक्ष्य 1348 एम०टी० के सापेक्ष 4139 एम०टी० की उपलब्धता है जिसमें से 1113 एम०टी० का वितरण कर दिया गया है। एन०पी० के० का माह जून 2025 तक निर्धारित लक्ष्य 1390 एम०टी० के सापेक्ष 4303 एम०टी० उपलब्धता है, जिसमें से 772 एम०टी० का वितरण कर दिया गया है। यूरिया का माह जून तक निर्धारित लक्ष्य 3092 एम०टी० के सापेक्ष 27507 एम०टी० की उपलब्धता है जिसमें से 3177 एम०टी० का वितरण कृषकों के मध्य कर दिया गया है। इसके अतिरिक्त 4000 एम०टी० यूरिया एवं 2000 एम०टी० डी०ए०पी० का प्री-पोजिशनिंग स्टाक सहकारी क्षेत्र के समितियों के माध्यम से वितरण हेतु पी०सी०एफ० के बफर गोदाम मे रखा गया है। जनपद के सभी समितियों पर पर्याप्त मात्रा में उर्वरकों का प्रेषण कर दिया गया है। जनपद में यूरिया एवं फास्फेटिक उर्वरकों की कोई कमी नही है पर्याप्त मात्रा में उर्वरक उपलब्ध है। कृषकों को उचित दर पर गुणवत्ता युक्त उर्वरक प्राप्त हो तथा कालाबाजारी, ओवर रेटिंग, व टैंगिग इत्यादि न हो तथा निजी एवं सहकारी क्षेत्र के प्रत्येक उर्वरक विकी केन्द्रो पर रेट बोड/स्टाक बोर्ड पर दर एवं उपलब्धता का अंकन प्रत्येक दिन हो, तथा दुकान पर फलैक्स बैनर अनिवार्य रूप से लगाये जाए इसके लिए निजी व सहकारी क्षेत्र के प्रत्येक उर्वरक बिकी केन्द्रो पर निरन्तर सघन निगरानी रखी जा रही है एवं लगातार छापे की कार्यवाही भी की जा रही है। जनपद के किसान भाइयों से अपील है कि वे अपने निकटतम उर्वरक विक्रय केन्द्रो पर आधार कार्ड ले कर जाये।

# डीएम ने छितौनी तटबंध का किया निरीक्षण

जिला संवाददाता



कुशीनगर। जिलाधिकारी महेंद्र सिंह तंवर एवं पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार मिश्रा ने संयुक्त रूप से आज तहसील खडडा क्षेत्र अंतर्गत बाढ़ के दृष्टिगत संवेदनशील भैंसहा गांव के छितौनी तटबंध/स्परों के मरम्मत कार्यों का स्थलीय निरीक्षण कर बाढ़ आने से पूर्व की तैयारियों और किए गए सुरक्षात्मक निमार्णों व उपायों का अवलोकन किया। साथ में सीडीओ गुंजन द्विवेदी, सहायक अभियंता बाढ़ खण्ड श्री मनोरंजन, एसडीएम मोहम्मद जफर उपस्थित रहे।

जिलाधिकारी ने नारायणी नदी के छितौनी तटबंध के ठोकर (स्पर) व बंधे का निरीक्षण कर संवेदनशील क्षेत्र में सतर्कता दृष्टि बनाए रखने तथा बाढ़ बचाव से निपटने से पूर्व से ही समस्त तैयारियो को दुरुस्त करने हेतु बाढ़ खण्ड के अधिकारियों को निर्देशित किया। कहा कि मरम्मत कार्य को तत्काल प्राथमिकता के आधार पर पूरा किया जाए ताकि बाढ़ से होने वाले नुकसान को रोका जा सके। अगर इस कार्य में लापरवाही बरती जाती है तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई भी की जाएगी। जहां भी हमारी आवश्यकता पड़े किसी कार्य को लेकर तो मुझसे अप्रूवल ले लें। जहां भी आवागमन की असुविधा हो तो पहले से ही राहत सामग्री पहुंचाने की व्यवस्था सुनिश्चित कर लें। उन्होंने तटबंधों पर बने लॉन्चिंग अप्रॉन के साथ साथ जल स्तर, बोल्डर ,पेंचिंग आदि की जानकारी लेते हुए आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने पूर्व में प्रस्तावित एवं मरम्मत कराए जाने वाले ठोकरों की भी जानकारी ली। जिलाधिकारी ने निरीक्षण दौरान बाढ़ से बचाव व बंधे की सुरक्षा के लिए लगाए गए परकुपाइन का निरीक्षण भी किया । उन्होंने मीडिया बंधुओं से विगत वर्षों में आने वाले बाढ़ की स्थिति, चिकित्सीय सुविधा, खान पान की समस्या तथा जलप्लावित क्षेत्रों की वास्तविक समस्या के बारे में भी जानकारी ली। भविष्य में जल स्तर बढ़ जाने पर बाढ़ बचाव हेतु अपनाए जाने सुरक्षात्मक उपायों का भी निरीक्षण किया। निरीक्षण दौरान उन्होंने सभी सुरक्षात्मक पहलुओं पर चर्चा करते हुए सम्बन्धित को आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए। जिलाधिकारी ने पूर्व वर्षों में गंडक नदी के कटान से प्रभावित ग्रामों के बारे में तथा जल स्तर बढ़ जाने या बाढ़ आने पर उनके लिए किए जाने वाले सुरक्षात्मक उपायों, बाढ़ बचाव के उपाय एवं सुविधाओं की भी जानकारी उपजिलाधिकारी खड्डा एवं सहायक अभि0 बाढ़ खंड से लेते हुए आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को तटबंधों की सुरक्षा सहित लोगों की सुरक्षा आदि के सभी जरूरी कदम उठाए जाने के दृष्टिगत तैयारी करने के निर्देश दिये।

## 51 पेटी अवैध अंग्रेजी शराब के साथ दो तस्कर गिरफ्तार



कुशीनगर। जिले के सेवरही पुलिस द्वारा चेकिंग के दौरान थाना क्षेत्र से एक बेलेरो वाहन संख्या यूपी 30 एच 1177 में छिपाकर बिहार राज्य हेतु ले जायी जा रही 51 पेटी अवैध अंग्रेजी शराब बरामद किया। पुलिस ने मौके से दो शराब तस्करों को भी गिरफ्तार किया है। पुलिस द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार पकड़े गए शराब तस्करों में जयप्रकाश जायसावाल पुत्र भिखू जायसवाल निवासी नन्दपुर थाना बरवापट्टी व विजय पुत्र नागेन्दर गुप्ता निवासी बरवापट्टी थाना बरवापट्टी शामिल है। पुलिस ने बताया कि पूछताछ में पकड़े गए अभियुक्तों ने बताया कि वे अपने साथी मंटू यादव पुत्र रमाशंकर यादव निवासी अमवा दीगर, थाना बरवापट्टी, जनपद कुशीनगर के लिए काम करते हैं। मंटू यादव के निर्देश पर वे जनपद के विभिन्न स्थानों से शराब एकत्र करते हैं और पिकअप, बोलेरो आदि वाहनों के माध्यम से बिहार ले जाकर बेचते हैं। मंटू यादव के संरक्षण में ही वे शराब तस्करी का कार्य करते हैं। पुलिस ने बताया कि मंटू यादव का विस्तृत अपराधिक इतिहास है। उसकी गिरफ्तारी पुलिस टीमों का गठन किया गया है, और शीघ्र ही उसकी गिरफ्तारी सुनिश्चित की जाएगी। गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर थाना सेवरही पर मुकदमा अपराध संख्या- 191/2025 धारा 60/72 आबकारी अधिनियम पंजीकृत कर अग्रिम विधिक कार्यवाही में जुटी हुई है।

## कोटेदार के खिलाफ तहसील पर ग्रामीणों का प्रदर्शन

तमकुहीराज, कुशीनगर। स्थानीय विकास खंड के ग्राम पंचायत रामपुर राजा के ग्रामीणों ने कोटेदार के खिलाफ घटतौली एवं कालाबाजारी का आरोप लगाते हुए तमकुहीराज तहसील पहुंच विरोध प्रदर्शन किया। ग्रामीणों ने तहसील दिवस में एसडीएम को कोटेदार के खिलाफ शिकायती पत्र देकर कारवाई की मांग की है। शनिवार को रामपुर राजा के दर्जनों ग्रामीण तमकुहीराज तहसील पहुंच कर कोटेदार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन करने लगे। ग्रामीणों का आरोप था कि कोटेदार सस्ते राशन को वितरण करने के बजाए उपभोक्ताओं का फिंगर लेकर वितरण करने के बजाए उसे कालाबाजारियो के हवाले कर दे रहा है। कोटेदार से राशन की मांग करने पर वह ग्रामीणों से बदसलूकी कर रहा है। उन्होंने तहसील दिवस में शिकायतों का निपटारा कर रहे एसडीएम को शिकायती पत्र देकर बाट माप पर ईंट रखकर घटतौली करने का वीडियो उपलब्ध कराते हुए बताया कि उन्होंने कोटेदार के इस कृत्य का विरोध करते हुए समस्त ग्रामीणों ने राशन लेने का बहिष्कार कर दिया है। ग्रामीणों के शिकायत को गंभीरता से लेते हुए एसडीएम ने मामले की जांच कर कारवाई करने का निर्देश सप्लाई विभाग ने जिम्मेदारों को दिया है। इस दौरान सुनील भारती, अकलू चौहान, आरएस पाण्डेय, विकास कुशवाहा आदि मौजूद रहे।

## पगरा पड़री में सड़क से अतिक्रमण हटा

कुशीनगर। जिले के तमकुहीराज तहसील क्षेत्र के पगरा पड़री ग्राम पंचायत के बसंतपुर रामलगन राय गांव में सड़क पर किए गए अतिक्रमण को राजस्व व पुलिस टीम की मौजूदगी में हटाया गया। तहसीलदार ने नायब तहसीलदार के नेतृत्व में टीम गठित की थी। बताते चले कि ग्रामीण द्वारा समाधान दिवस पर शिकायत की थी, शिकायत के आधार पर राजस्व टीम ने पुलिस की मौजूदगी में कार्यवाही की। ग्रामीण रामनरेश ने उच्चाधिकारियों को कई बार प्रार्थना पत्र देकर सड़क से कब्जा हटवाने की मांग की थी। उन्होंने बताया कि गाटा संख्या 60, रकबा 0.470 हेक्टेयर भूमि राजस्व अभिलेख में सड़क के रूप में दर्ज है, जिस पर पिच मार्ग बना है। इसके बावजूद कुछ लोगों ने सड़क के किनारे झोपड़ी और पुआल रखकर अवैध कब्जा कर लिया था। शिकायत को गंभीरता से लेते हुए तहसीलदार ने नायब तहसीलदार कुन्दन वर्मा के नेतृत्व में प्रभारी राजस्व निरीक्षक अश्वनी राय, वेदप्रकाश उपाध्याय, लेखपाल रजनीश उपाध्याय, शैलेश मिश्र, विजयदेव सिंह, बबीता गौतम व प्रियंका त्रिपाठी की टीम गठित की। शनिवार को दोपहर बाद राजस्व टीम पटहेरवा पुलिस के सहयोग से मौके पर पहुंची और अतिक्रमणकारियों आस मोहम्मद, ईसा व सबुजनी द्वारा सड़क पर डाली गई झोपड़ियां व पुआल आदि हटवाया। इस दौरान प्रधान प्रतिनिधि अशोक गोंड, हरिकेश पांडेय, अजित यादव, श्रीराम गोंड, डेबा सिंह, अनिरुद्ध सिंह आदि उपस्थित रहे।

## राज्य महिला आयोग के सदस्य का 24 जून को कुशीनगर आगमन

कुशीनगर। सदस्य उ०प्र० राज्य महिला आयोग श्रीमती जनक नंदिनी का जनपद कुशीनगर में 24 जून को आगमन होगा। सदस्य 25 जून तक भ्रमण, निरीक्षण, महिला जनसुनवाई एवं सामुदायिक / प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र तथा बालिका / महिला गृह व आंगनबाडी केन्द्रों का निरीक्षण कार्यक्रम प्रस्तावित है।

सदस्य राज्य महिला आयोग द्वारा जनपद में महिला उत्पीड़न की रोकथाम एवं पीड़ित महिलाओं को त्वरित न्याय दिलाए जाने तथा आवेदक/आवेदिकाओं की सुगमता की दृष्टि से महिला जन सुनवाई कार्यक्रम कसया के तहसील सभागार में आयोजित की जाएगी। जिलाधिकारी द्वारा नामित प्रशासनिक अधिकारी,एवं पुलिस अधीक्षक द्वारा नामित वरिष्ठ पुलिस अधिकारी, महिला थानाध्यक्ष एवं सम्बन्धित थाने के क्षेत्राधिकारी के साथ जनपद में महिला उत्पीडन की घटनाओं की समीक्षा, महिला जनसुनवाई, निरीक्षण का कार्यक्रम प्रस्तावित है। जिला प्रोवेशन अधिकारी विनय कुमार ने बताया कि जनसुनवाई पश्चात सामुदायिक, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र तथा बालिका/महिला गृह व आंगनबाड़ी केन्द्र का निरीक्षण भी किया जाएगा।

## आधा दर्जन लोगों के विरुद्ध दहेज उत्पीड़न का मुकदमा दर्ज

भटनी(देवरिया)। स्थानीय थाना क्षेत्र के ग्राम सिंडहीड निवासी आधा दर्ज लोगो के विरुद्ध दहेज उत्पीड़न का मुकदमा दर्ज हुआ है। इस सम्बन्ध में अपने पति विनय कुमार पुत्र सीताराम ससुर सीताराम पुत्रक्ष अलगु सास सुनैना देवी पत्नी सीताराम देवर संदीप पुत्र सीताराम देवर अजीत कुमार पुत्र सीता राम ननद चिन्ता पुत्री सीताराम निवासी गण के विरुद्धरेखा देवी पति विनयकुमार ने थाने मे दिये गये तहरीर मे लिखी है किएक लाख रुपये दहेज के रुप मे अतिरिक्त धन की माँग करतेहूए सभी लोग प्रताडित करते रहे ओर पति शराब पीकर मुझे मारता रहा। तहरीर के आधार पर सभी आरोपियों के विरुद्ध पुलिस ने दहेज उत्पीड़न सहित अनेक सुसंगत धाराओं मे मुकदमा पंजीकृतकर विवेचन उपनिरीक्षक लालबहादुर गुप्ता को सौप दिया है ।

## भवन निर्माण पर पंजीकरण एवं लेबर सेस जमा करना अनिवार्य: श्रम विभाग

देवरिया । श्रम विभाग, देवरिया द्वारा जनपद के समस्त भवन स्वामियों को सूचित किया गया है कि यदि कोई व्यक्ति ?10 लाख या उससे अधिक लागत से आवासीय अथवा व्यावसायिक भवन का निर्माण करवा रहा है, तो उसे उत्तर प्रदेश भवन एवं अन्य संनिर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड में अनिवार्य रूप से निर्माण कार्य का पंजीकरण कराना होगा। सहायक श्रम आयुक्त, स्कन्द कुमार ने बताया कि भवन निर्माण कार्य की लागत का 1% भाग लेबर सेस/उपकर के रूप में जमा करना अनिवार्य है। यह धनराशि श्रमिकों के कल्याणार्थ चलाई जा रही है ।

उन्होंने बताया कि वर्ष 2009 के बाद निर्मित तथा वर्तमान में निमार्णाधीन सभी भवन भवन एवं अन्य संनिर्माण कर्मकार (नियोजन एवं सेवा शर्त विनियमन) अधिनियम 1996 के अंतर्गत आते हैं, अतः सभी भवन स्वामी पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन पंजीकरण एवं भुगतान सुनिश्चित करें।

उन्होंने यह भी बताया कि निर्माण कार्य प्रारंभ होने से पूर्व पंजीकरण तथा उपकर की राशि विभाग में ऑनलाइन जमा करना आवश्यक है। ऐसा न करने की स्थिति में अधिनियम के तहत अर्थदंड लगाए जाने का प्रावधान है।

श्री स्कन्द कुमार ने समस्त भवन स्वामियों से अपील की है कि वे इस प्रक्रिया को गंभीरता से लें एवं समय रहते लेबर सेस जमा कर विभागीय नियमों का अनुपालन सुनिश्चित करें, जिससे उन्हें भविष्य में किसी प्रकार की परेशानी न हो।

संक्षेप

## रोज करें योग, रहें निरोग:अनीता गुप्ता

सोनभद्र। 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर रॉबर्ट्सगंज में महिला पतंजलि योग समिति के द्वारा भाजपा नगर अध्यक्ष विनय श्रीवास्तव के नेतृत्व में रामलीला मैदान में योग किया गया। खराब मौसम के चलते आयोजन को रामलीला मैदान के हाल में कराया गया। योग का संचालन योगाचार्य अनीता गुप्ता के नेतृत्व में शिवा जयसवाल, अभिषेक गुप्ता एवं एकता त्रिपाठी द्वारा उत्कृष्ट प्रदर्शन किया गया। नगर के वरिष्ठ भाई-बहन जिसमें पूर्व अध्यक्ष अशोक मिश्रा, भाजपा महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष पुष्पा सिंह, अशोक चौबे, कृष्ण मुरारी गुप्ता, डॉ0रचना तिवारी, नम्रता सिंह, डॉ मीनाक्षी सिंह, रीता गुप्ता, ममता गुप्ता, डॉ अरविंद सिंह, बीना गुप्ता, चित्रा जालान, जयसवाल, मनोरमा चतुवेर्दी प्रतिभा सोनी के अतिरिक्त 60-70 भाई-बहन उपस्थित होकर आयोजन को सफल बनाया।

## स्टेडियम में सात खेलों का नि:शुल्क प्रशिक्षण

जौनपुर । इंदिरा गांधी स्पोर्ट्स स्टेडियम सिद्दीकपुर में खेल विभाग द्वारा विभिन्न खेलों का प्रशिक्षण शिविर शुरू किया गया है। स्टेडियम में फुटबॉल, वॉलीबॉल, बॉक्सिंग, एथलेटिक्स, कबड्डी, खो-खो और तलवारबाजी का प्रशिक्षण दिया जा रहा है।ज्ञान स्पोर्ट्स एकेडमी कबीरुद्दीनपुर में कुश्ती का प्रशिक्षण उपलब्ध है। 18 वर्ष से कम आयु के बालक-बालिकाएं इस प्रशिक्षण का लाभ उठा सकते हैं। खेल में करियर बनाने या फिटनेस बढ़ाने के इच्छुक युवा मामूली पंजीकरण शुल्क जमा कर प्रशिक्षण प्राप्त कर सकते हैं।प्रशिक्षण के दौरान खिलाड़ियों को जिला, मंडल और राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं में भाग लेने का अवसर मिलेगा। प्रतिभाशाली खिलाड़ी राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में भी हिस्सा ले सकते हैं। राज्य और राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में पुरस्कार और प्रमाण पत्र दिए जाते हैं।इन प्रमाण पत्रों से सेना, अर्धसैनिक बल, रेलवे और पुलिस जैसी सरकारी नौकरियों में लाभ मिल सकता है।

## कल निकाली जायेगी शोभायात्रा

सीतापुर। श्रीकाशी विश्वनाथ मानव सेवा समिति के पावन तत्वावधान में सातवीं श्रीअमरनाथ दर्शन धर्मयात्रा शोभायात्रा का आयोजन 23 जून को श्री जंगलीनाथ दरबार से लगभग 300 परम शिवभक्त संकल्पित होकर, प्रसाद ग्रहण करके भव्य दिव्य शिव शोभा यात्रा सुबह 11:30 बजे स्थानीय बैंड व गाजे बाजे के साथ मधुर संगीत के शिव भजनों पर हजारों शिव भक्त थिरकते हुए, झूमते हुए शिवमय होकर इत्र, गुलाल, फूलों की बरसात के साथ रेड कार्पेट पर चलकर डमरूदल, अघोरीदल, शिव पार्वती की भव्य, दिव्य मनमोहक झांकी सभी परम शिव भक्तों का मन मोह लेगी। साथ ही हाथी, घोड़े व फूलबम इस शोभा यात्रा में चार चांद लगायेंगे। शोभायात्रा श्री जंगलीनाथ दरबार से प्रस्थान करके बस स्टाप, ट्रांसपोर्ट चैराहा, लालबाग चैराहा, जीआईसी चैराहा होते हुए जीआईसी मैदान पहुंचेगी। इस मौके पर समस्त महामंडलेश्वर सहित समस्त गणमान्य लोग उपस्थित रहेंगे।

## दुष्कर्म के आरोपी को उम्रकैद

मेरठ। जिले की एक विशेष अदालत ने नाबालिग से दुष्कर्म के करीब दो वर्ष पुराने मामले में दोषी को आजीवन कारावास की सजा सुनाई और 50 हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया है। पुलिस के अनुसार मेरठ की विशेष न्यायाधीश (पॉक्सो अधिनियम) संगीता की अदालत ने अनूपनगर फाजलपुर निवासी मनीष उर्फ मैक्स को शुक्रवार को दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई और 50 हज़ार रुपये का जुर्माना भी लगाया। पुलिस के अनुसार वर्ष 2023 में थाना कंकरखेड़ा क्षेत्र की एक महिला द्वारा दर्ज कराई गई प्राथमिकी में आरोप लगाया गया था कि मनीष उर्फ मैक्स ने उसकी नाबालिग पुत्री के साथ बलात्कार किया और उसे मुंह बंद रखने की धमकी भी दी। इस पर अभियुक्त के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की संबंधित धाराओं और पॉक्सो अधिनियम में मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया गया। पीड़ित पक्ष ने अदालत को बताया कि उनकी बेटी जूडो की जूनियर लेवल की खिलाड़ी थी और उसके स्कूल में ही जूडो कराटे की कोचिंग कराई जाती थी। मनीष उर्फ मैक्स वहां पर कोच था और उसने ही लड़की के साथ दुष्कर्म किया था।

# स्थानीय समुदाय के साथ मिलकर एनसीएल ने मनाया योग दिवस



जिला संवाददाता(vol)

सोनभद्र। एनसीएल में 11वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योग की थीम पर उत्साहपूर्वक मनाया।

इस अवसर पर एनसीएल मुख्यालय सहित सभी परियोजनाओं एवं इकाइयों में योग सत्र कार्यक्रमों का आयोजन किया गया जिसमें एनसीएल कर्मियों के साथ स्थानीय जन समुदाय ने योग कार्यक्रम में प्रतिभाग किया।इस दौरान मुख्यालय में आयोजित कार्यक्रम के दौरान सीएमडी, एनसीएल बी. साईराम, कार्यकारी निदेशक (सुरक्षा, कोल इंडिया), आशुतोष द्विवेदी, एनसीएल जेसीसी सदस्यगण, सीएमएस से अजय कुमार, आरसीएसएस से लाल पुष्पराज सिंह, बीएमएस से श्यामधर दुबे एवं अशोक कुमार मिश्रा, एचएमएस से अशोक कुमार पांडे, सीएमओएआई महासचिव, सर्वेश सिंह, कृति महिला मंडल अध्यक्षा, बी. के. दुर्गा एवं उपाध्यक्षा, नम्रता कुमार, मुख्यालय से महाप्रबंधक एवं विभागाध्यक्ष तथा बड़ी संख्या में एनसीएल कर्मी व मोरवावासियों ने सामूहिक योग अभ्यास किया। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में एनसीएल निदेशक (मानव संसाधन), मनीष कुमार ने निगाही परियोजना में तथा निदेशक (तकनीकी), सुनील प्रसाद सिंह ने खड़िया परियोजना में योग कार्यक्रमों का नेतृत्व किया। इस दौरान एनसीएल मुख्यालय सहित अन्य जगहों पर एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत वृक्षारोपण भी किया गया।एनसीएल द्वारा हरित योग की पहल को आत्मसात करते हुए ईको पार्क्स में भी योग सत्रों का आयोजन किया गया।

## योग को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने के लिए किया जागरूक

जिला संवाददाता(vol)

- हिण्डालको प्राइमरी स्कूल यूनिट-2 में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस आयोजित

रेणुकूट,सोनभद्र। हिण्डालको प्राइमरी स्कूल यूनिट-2 में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस हर्षोल्लास के साथ शनिवार को मनाया गया।कार्यक्रम का शुभारंभ प्रातः 6:30 बजे विद्यालय प्रांगण में हुआ। जिसमें विद्यालय के शिक्षकगण, अभिभावकगण तथा छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। विद्यालय की योग प्रशिक्षिका द्वारा विभिन्न योग आसनों का प्रदर्शन किया गया।जिसमें ताड़ासन, वज्रासन, त्रिकोणासन, भुजंगासन, प्राणायाम आदि प्रमुख रहे।



सभी प्रतिभागियों ने इन योग क्रियाओं में उत्साहपूर्वक भाग लिया। योग केवल शारीरिक स्वास्थ्य का माध्यम नहीं है, बल्कि यह मानसिक शांति और आत्मिक विकास का मार्ग भी है।इस प्रेरक वाक्या को आत्म सात करते हुए, छात्रों में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने और योग को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने हेतु प्रेरित किया गया।इस प्रकार योग दिवस का आयोजन सफलतापूर्वक और गरिमामय ढंग से संपन्न हुआ।

## सामूहिक सूर्य नमस्कार से गूंजा योग का सूर्योदय



जौनपुर। पूर्वांचल विश्वविद्यालय, के प्रांगण में योग दिवस उल्लास, उमंग और आध्यात्मिक आभा के साथ मनाया गया। शिक्षकों, कर्मचारियों एवं विद्यार्थियों ने सामूहिक योगाभ्यास किया, जिससे प्रांगण योगमय हो उठा। वर्ल्ड रिकॉर्ड के लिए एक साथ सूर्य नमस्कार भी किया गया।

कुलपति प्रो. वंदना सिंह ने अतिथियों के साथ दीप प्रज्ज्वलन कर कार्यक्रम की शुरूआत की। जय सिंह ने योग कराया। मुख्य अतिथि वरिष्ठ फैकल्टी, आर्ट ऑफ लिविंग, अहमदाबाद की श्रीमती जिगिषा कोठारी ने कहा कि जब इच्छाएँ अनियंत्रित होती हैं, तब मन भटकता है और तनाव जन्म लेता है, ऐसे में योग वह दीप है जो अंधकार में राह दिखाता है। उन्होंने योग को ऊर्जा, संयम और संतुलन का सेतु बताया।विशिष्ट अतिथि रणनीति एवं डिजिटल सलाहकार, पूर्व प्रमुख तकनीकी-वाणिज्यिक, अडानी इंफ्रा इंडिया लिमिटेड के संजीव कोठारी ने सभी को प्रेरित करते हुए ह्लयोग को जीवन का अंग बनानेह्व का संदेश दिया। विश्वविद्यालय परिवार ने उनके साथ सूर्य नमस्कार कर इस संदेश को साकार किया। कुलपति प्रो. वंदना सिंह ने कहा कि कार्यक्रम का उद्देश्य केवल योगाभ्यास नहीं, अपितु शारीरिक, मानसिक और आत्मिक आरोग्यता के माध्यम से ह्लएक धरती, एक स्वास्थ्यह्व के संदेश को जन-जन तक पहुँचाना रहा। संचालन प्रो. मनोज मिश्र एवं धन्यवाद ज्ञापन कुलसचिव डॉ. विनोद कुमार सिंह ने किया। प्रो. मानस पांडे, प्रो. अजय द्विवेदी, प्रो. अविनाश, प्रो. अजय प्रताप सिंह, डॉ. राज बहादुर यादव उपकुलसचिव अजीत प्रताप सिंह, बबीता सिंह, कर्मचारी संघ अध्यक्ष नंदकिशोर सिंह, महामंत्री रमेश यादव, रजनीश सिंह, डॉ राजेश सिंह, राज नारायण सिंह, श्याम जी त्रिपाठी, स्वतंत्र कुमार सहित विश्वविद्यालय के शिक्षक एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## चलती ट्रेन में युवक की पीट-पीटकर हत्या, पांच आरोपी गिरफ्तार

बागपत। जिले में चलती ट्रेन में एक व्यक्ति की कथित तौर पर पीट-पीटकर हत्या किए जाने का मामला सामने आया है। रेलवे पुलिस उपाधीक्षक श्वेता आशुतोष ने शनिवार को बताया कि रेलवे पुलिस ने इस मामले में पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

रेलवे पुलिस उपाधीक्षक श्वेता आशुतोष ने बताया कि यह घटना 20 जून को दिल्ली-शामली पैसेंजर ट्रेन (संख्या 74023) में रेलवे हाल्ट फखरपुर और खेकड़ा रेलवे स्टेशन के बीच हुई, जब दीपक नाम के व्यक्ति के साथ कुछ युवकों ने कथित रूप से मारपीट की। उन्होंने बताया कि गंभीर रूप से घायल दीपक को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र खेकड़ा ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

उन्होंने बताया कि मृतक की पहचान दीपक, पुत्र ऋषि (उम्र लगभग 38 वर्ष), निवासी पट्टी अहीरान, थाना खेकड़ा, जिला बागपत के रूप में की गई है। उन्होंने बताया कि परिजनों की तहरीर पर थाना जीआरपी बड़ौत में एक मामला दर्ज कर लिया गया है।

रेलवे पुलिस उपाधीक्षक ने बताया कि इस मामले में 18 घंटे के भीतर पांच आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों की पहचान संजीव उर्फ पोनू, राहुल उर्फ बाबा, विशाल, प्रियांशु एवं सिद्धार्थ उर्फ एलिस के रूप में की गई है और ये सभी खेकड़ा थानाक्षेत्र के निवासी हैं।मामले की जांच की जा रही है और अन्य आवश्यक विधिक कार्रवाई की जा रही है। वहीं, मृतक के परिचितों ने बताया कि दीपक अपने माता-पिता का इकलौता बेटा था। दीपक के परिवार में उसकी पत्नी, 12 वर्षीय एक बेटी और ढाई वर्षीय बेटा है। उन्होंने बताया कि दीपक दिल्ली के भगीरथ पैलेस स्थित एक इलेक्ट्रॉनिक्स दुकान में काम करता था और हर सप्ताहांत अपने घर आता था। घटना से जुड़े तीन वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आए हैं, जिनमें ट्रेन के डिब्बे में मारपीट और हमलावरों के ट्रेन से कूदकर भागने के दृश्य स्पष्ट रूप से देखे जा सकते हैं।

## चकबंदी मामले में कमिश्नर से मिलेगा भाकियू: बिरजू

सोनभद्र। घोरावल तहसील क्षेत्र के भैसवार गांव मैं चकबंदी प्रक्रिया में बड़े पैमाने पर गड़बड़ी को लेकर जमीन बचाओ धरना प्रदर्शन शनिवार को भी ग्राम भैंसवार (सिमरी हवा) टोला बछनार बिरबाबा देवस्थान पर 32वां दिन भी जारी रहा।इस धरने का नेतृत्व भारतीय किसान यूनियन लोक शक्ति जनपद सोनभद्र के ग्राम इकाई सदस्य राजाराम मौर्य कर रहे हैं। यूनियन के जिला अध्यक्ष बिरजू कुशवाहा ने भैंसवार के किसानों के साथ अन्याय के विरोध में आवाज उठाई। बताया कि चकबंदी अनियमितता सिलसिले में कमिश्नर विंध्याचल मंडल से मुलाकात जल्द ही करेंगे। कुशवाहा ने बताया कि प्रथम चकबंदी 1987 में गजट हुआ। लेकिन 31 मार्च,1992 को तत्कालीन जिलाधिकारी अशोक कुमार ने भैंसवार की चकबंदी रद्द कर दी थी। कहा गया था कि फिर रि-सर्वे कर के चकबंदी कराई जाए लेकिन चकबंदी विभाग रि-सर्वे न करके कार्य को आगे बढ़ाने लगे। गांव वाले भू माफियाओं की ताकत के सामने हो चुके हैं। निराश कैसा है योगीराज जिसमें अन्नदाता है उदास। भारतीय किसान यूनियन लोक शक्ति सोनभद के जिला सचिव संजय कुमार यादव ने बताया कि हमारे मंडल के पदाधिकारी बहुत जल्द विंध्याचल मंडल कमिश्नर से मिलेंगे। प्रदर्शन में ग्राम इकाई सदस्य राजा राम मौर्य, जिला अध्यक्ष बिरजू कुशवाहा, जिला सचिव संजय कुमार यादव, राजेश पाल, सुभाष मौर्य, रंजन मौर्य आदि भारी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

## एनटीपीसी विन्ध्याचल में योग दिवस का आयोजन

जिला संवाददाता(vol)

सोनभद्र। एनटीपीसी विन्ध्याचल में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन वैश्विक थीम एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योग के अंतर्गत बड़े उत्साह और उल्लास के साथ किया गया। वीवा क्लब परिसर में आयोजित सामूहिक योग सत्र में एनटीपीसी के अधिकारीगण, कर्मचारी, प्रमुख विभागाध्यक्ष, यूनियन एवं एसोसिएशन सदस्य, सुहासिनी संघ लेडीज क्लब की सदस्याएँ, परिवारजन एवं सहयोगी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

योग सत्र का नेतृत्व एनटीपीसी सिंगरौली के आदर्श अग्रवाल, उप महाप्रबंधक (परियोजना अभियंत्रण) एवं योग प्रशिक्षक ने किया। इस अवसर पर ई.सत्य फणि कुमार, कार्यकारी निदेशक (विन्ध्याचल) सहित वरिष्ठ प्रबंधन टीम की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न योगासनों, श्वास नियंत्रण अभ्यासों और सामूहिक ध्यान का आयोजन किया गया, जिसका उद्देश्य शारीरिक स्वास्थ्य व मानसिक शांति को बढ़ावा देना था। यह आयोजन एनटीपीसी विन्ध्याचल की स्वास्थ्य एवं कल्याण को समर्पित प्रतिबद्धता को दशार्ता है और सभी प्रतिभागियों को प्रेरित करता है कि वे इस प्राचीन भारतीय परंपरा को अपने दैनिक जीवन में अपनाएं ताकि एक संतुलित और पूर्ण जीवन जिया जा सके।



## समाधान दिवस पर 110 में 13 मामले निपटे

जिला संवाददाता(vol)



जौनपुर। जिलाधिकारी डा0 दिनेश चन्द्र की अध्यक्षता एवं पुलिस अधीक्षक डॉ0 कौस्तुभ की उपस्थिति में तहसील बदलापुर के सभागार में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया।

जिलाधिकारी के समक्ष सरायहरखु परगना रारी निवासी जय शंकर द्वारा अवैध कब्जा हटवाने के संबंध में शिकायती प्रार्थना पत्र दिया, जिस पर जिलाधिकारी ने तहसीलदार बदलापुर को जांच कर नियमानुसार कार्यवाही करने का निर्देश दिया। इनामीपुर परगना रारी निवासी दयाशंकर द्वारा चकमार्ग के सीमांकन संबंध में, वीरभानपुर निवासी कृपाशंकर यादव द्वारा चकमार्ग के सीमांकन संबंध में शिकायती प्रार्थना पत्र दिया गया, जिसपर जिलाधिकारी द्वारा उपजिलाधिकारी एवं तहसीलदार को जाँच कर चकमार्क की पैमाइश करने का निर्देश दिया। ग्राम भूला हरिहरपुर सिंगरामऊ निवासी प्रेमशंकर मिश्र द्वारा कोटेदार द्वारा राशन ना देने की शिकायती प्रार्थना पत्र दिया जिसपर जिलाधिकारी ने आपूर्ति निरीक्षक को जांच कर आवश्यक कार्यवाही करने का निर्देश दिया। सुक्खू निवासी कमालपुर द्वारा अवगत कराया गया कि खतौनी में उनका नाम त्रुटिपूर्ण था जिसको लेकर उनके द्वारा कई बार लेखपाल के पास सही कराने के लिए आवेदन किया गया परन्तु लेखपाल द्वारा सही नही कराया गया, जिसपर जिलाधिकारी द्वारा उपजिलाधिकारी को निर्देशित किया गया कि तत्काल प्रकरण का निस्तारण कराये और लेखपाल के प्रति कड़ी कार्यवाही करना सुनिश्चित करें। सुनील कुमार यादव निवासी ग्राम बेसार विकास खण्ड महराजगंज तहसील बदलापुर के द्वारा जन्म मृत्यु पंजीकरण के संबंध में आवेदन किया गया था परन्तु उन्हें जन्म प्रमाण पत्र प्राप्त नही हुआ था जिस पर जिलाधिकारी के समक्ष प्रार्थना पत्र दिया गया जिसका जिलाधिकारी के द्वारा तत्काल संज्ञान लेते हुए उपजिलाधिकारी द्वारा प्रमाण पत्र बनवाया गया और मौके पर ही जिलाधिकारी द्वारा सुनील कुमार यादव का जन्म प्रमाण पत्र उपलब्ध कराया गया। कुल 110 शिकायते प्राप्त हुयी जिसमें से 13 का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। मुख्य विकास अधिकारी , मुख्य राजस्व अधिकारी , उप जिलाधिकारी योगिता सिंह, तहसीलदार, क्षेत्राधिकारी सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## ट्रैक्टर ने ई-रिक्शा में मारी टक्कर, एक की मौत, चार घायल

मैनपुरी । मैनपुरी में तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने सवारियों से भरे ई-रिक्शा को टक्कर मार दी, जिसकी वजह से एक व्यक्ति की मौत हो गई और चार अन्य लोग घायल हो गए। कोतवाली थाना के प्रभारी निरीक्षक फतेह बहादुर सिंह ने ोबताया कि घटना गणेशपुर गांव के निकट हुई, जिसमें कड्डी गांव के हरेंद्र कुमार (42) की मौत हो गई। वह शहर में एक दुकान पर काम करता था। एसएचओ ने बताया कि शुक्रवार शाम को वह दुकान बंद कर ई-रिक्शा से घर लौट रहा था तभी यह हादसा हुआ। जब ई-रिक्शा गणेशपुर गांव के पास पहुंचा, तभी तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने पीछे से रिक्शा को टक्कर मार दी, जिससे रिक्शा सड़क पर लुढ़क गया। ट्रैक्टर की टक्कर से यात्री गंभीर रूप से घायल हो गए। ग्रामीणों ने घायलों को अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने हरेंद्र को मृत घोषित कर दिया। अन्य चार यात्रियों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनकी हालत स्थिर बताई जा रही है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## प्रशासनिक अधिकारियों ने सूर्य नमस्कार, प्राणायाम सहित प्रमुख योगासनों का अभ्यास किया



पाटन, उन्नाव। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर शनिवार को तहसील बीघापुर परिसर में विशेष योगाभ्यास का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उपजिलाधिकारी रणवीर सिंह और तहसीलदार मनीष द्विवेदी समेत राजस्व विभाग के सभी अधिकारी व कर्मचारियों ने हिस्सा लिया। सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने एक साथ योग किया और स्वस्थ जीवन के लिए इसके महत्त्व को रेखांकित किया।

योग प्रशिक्षक की अगुवाई में सभी लोगों ने सूर्य नमस्कार, प्राणायाम और अन्य प्रमुख योगासनों का अभ्यास किया। उपजिलाधिकारी रणवीर सिंह ने कहा कि नियमित योग करने से शरीर और मन दोनों स्वस्थ रहते हैं। उन्होंने सभी से अनुरोध किया कि वे योग को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाएं ताकि जीवन में मानसिक शांति और शारीरिक स्फूर्ति प्राप्त हो सके। तहसीलदार मनीष द्विवेदी ने भी समस्त कर्मचारियों से दैनिक जीवन में योग अपनाने का अनुरोध किया। वही दूसरी ओर थाना बिहार परिसर में भी बिहार थाना प्रभारी राहुल सिंह के नेतृत्व में योग दिवस मनाया गया। इस अवसर पर उप निरीक्षक बीरेंद्र सिंह, सज्जाद अली समेत समस्त पुलिसकर्मी और कांस्टेबल मौजूद रहे। सभी ने मिलकर योगासनों का अभ्यास किया और इसके लाभों को साझा किया। थाना प्रभारी राहुल सिंह ने कहा कि तनावपूर्ण ड्यूटी में मानसिक और शारीरिक फिटनेस बेहद जरूरी है,और यह केवल नियमित योग से संभव है। दोनों स्थानों पर आयोजित कार्यक्रमों में सभी प्रतिभागियों में उत्साह देखा गया। सभी ने योग को नियमित जीवन का हिस्सा बनाने का संकल्प लिया।

## राजकीय बाल गृह में बच्चों की पिटाई मामले ने पकड़ा तूल

शाहजहांपुर । जनपद में राजकीय शिशु बाल गृह में 13 अनाथ बच्चों की केयरटेकर द्वारा की जा रही पिटाई के वीडियो वायरल होने के बाद सेवा समाप्ति होने और जिला प्रशासन द्वारा मुकदमा दर्ज करवाने से बौखलाई केयरटेकर ने उल्टे शिकायतकर्ता पर ही गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज करवा दिया था। इसके बाद शिकायतकर्ता पर दर्ज मुकदमे को लेकर लगातार



सामाजिक संगठनों में रोष देखा जा रहा है भाजपा नेता और पूर्व जिला पंचायत सदस्य के पक्ष में ब्राह्मण समाज के दर्जनों लोगों ने कलेक्टोरेट पहुंचकर फर्जी मुकदमा वापस लिए जाने के साथ अनाथ बच्चों की पिटाई करने वाली केयरटेकर के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई किए जाने की मांग की है।इसके साथ ही शाहजहांपुर पुलिस की कार्यशैली पर सवाल उठाते हुए स्वर्ण स्वाभिमान मंच और ब्राह्मण समाज के लोगों ने कहा कि योगी सरकार की जीरो टॉलरेंस की नीति की धज्जियां शाहजहांपुर जिले में पुलिस द्वारा उड़ाई जा रही है यहां दोषियों के विरुद्ध कार्यवाही नहीं होती जबकि निर्दोष लोगों के विरुद्ध तत्काल एफआईआर दर्ज कर उन्हें जेल भेज दिया जाता है। भाजपा नेता और पूर्व जिला पंचायत सदस्य मुकेश दीक्षित के द्वारा राजकीय शिशु बाल गृह में अनाथ बच्चों की केयरटेकर द्वारा पिटाई किए जाने के वीडियो वायरल करने के साथ लिखित शिकायत की गई थी। वायरल वीडियो का जिलाधिकारी ने संज्ञान लिया और जांच के निर्देश दिए जांच के बाद महिला केयरटेकर की सेवा समाप्ति के साथ मुकदमा भी दर्ज करवाया गया। विभागीय कार्यवाही से बौखला कर केयरटेकर द्वारा राजकीय बाल ग्रह के अधीक्षक सहित शिकायतकर्ता मुकेश दीक्षित के विरुद्ध दुष्कर्म और रंगदारी मांगने के गंभीर आरोप लगाते हुए कोतवाली में मुकदमा दर्ज करवाया है।

## जयंत चौधरी कल आयेंगे

सोनभद्र। भारत सरकार में कौशल विकास और उद्यमिता एवं शिक्षा राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार चौधरी जयंत सिंह के आगमन की जानकारी पत्रकार वार्ता कर देते हुए राष्ट्रीय लोक दल के जिलाध्यक्ष श्रीकांत त्रिपाठी ने बताया कि 23 जून को वाराणसी से सड़क मार्ग से चलकर जयंत चैधरी का आगमन सोनभद्र में शाम लगभग चार बजे होगा।

## इस्लाम में सूर्य नमस्कार हराम : मौलाना शहाबुद्दीन रजवी

बरेली/संभल। ऑल इंडिया मुस्लिम जमात के अध्यक्ष मौलाना शहाबुद्दीन रजवी ने शनिवार को कहा कि सूर्य नमस्कार एक तरह से सनातन धर्म, यानी हिंदुओं का तरीका है, जो इस्लाम के हिसाब से हराम है। वहीं उत्तर प्रदेश के सहकारिता राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) जेपीएस राठौर ने रजवी पर पलटवार करते हुए कहा कि इससे अधिक छोटी मानसिकता वाली कोई बात नहीं हो सकती। इस बीच संभल से मिली खबर के मुताबिक योग दिवस पर संभल के विभिन्न मदरसों में भी योग किया गया, जिसमें मुस्लिम छात्रों ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। योग में शामिल एक अतिथि ने कहा कि इस्लाम में योग से कोई परहेज नहीं है। शनिवार सुबह दरगाह आला हजरत में स्थित ग्रांड मुफ्त हाउस में योग करने के बाद रजवी ने कहा कि मैंने योग का समर्थन किया है, लेकिन सूर्य नमस्कार का विरोध किया है। सूर्य नमस्कार मुसलमान नहीं कर सकता। मौलाना ने कहा कि हर औरत और आदमी को योग करना चाहिए। मदरसों और मस्जिदों में भी योगा होना चाहिए। मगर सूर्य नमस्कार, सूरज को देखकर सूरज को पूजना है। इस्लाम में इन तमाम चीजों की मनाही है। इस्लाम में सूरज को पूजना नाजायज है। इसलिए हमने सभी को सूर्य नमस्कार करने से मना किया है। रजवी ने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार ने जब मदरसों में योग दिवस मनाने का आदेश दिया तो कुछ मदरसों ने योग दिवस मनाया और ज्यादातर मदरसों ने ये कहकर विरोध किया कि योग सनातन धर्म की पहचान है। उन्होंने कहा कि सभी धर्मों के लोग मिलजुल कर शानदार तरीके से योग दिवस मनाएं। इस बीच, राज्य के मंत्री राठौर ने बरेली कॉलेज बरेली के मैदान में योग करने के बाद रजवी के बयान पर पलटवार करते हुए कहा, जैसे हमारा सूर्य सत्य है, वैसे ही सूर्य नमस्कार भी सत्य है। मुस्लिम धर्म गुरुओं के सूर्य नमस्कार का विरोध करने पर उत्तर प्रदेश सरकार के होमगार्ड राज्य मंत्री धर्मवीर प्रजापति ने कहा कि सूर्य नमस्कार एक प्राणायाम है, नमाज पढ़ी जाती है और उसमें भी प्राणायाम आता है और सूर्य को महत्व देना चाहिए। शनिवार को संभल जिले के चंदौसी के मझावली में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर शामिल हुए मंत्री प्रजापति ने मुस्लिम धर्म गुरुओं द्वारा सूर्य नमस्कार का विरोध करने पर उन्हें नसीहत दी। उन्होंने कहा कि प्राणायाम करना, योग करना हमारे जीवन की प्रक्रिया का एक हिस्सा होना चाहिए, क्योंकि इससे तन और मन दोनों ही स्वस्थ रहते हैं। उधर, योग दिवस पर संभल के विभिन्न मदरसों में भी योग किया गया, जिसमें मुस्लिम छात्रों ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। योग में शामिल लोगों ने कहा कि इस्लाम में योग से कोई परहेज नहीं है। संभल के मदरसा हमीदिया अशरफिया तिवारी सराय सहित कई मदरसों में क्षेत्र में योग का आयोजन हुआ है। मदरसा ज़यिाउल उलूम सरायतरीन, मदरसा सिराजुल उलूम हिलाली सराय और मदरसा हमीदिया अशरफिया तिवारी सराय में मुस्लिम छात्रों ने योग किया।

# भारत की सांस्कृतिक परंपरा का अभिन्न अंग है योग

- धूमधाम से मनाया गया 11 वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस



**रायबरेली।** 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर मोतीलाल नेहरू स्टेडियम में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय योग महाकुंभ कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जनपद प्रभारी कैबिनेट मंत्री प्रदेश सरकार राकेश सचान, नोडल अधिकारी वैभव श्रीवास्तव, विधायक सलोन अशोक कुमार, जिलाधिकारी हर्षिता माथुर व पुलिस अधीक्षक डॉ यशवीर सिंह ने जनपद स्तरीय अधिकारियों व आम जनमानस के साथ प्रोटोकॉल योगाभ्यास किया।

इस अवसर पर प्रभारी मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री के अथक प्रयासों से योग को अंतरराष्ट्रीय पहचान मिली है। जिसके फलस्वरूप आज भारत के साथ पूरे विश्व के लोग अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर योग कर रहें है। भारत ने पूरे विश्व को योगमय बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। योग भारत की महान सांस्कृतिक परंपरा का अभिन्न अंग है। योग भारत के ऋषि मुनि परंपरा की अमूल्य धरोहर है। योग का कोई जाति धर्म नहीं है यह मानव कल्याण के लिए है। डीएम हर्षिता माथुर ने लोगों से प्रतिदिन योग करने का आह्वान किया। उन्होंने ने कहा कि योग करने से शरीर स्वस्थ व निरोगी रहता है। योग को सहजता, सरलता व सजगता के साथ करना चाहिए। योग प्रशिक्षक डॉ रवि प्रताप सिंह के द्वारा प्रोटोकॉल के अनुसार मनमोहक ढंग से योग कराया गया। इस अवसर पर प्रभारी मंत्री ने अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर चित्रकला, रंगोली, भाषण आदि प्रतियोगिताओं में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र/छात्राओं को पुरस्कृत भी किया गया। कार्यक्रम में सीडीओ अर्पित उपाध्याय, जिला भाजपा अध्यक्ष बुद्धिलाल पासी, अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) सिद्धार्थ, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट प्रफुल्ल शर्मा के अतिरिक्त अन्य विभागों के अधिकारी, कर्मचारीगण सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

बछरावां नगर के किदवई पार्क में आज योग दिवस मनाया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन बछरावां नगर पंचायत द्वारा किया गया। वहीं इस कार्यक्रम में बछरावां विकासखंड, तहसील, बेसिक शिक्षा, व्यापारी बंधु ने भी सहभागिता निभाई।

इस योग दिवस के मौके पर एसडीएम सचिन यादव, तहसीलदार मंजुला मिश्रा, पूर्व विधायक रामलाल अकेला, नगर के यशस्वी नगर पंचायत अध्यक्ष शिवेंद्र सिंह उर्फ राम जी, अधिशासी अधिकारी राम आशीष वर्मा, खंड विकास अधिकारी शिव बहादुर सिंह, ब्लॉक प्रमुख अमन दऊवा, वरिष्ठ समाजसेवी सौरमंडल शुक्ला, सहित काफी संख्या में शिक्षक गण, समाजसेवी व्यापारीगण व नगर पंचायत कर्मी मौजूद रहे। लालगंज में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर खंड विकास अधिकारी गगनदीप सिंह के नेतृत्व में विकास कार्यालय में योग दिवस आयोजित किया गया जिसमें ब्लॉक के कर्मचारियों सहित अन्य लोगों ने की बढ़ चढ़कर भाग लिया। बीडीओ गगनदीप सिंह ने कहा कि विश्व योग दिवस का उद्देश्य लोगों को योग के महत्व और इसके स्वास्थ्य लाभों के बारे में जागरूक करना है। योग एक प्राचीन भारतीय अभ्यास है जो शारीरिक, मानसिक और आत्मिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाने में मदद करता है। सहायक विकास अधिकारी रणवीर प्रताप सिंह सहित कर्मचारी और समाज के लोग मौजूद रहे।

एनटीपीसी ऊँचाहार में 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर सभी कर्मचारियों, परिवारजनों एवं सीआईएसएफ कर्मियों के लिए, एक विशेष योग सत्र का आयोजन किया गया। योग प्रशिक्षक ने उपस्थित जनों को पहले योग अभ्यास, फिर प्राणायाम एवं अन्य शारीरिक क्रियाओं का सूक्ष्म एवं प्रभावी प्रशिक्षण प्रदान किया। प्रतिभागियों ने पूरे उत्साह से इस सत्र में भाग लेकर योग एवं प्राणायाम का लाभ उठाया। इस अवसर पर मानव संसाधन प्रमुख, सभी विभागाध्यक्ष, विद्यालयों के प्रधानाचार्य, सीआईएसएफ के सहायक कमांडेंट, यूनियन एवं एसो. के पदाधिकारी भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ प्रबंधक (मानव संसाधन) श्रीनिवास शर्मा ने किया।

एनएसपीएस त्रिपुला में आयोजित कार्यक्रम के दौरान प्रधानाचार्य शिवलखन प्रजापति ने राजीव कुमार सिंह, तारकेश्वर सिंह, आई वी सिंह, शिवांग अवस्थी व शिक्षक-शिक्षिकाओं के साथ योग किया। संयोजिका संचिता त्रिवेदी ने योग प्रशिक्षक की भूमिका अदा करते हुए सबको योग कराया।

### आरेडिका में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का भव्य आयोजन

**रायबरेली।** आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना (आरेडिका) में 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर मुख्य कार्यक्रम गोमती इन्डोर स्टेडियम में विशाखापट्टनम से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के लाइव प्रसारण के साथ एक विशाल योग शिविर का आयोजन किया गया। इस वर्ष योग दिवस की थीम एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योग रही, जिसमें संपूर्ण विश्व के स्वास्थ्य के प्रति समर्पण का संदेश निहित है। आरेडिका में 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर कुल 8 जगहों पर वृहद योगा कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें अधिकारी क्लब, सुपरवाइजर क्लब, वर्कर क्लब, हॉस्पिटल, केन्द्रीय विद्यालय, शॉपिंग काम्पलेक्स, सेंट्रल पार्क प्रमुख हैं। इसके साथ ही शॉपिंग काम्पलेक्स में स्काउट गाइड के बच्चों द्वारा योग पर विशेष नुक्कड़ नाटक का आयोजन भी किया गया। योग शिविर में आरेडिका के प्रधान मुख्य सामग्री प्रबन्धक राजीव राज पुरोहित, मुख्य प्रशासनिक अधिकारी अतुल प्रियदर्शी, प्रधान सीएमओ आभा जैन, प्रधान मुख्य इंजीनियर सत्य प्रकाश यादव, प्रधान वित्त सलाहकार बी.एल. मीणा, प्रधान मुख्य कार्मिक अधिकारी रूपेश श्रीवास्तव, एसडीजीएम एवं सीवीओ अकमल वदूद, प्रधान मुख्य सुरक्षा आयुक्त रमेश चंद्र, पदमश्री एवं अर्जुन अवार्डी व आरेडिका खेल अधिकारी सुधा सिंह, रेलवे सुरक्षा बल के जवानों, कर्मचारियों तथा उनके परिवारजनों ने योगाचार्य अमित त्रिपाठी के कुशल मार्गदर्शन में योगाभ्यास किया।

### एसजेएस में मनाया गया अंतरराष्ट्रीय योग दिवस

**रायबरेली।** कचेहरी रोड स्थित एसजेएस पब्लिक स्कूल में आज ग्यारहवां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। इस बार योग दिवस की थीम एक पृथ्वी एक स्वास्थ्य के लिए योग थी। इस अवसर पर स्कूल के शिक्षकों और कमचारियों ने योग प्रशिक्षक पूजा सिंह के कुशल निर्देशन में योग अभ्यास किया। योग प्रशिक्षक पूजा सिंह ने सभी शिक्षकों को योग और उनसे होने वाले लाभ के बारे में बताया। विद्यालय की प्रधानाचार्या डॉ. बीना तिवारी ने कहा कि ध्यान और योग को सभी को अपनी दिनचर्या में शामिल करना चाहिए। योग प्रशिक्षक पूजा सिंह ने सभी अध्यापकों और कर्मचारियों को सूर्य नमस्कार, वृक्षासन, ब्रज आसन, कपाल भारती जैसे तमाम आसनों के बारे में बताया और योगाभ्यास किया।

# तहसील गौरीगंज में आयोजित हुआ संपूर्ण समाधान दिवस



**अमेठी।** जनसामान्य की शिकायतों के त्वरित निस्तारण के उद्देश्य से शनिवार को जनपद की चारों तहसीलों में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी संजय चौहान की अध्यक्षता में तहसील गौरीगंज में संपूर्ण समाधान दिवस आयोजित हुआ। संपूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी ने शिकायतकर्ताओं की समस्या सुनकर मौके पर अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि शिकायतें लंबित न रखी जाये, शिकायतों को गम्भीरता से लिया जाये। संपूर्ण समाधान दिवस के दौरान पुलिस विभाग के संबंधित शिकायतों को पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक ने सुना एवं संबंधित थानाध्यक्षों को निस्तारण के निर्देश दिए। आज तहसील गौरीगंज में कुल 38 शिकायतें प्राप्त हुई जिनमें 06 का मौके पर निस्तारण कराया गया, तहसील अमेठी में 28 शिकायतें प्राप्त हुई जिनमें 01 का निस्तारण किया गया, तहसील तिलोई में 60 शिकायतें प्राप्त हुई तथा तहसील मुसाफिरखाना में 18 शिकायतें प्राप्त हुई, जिनके निस्तारण हेतु पुलिस और राजस्व की संयुक्त टीमें मौके पर भेजी गई। संपूर्ण समाधान दिवस के दौरान जिलाधिकारी ने समस्त जनपदीय अधिकारियों को निर्देश दिए की सभी अधिकारी अपने-अपने कार्यालय में प्रातः 10:00 बजे से 12:00 बजे तक जन समस्याओं को सुने तथा उनका प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण करना सुनिश्चित करें। सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान उपजिलाधिकारी गौरीगंज प्रीति तिवारी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ अंशुमान सिंह, जिला विकास अधिकारी वीरभानु सिंह सहित जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

## युवक की संदिग्ध हालात में मौत, परिजनों से मिला सपा का प्रतिनिधिमंडल

**अमेठी।** जिले के थाना जामो क्षेत्र के बलभद्रपुर गांव में 25 वर्षीय युवक मनोज कुमार लोधी पुत्र राम आनन्द लोधी का शव संदिग्ध परिस्थितियों में पेड़ से लटकता मिला। घटना के बाद से गांव में सनसनी फैल गई है। परिजनों ने युवक की हत्या की आशंका जताते हुए निष्पक्ष जांच की मांग की है। घटना की जानकारी मिलते ही समाजवादी पार्टी का प्रतिनिधिमंडल मृतक के घर पहुंचा और शोकाकुल परिजनों से मुलाकात कर उन्हें सांत्वना दी। सपा जिलाध्यक्ष राम उदित यादव ने कहा कि समाजवादी पार्टी पीड़ित परिवार के साथ है और दोषियों को सजा दिलाने के लिए हर संभव प्रयास करेगी। उन्होंने प्रशासन से घटना की गहराई से जांच कर सच सामने लाने की मांग की। प्रतिनिधिमंडल में सपा जिलाध्यक्ष राम उदित यादव, ग्राम प्रधान राम बैराती पाती, ब्लॉक अध्यक्ष जंग बहादुर यादव, शिव प्रताप यादव, राम सूरत लोधी, दीपू तिवारी, प्रमोद पासी, अनिल यादव और मनीष मौजूद रहे।

## विद्याकलश के बच्चों व शिक्षकों ने किया योग

**तिलोई, अमेठी।** खानापुर चपरा स्थित विद्याकलश हाई स्कूल में विश्व योग दिवस के अवसर पर विद्यालय के बच्चों, बच्चियों एवं शिक्षकों ने योगाभ्यास सहित विविध कार्यक्रम आयोजित किए। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्रबंधक डॉ० आलोक तिवारी ने डीप प्रज्ज्वलन कर किया। अपने उद्बोधन में डॉ० तिवारी ने योग के महत्व पर बच्चों के साथ विस्तार से चर्चा की। कार्यक्रम का संचालन खेल प्रशिक्षक राहुल शुक्ल ने किया। श्री शुक्ल ने बताया कि योग दिवस पर बच्चों व शिक्षकों ने संयुक्त रूप से योगाभ्यास किया। सभी ने मिल कर सूर्य नमस्कार, कपाल भाती, अनुलोम विलोम, ताड़ासन, शव आसन इत्यादि योग आसानो का अभ्यास किया। कार्यक्रम में विद्यालय के बच्चों सहित वरिष्ठ शिक्षक धनंजय उपाध्याय, मोहित मिश्र, आदर्श श्रीवास्तव, श्यामू मौर्य इत्यादि उपस्थित रहे।

## संघ की शाखा योग और व्यक्ति निर्माण का सबसे उपयुक्त केंद्र : जिला प्रचारक



**अमेठी।** विश्व योग दिवस के मौके पर अनेकों स्थानों पर योग करके लोगों ने जीवन में योग अपनाने को प्रेरित हुए। योग दिवस पर राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के अमेठी जिला प्रचारक पवन कुमार ने भेंटुआ के पूर्व माध्यमिक विद्यालय टिकरी में स्वयंसेवकों के साथ योग करते हुए कहा कि योग केवल व्यायाम नहीं, बल्कि एक अनुशासन है। जो तन को स्वस्थ, मन को शांत और आत्मा को जागरूक करता है। यह जीवन को संतुलित करता है और विश्व को एकता के सूत्र में बाँधता है। कहा कि संघ की शाखा योग और व्यक्ति निर्माण का सबसे उपयुक्त केंद्र हैं। संघ की शाखा में प्रत्येक दिन को 21 जून जैसा आत्मसात करें। इस मौके पर राजेंद्र सिंह, शिवांश सिंह, चंद्र भान सिंह, साधु सिंह, अरुण कुमार के साथ बड़ी संख्या में लोगों की मौजूदगी रही।

## सरस्वती इंटर कॉलेज में मनाया गया अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस



**कादीपुर, सुलतानपुर।** सरस्वती इंटर कॉलेज उमरी पौधनरामपुर में शुक्रवार को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य श्री राकेश कुमार सिंह ने कार्यक्रम की शुरूआत करते हुए योग के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि योग न केवल शारीरिक कसरत है, बल्कि यह मन, शरीर और आत्मा को जोड़ने का एक माध्यम है, जो हमें जीवन की चुनौतियों से निपटने की शक्ति देता है। श्री सिंह ने बताया कि 21 जून को हर वर्ष योग दिवस मनाया जाता है, जो भारत की प्राचीन परंपरा को वैश्विक स्तर पर पहचान दिलाने का माध्यम बना है। नियमित योग अभ्यास से शरीर मजबूत, मन शांत और जीवनशैली जनित बीमारियों जैसे उच्च रक्तचाप, मधुमेह, हृदय रोग व मोटापे से बचाव संभव है। कॉलेज के क्रीड़ा प्रभारी श्री आनंद सिंह ने विद्यार्थियों व स्टाफ को योगाभ्यास कराया। उन्होंने बताया कि योग दिवस की शुरूआत प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के 2014 में संयुक्त राष्ट्र में दिए गए प्रस्ताव से हुई थी, जिसे 177 देशों का समर्थन मिला। पहला योग दिवस 2015 में मनाया गया था, और तब से यह दिन स्वास्थ्य और कल्याण का प्रतीक बन गया है। कार्यक्रम में कॉलेज के शिक्षक, कर्मचारी और बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। सभी ने एकजुट होकर योग को अपनाने और स्वस्थ जीवन जीने का संकल्प लिया।

संक्षेप

## गमछे से लटकता मिला शव

**गोसाईगंज, सुलतानपुर।** थाना क्षेत्र के बसौढ़ी गांव में शनिवार को एक व्यक्ति की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मृतक की पहचान सुरेश निषाद (उम्र लगभग 45 वर्ष) के रूप में हुई है, जिसका शव उनके ही घर में गमछे के सहारे लटका मिला। घटना की जानकारी मिलते ही गांव में सनसनी फैल गई। घटना की सूचना पाकर टाटियानगर चैकी प्रभारी गुलाबचंद्र पाल पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। चैकी प्रभारी ने बताया कि मामले की गहन जांच की जा रही है और मौत के वास्तविक कारणों की पुष्टि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही हो सकेगी।

## अनियंत्रित कार पोल से टकरायी 4 घायल

**बछरावां, रायबरेली।** थानाक्षेत्र अंतर्गत ग्राम सरौरा निवासी अमित कुमार पांडेय पुत्र हनुमान प्रसाद पांडेय अपनी पत्नी विजेता, पुत्री दीपांजलि 16, पुत्र शिवराम कृष्ण के साथ कार द्वारा गांव से रायबरेली निजी कार्य के लिये जा रहे थे। गांव से थोड़ा आगे निकलते ही कार अनियंत्रित होकर लखनऊ प्रयागराज हाईवे पर लगे कैमरे के पोल से टकरा गयी, जिससे कार सवार सभी लोगो को गंभीर चोंटे आयी। एनएचआई की एम्बुलेंस से घायलों को बछरावां सीएचसी पहुँचाया गया जहाँ सभी का इलाज किया गया।

## सिल्ट सफाई शुरू

**बछरावां, रायबरेली।** किसानों की समस्या को लेकर पूर्व विधायक रामलाल अकेला ने अथक प्रयास द्वारा बछरावां रजबहा में जमी सिल्ट सफाई को लेकर उच्च अधिकारियों से बातचीत कर माइनर की सफाई का काम शुरू हो गया है। किसानों के आग्रह पर प्रातः सुबह पूर्व विधायक रामलाल अकेला द्वारा मौके पर पहुंचकर सिल्ट सफाई के कार्य का शुभारंभ किया गया है। इस मौके पर नगर पंचायत अध्यक्ष शिवेंद्र चैधरी उर्फ राम जी ने किसानों के आग्रह पर सिल्ट सफाई की पैरवी की थी।

## काली माता मंदिर का हुआ जीर्णोद्धार भंडारे में हजारों ने चखा प्रसाद



**गोसाईगंज, सुलतानपुर (वीओएल)।** थाना क्षेत्र अंतर्गत गाना मिश्र का पुरवा में अस्सी साल पुराने जर्जर काली माता मंदिर का गांव के लोगों ने मिल कर जीर्णोद्धार कराया इसके बाद हवन पूजन के साथ शुक्रवार भंडारे का आयोजन किया गया। जो देर रात तक चलता रहा। इस अवसर पर उपस्थित नागेंद्र मिश्रा ने बताया कि कर्म प्रधान इस देश की पवित्र भूमि पर देवी देवताओं की अलग महत्ता है। मां काली कृपा निधान के रुप में प्रसिद्ध है। समाजसेवी ओम प्रकाश मिश्रा ने बताया कि इस मंदिर में काली माता की मूर्ति लगभग 80 वर्षों पूर्व रखी गई थी। अब यहां एक अन्य मंदिर का भव्य निर्माण हो गया है। इस मौके पर मंदिर से जुड़े सभी लोगों का अंगवस्त्र भेंट कर सम्मान किया गया। भंडारे में आए सभी भक्तों का कटका क्लब अध्यक्ष सौरभ मिश्र विनम्र ने आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर सोनू मिश्र, राकेश मिश्र, पुष्कर मिश्रा, शुभम मिश्र श्रोहितश अंकित मिश्र, प्रदीप मिश्र, एडवोकेट अनूप मिश्र, लल्ला मिश्र, शिवकुमार मिश्र, भोला मिश्र, शीतला मिश्र, अनिल कुमार मिश्र, सत्य व्रत मिश्र सहित अन्य मौजूद रहे।

# सीएल इंटर कॉलेज में पर्यावरण संरक्षण पर बच्चों को किया गया जागरूक



**दोस्तपुर, सुलतानपुर।** आज के दौर में जब तापमान लगातार बढ़ रहा है, वर्षा में गिरावट हो रही है और प्राकृतिक असंतुलन का खतरा मंडरा रहा है, ऐसे समय में पर्यावरण संरक्षण केवल आवश्यकता नहीं, बल्कि जीवन का एक अनिवार्य हिस्सा बन चुका है। इसी संदेश को जन-जन तक पहुंचाने के लिए शनिवार को सी.एल. इंटर कॉलेज छीतेपट्टी में पर्यावरण जागरूकता समारोह आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में विद्यालय के प्रधानाचार्य राजीव मोहन श्रीवास्तव, संजय कुमार पाण्डेय, शिवम मिश्रा, अनिल तिवारी प्रकाश चन्द्र यादव, राजीव चतुवेर्दी, रमाकांत बर्मा समस्त स्टाफ, एनसीसी कैडेट्स और सैकड़ों छात्र-छात्राओं ने हिस्सा लिया। इस अवसर पर बच्चों द्वारा विद्यालय परिसर में सैकड़ों पौधे लगाए गए और उन्हें संरक्षित करने की जिम्मेदारी भी ली गई। प्रधानाचार्य ने संबोधन में कहा कि आज का समय हमें चेतावनी दे रहा है। तापमान 43-44 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच चुका है और हर वर्ष बारिश में कमी हो रही है। यदि हम अब भी नहीं चेते, तो आने वाली पीढ़ियों को इसका गंभीर परिणाम भुगतना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि पर्यावरण को संरक्षित रखना आज जीवन को सुरक्षित रखने के समान है। कार्यक्रम में बच्चों ने पोस्टर, भाषण और नारेबाजी के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। ह्लपेड़ लगाओ, जीवन बचाओह्व जैसे नारों से वातावरण गूंज उठा। छात्रों ने संकल्प लिया कि वे न सिर्फ विद्यालय में, बल्कि अपने घर व गांव में भी पौधारोपण करेंगे। एनसीसी कैडेट्स के नेतृत्व में अनुशासित तरीके से पौधारोपण किया गया और प्रत्येक पौधे की देखभाल की जिम्मेदारी तय की गई। शिक्षकों ने बताया कि वृक्ष न केवल ऑक्सीजन प्रदान करते हैं, बल्कि पृथ्वी की हर समस्या का समाधान भी बन सकते हैं, चाहे वह जलवायु परिवर्तन हो या जल संकट। कार्यक्रम के अंत में सभी ने मिलकर यह संकल्प लिया कि वे पर्यावरण की रक्षा के लिए निरंतर कार्य करेंगे और समाज को भी इसके लिए जागरूक करेंगे।

# योग दिवस पर पुलिसकर्मियों और छात्र-छात्राओं ने किया योगाभ्यास



**कूरेभार, सुलतानपुर।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर कूरेभार क्षेत्र में उत्साहपूर्वक योग कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। सरकारी प्रतिष्ठानों, स्कूल-कॉलेजों तथा सामाजिक और राजनीतिक संगठनों ने मिलकर योगाभ्यास कर लोगों को इसके महत्व के प्रति जागरूक किया। कूरेभार थाना परिसर में एसओ रविंद्र सिंह की मौजूदगी में पुलिसकर्मियों ने जोश के साथ विभिन्न योगासनों और प्राणायामों का अभ्यास किया। उन्होंने योग को मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य के लिए अत्यंत लाभकारी बताया तथा पुलिस जैसी चुनौतीपूर्ण सेवा में इसे बेहद जरूरी करार दिया। इस मौके पर उपनिरीक्षक राजेश कुमार यादव, सूर्यपाल सिंह, राजेश कुमार समेत कई पुलिसकर्मी उपस्थित रहे। इसी क्रम में कूरेभार ब्लॉक मुख्यालय पर भी सुबह 7 बजे से योग कार्यक्रम आयोजित किया गया। मास्टर ट्रेनर की देखरेख में अधिकारियों, कर्मचारियों, भाजपा कार्यकताओं और ग्रामीणों ने मिलकर योगाभ्यास किया। खंड विकास अधिकारी श्रीकांत तिवारी ने योग को न केवल शारीरिक स्वास्थ्य, बल्कि मानसिक शांति और आत्मिक संतुलन का माध्यम बताया और सभी से इसे जीवनशैली में शामिल करने की अपील की। कार्यक्रम में एडीओ पंचायत प्रकाश कुमार मिश्रा, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण से सुनील कुमार राठौर, भाजपा नेत्री सुमन सिंह, मंडल अध्यक्ष राजमणि मौर्य सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। ग्राम सचिवालयों और परिषदीय स्कूलों में भी शिक्षकों व छात्रों ने मिलकर योगाभ्यास किया।

## फर्जी विधानसभा पास के खिलाफ पुलिस ने चलाया अभियान, 19 वाहनों पर कार्रवाई

**रायबरेली।** जिले में वीवीआईपी कल्चर और फजीर्वाड़े पर नकेल कसने के लिए पुलिस ने एक विशेष अभियान चलाया। एसपी डॉ. यशवीर सिंह के निर्देशन में यातायात पुलिस ने प्राइवेट वाहनों पर फर्जी विधानसभा और सचिवालय पास लगाकर चलाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की। इस अभियान के तहत 6 बजे से रात 9 बजे तक जिले के विभिन्न प्रमुख चौराहों पर वाहनों की गहन जांच की गई। यातायात पुलिस की विशेष टीम, जिसमें प्रभारी निरीक्षक यातायात इंद्रपाल सिंह सेंगर, टीएसआई भारत राज, टीएसआई अभिमन्यु सिंह, टीएसआई राममिलन, और टीएसआई राम सजीवन शामिल थे, ने सिविल लाइन चैराहा, डिग्री कॉलेज चैराहा, रतापुर चैराहा, कस्बा बछरावां, और लालगंज चैराहा जैसे प्रमुख स्थानों पर चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान कुल 50 प्राइवेट वाहनों की जांच की गई, जिनमें से 19 वाहनों पर फर्जी विधानसभा और सचिवालय पास लगे पाए गए। पुलिस ने सभी 19 वाहनों के फर्जी पास जब्त कर लिए और संबंधित वाहन मालिकों के खिलाफ आगे की जांच शुरू कर दी है। एसपी ने स्पष्ट किया कि यदि जांच में यह पाया गया कि फर्जी पास वाहन मालिकों की सहमति से लगाए गए हैं, तो उनके खिलाफ विधिक कार्रवाई की जाएगी। यह पहली बार नहीं है जब रायबरेली पुलिस ने फर्जी पास के खिलाफ कार्रवाई की हो। नवंबर 2024 में भी एक समान अभियान के दौरान पुलिस ने 40 से 50 वाहनों के फर्जी पास जब्त किए थे और कई वाहन मालिकों के खिलाफ चालान जारी किए थे। उस समय भी एक वाहन पर फर्जी पास स्कैन करके लगाया गया था, जिसके लिए 2000 रुपये का चालान और गलत पार्किंग के लिए 500 रुपये का जुमार्ना लगाया गया था। पुलिस का यह अभियान न केवल फर्जी विस पास के दुरुपयोग को रोकने में प्रभावी साबित हुआ है, बल्कि यह जिले में कानून-व्यवस्था को मजबूत करने और वीवीआईपी कल्चर पर अंकुश लगाने की दिशा में भी एक बड़ा कदम है।

## तहसील गेट के सामने अवैध निर्माण सील, आरडीए की लापरवाही उजागर

**रायबरेली।** शहर में अवैध निर्माण का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। ताजा मामला सदर तहसील गेट के ठीक सामने का है, जहां जिलाधिकारी कार्यालय से चंद कदमों की दूरी पर नक्शे के विपरीत एक बहुमंजिला इमारत का निर्माण धड़ल्ले से चल रहा था। इस अवैध निर्माण पर आखिरकार जिला प्रशासन की नजर पड़ गई, और रायबरेली विकास प्राधिकरण के अधिकारियों ने इसे सील कर दिया। लेकिन सवाल यह उठता है कि इतने संवेदनशील स्थान पर अवैध निर्माण कैसे शुरू हो गया।

सदर तहसील गेट के सामने बन रही इस इमारत में न केवल नक्शे का उल्लंघन किया गया, बल्कि बेसमेंट निर्माण में भी मानकों की खुलेआम अनदेखी की गई। सूत्रों के अनुसार इस निर्माण के लिए खनन विभाग से कोई अनुमति नहीं ली गई थी, जो कि बेसमेंट निर्माण के लिए अनिवार्य है। इसके बावजूद, निर्माण कार्य तेजी से चल रहा था, जिससे आरडीए की कार्यशैली पर सवाल उठ रहे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि इस तरह के निर्माण कार्यों में अधिकारियों की मिलीभगत के बिना इतने बड़े पैमाने पर उल्लंघन संभव नहीं है। जब इस मामले में आरडीए के सहायक अभियंता से संपर्क करने की कोशिश की गई तो उन्होंने फोन तक उठाना मुनासिब नहीं समझा। यह उदासीनता आरडीए के कामकाज के प्रति गंभीर सवाल खड़े करती है। यह पहली बार नहीं है जब आरडीए के अधिकारियों पर लापरवाही और अवैध निर्माण को अनदेखा करने का आरोप लगा हो। इससे पहले भी शहर के विभिन्न हिस्सों, जैसे जहानाबाद चैकी, कहारों का अड्डा, मनिका सिनेमा, और प्प्डै के आसपास के क्षेत्रों में मानक विहीन और नक्शे के बिना इमारतें बनने की शिकायतें सामने आ चुकी हैं।

# दिनचर्या में शामिल करें योग, सदा रहें निरोग

**अमेठी।** ७एक पृथ्वी-एक स्वास्थ्य के लिए योग७ थीम पर आधारित 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर आज जवाहर नवोदय विद्यालय गौरीगंज के प्रांगण में योगाभ्यास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें राज्यमंत्री खाद्य एवं रसद तथा नागरिक आपूर्ति विभाग उत्तर प्रदेश सतीश चंद्र शर्मा, नोडल अधिकारी डॉ रूपेश कुमार प्रबंध निदेशक उ0प्र0 राज्य विद्युत उत्पादन निगम, जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश अग्रहरी, विधायक गौरीगंज राकेश प्रताप सिंह, विधायक जगदीशपुर सुरेश पासी, जिलाधिकारी संजय चौहान, पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक, जिलाध्यक्ष भाजपा सुधांशु शुक्ला, पूर्व जिलाध्यक्ष भाजपा राम प्रसाद मिश्र सहित अन्य जनपदीय अधिकारियों, कर्मचारियों, छात्र-छात्राओं व जन सामान्य ने सामूहिक रूप से योगाभ्यास किया। योग प्रशिक्षक धर्मेंद्र कुमार वर्मा, प्रेम सुधा सिंह एवं शैलेश ओझा द्वारा सभी को योगाभ्यास कराया गया तथा योग के विभिन्न आसन सिखाए गए एवं योग करने से होने वाले लाभों की जानकारी भी दी गई। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के उद्बोधन व योगाभ्यास कार्यक्रम का सजीव प्रसारण किया गया, जिसके उपरांत यहां पर सभी ने सामूहिक रूप से योगाभ्यास किया है। इस



अवसर पर मा. प्रभारी मंत्री जी ने उपस्थित सभी लोगों को 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की बधाई देते हुए योग को अपनी दैनिक दिनचर्या में शामिल करने का आवाहन किया तथा योग से होने वाले लाभों के बारे में बताया। नोडल अधिकारी डॉ रूपेश कुमार ने भी सभी लोगों से नियमित योग करने की अपील किया तथा कहा कि नियमित योग करने से हम स्वस्थ रहने के साथ ही विभिन्न बीमारियों से भी बच सकते हैं इसलिए आवश्यक है कि आप सभी लोग योग को अपनी दैनिक दिनचर्या में शामिल करें। जिलाधिकारी संजय चौहान ने संबोधित करते हुए सभी को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की बधाई देते हुए कहा कि जिस प्रकार से हमारी केंद्र व प्रदेश की सरकारों ने योग और भारतीय परंपरा को जीवन पद्धति के तौर पर अपनाने की जो पहल की है उससे आने वाले समय में और इस आधुनिकता वाले युग में ज्यादा से ज्यादा लोगों को लाभ मिलेगा। योगाभ्यास के उपरांत प्रभारी मंत्री सहित अन्य मा. जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों ने नवोदय विद्यालय के परिसर में ७एक पेड़ मां के नाम७ से पौधारोपण कर जनपद वासियों को पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। आज 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर जिला मुख्यालय के साथ ही जनपद की समस्त तहसीलों, विकासखंडों, थानों, हेल्थ वेलनेस सेंटर, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, अमृत सरोवर, पंचायत भवन, विद्यालयों, वृद्धाश्रम, स्टेडियम आदि स्थानों पर भी योगाभ्यास के कार्यक्रम आयोजित कर जन सामान्य को योगाभ्यास कराया गया तथा योग के महत्व के बारे में बताया गया एवं नियमित योग करने की अपील भी की गई। आज 11वें अंतर्राष्ट्रीय दिवस के अवसर पर पूरे जिले में योग की धूम रही सभी लोगों ने सामूहिक रूप से योगाभ्यास किया और योग को अपनी दैनिक दिनचर्या में शामिल करने का प्रण लिया।

संक्षेप

## देसी शराब के 38 पौआ सहित युवक गिरफ्तार

**टूंडला।** थाना पुलिस ने चेकिंग के दौरान शुक्रवार रात्रि सवा आठ बजे जरौली कलां गांव के सामने सड़क पर बनी पुलिया से एक युवक को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार युवक बॉबी निवासी जैन मंदिर राजा का ताल थाना टूंडला का निवासी है। थाना प्रभारी अंजीश कुमार सिंह ने बताया पकड़े गए आरोपी के पास से तलाशी के दौरान एक बोरी से 38 पऊए देसी शराब बरामद हुए हैं। पुलिस ने गिरफ्तार आरोपी को न्यायालय के समक्ष पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

## जुआ खेलते 5 गिरफ्तार

**टूंडला।** थाना पचोखरा पुलिस ने चेकिंग के दौरान हेमराजपुर से नगला घनश्याम जाने वाले मार्ग पर खेत से पांच युवकों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी विनोद कुमार, राजेश कुमार, रामभरोसे, महेंद्र सिंह निवासी हेमराजपुर थाना पचोखरा व सुधीर कुमार निवासी नगला धनश्याम थाना पचोखरा हैं। थाना प्रभारी पारुल मिश्रा ने बताया कि पकड़े गए आरोपी खेत में जुआ खेल रहे थे। तलाशी के दौरान आरोपियों के पास से 1350 रुपये बरामद हुए हैं। पुलिस ने गिरफ्तार आरोपियों को न्यायालय के समक्ष पेश किया है।

## संपूर्ण समाधान दिवस पर आयीं 50 शिकायतें

**मथुरा।** जिलाधिकारी चंद प्रकाश के नेतृत्व में शनिवार को संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन तहसील सदर में आयोजित किया गया। इस दौरान कुल 50 शिकायतें आईं। जिसमें ज्यादातर शिकायती खेत नपत और जल भराव को लेकर थी जिस पर जिला अधिकारी ने तत्काल निस्तारण करने को टीमों को मौके पर जाकर गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने के निर्देश दिए हैं शेष अन्य विभागों से संबंधित शिकायतों का एक सप्ताह के अंदर निस्तारण करने को कहा संपूर्ण समाधान दिवस पर जन सुनवाई के दौरान वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्लोक कुमार, मुख्य विकास अधिकारी उप जिलाधिकारी सदर तथा समस्त जनपद स्तरीय अधिकारी कर्मचारी सदर तहसील में उपस्थित थे।

## महिला मजदूर को ट्रैक्टर ने कुचला, मौत

**मथुरा।** राया थाना क्षेत्र अंतर्गत बरेली जयपुर हाइवे के निर्माण में लगी एक महिला मजदूर को बीती देर शाम ट्रैक्टर ने कुचल दिया। जिससे उसकी उपचार के दौरान मौत हो गई। बताया गया कि लंबे समय से बरेली से जयपुर जाने वाले हाइवे का निर्माण लोक निर्माण विभाग द्वारा कराया जा रहा है। इसका जिम्मा लोक निर्माणविभाग द्वारा टीएमसीकपनी को सौंपा गया है। जिसमें झांसी के बरुआ सागर गांव की रहने वाली सीमा (26) पत्नी राजू मजदूरी का कार्य पिछले कई महीने से अपने परिवार के साथ कर रही थी। शुक्रवार देर शाम जब वह काम करके अपनी झुग्गी की ओर लौट रही थी। तभी तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने उसे कुचल दिया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई इलाज के लिए उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया जहां डाक्टर ने मृत घोषित कर दिया।

## श्रीकृष्ण जन्मस्थान पर आरएसएस ने किया योगाभ्यास

**मथुरा।** ग्यारहवें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर श्रीकृष्ण जन्मस्थान सेवा संस्थान के तात्वधान में योगाभ्यास कार्यक्रम का आयोजन राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ महानगर के निर्देशन में श्रीकृष्ण जन्मस्थान के लीला मंच प्रांगण में किया गया । इस अवसर पर सैकड़ों स्वयंसेवकों सहित माता - बहिनों व बालकों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की । योगाभ्यास के आरंभ में ध्वजारोहण व ध्वज प्रणाम के पश्चात विभाग कार्यवाह डा. संजय व महानगर कार्यवाह विजय जी के निर्देशन में योग, प्राणायाम व विभिन्न आसनों का अभ्यास कराते हुए उनके स्वास्थ्य पर होने वाले लाभ की जानकारी भी दी गई । देश हमें देता है सब कुछ, हम भी तो कुछ देना सीखें गणगीत का सामूहिक गायन माधव जी द्वारा कराया गया, योगासन अग्रेसर के दायित्व का निर्वाह अखिलेश जी व राजू सिंह एडवोकेट द्वारा किया गया । समापन से पूर्व उपस्थित जन को संबोधित करते हुए प्रसिद्ध कथावाचक श्रीअतुल कृष्ण जी ने योगिराज भगवान कृष्ण की प्राकट्य भूमि पर किए योगाभ्यास के दिव्य अनुभव की चर्चा करते हुए जीवन में श्रीकृष्ण, योग व रामायण के आदर्श पात्रों के अनुकरण से तनाव रहित दिनचर्या व्यतीत करने पर प्रकाश डाला । कार्यक्रम का समापन संघ की सामूहिक प्रार्थना के उपरान्त ध्वजावतरण के साथ हुआ ।

# करें योग, रहें निरोग

## भव्य रूप में हुआ योग संगम का आयोजन



**मथुरा।** 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का मुख्य आयोजन ह्लयोग संगमह्ल के नाम से स्व0 मोहन पहलवान स्पोर्ट्स स्टेडियम/ गणेशरा स्टेडियम मथुरा में भव्य रूप से संपन्न हुआ। समारोह का शुभारंभ एवं उद्घाटन माननीय गणों की गरिमामई उपस्थिति में किया गया, जिसमें सांसद श्रीमती हेमा मालिनी, सांसद तेजवीर सिंह जी, सांसद प्रतिनिधि जनार्दन शर्मा, मंडलायुक्त शैलेन्द्र कुमार सिंह, जिलाधिकारी श्री चंद्र प्रकाश सिंह, मुख्य विकास अधिकारी श्री मनीष मीना, डीएफओ श्री रजनीकांत मित्तल, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट/ उप जिलाधिकारी सदर अभिनव जे जैन सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे। माननीयों का स्वागत जिला प्रशासन एवं आयुष विभाग के क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डॉ0 गोपाल सिंह तथा चिकित्सक डॉ0 अमृत कुमार, डॉ0 बृजेश, डॉ0 अमित गुप्ता, डॉ0 सचिन शर्मा, डॉ0 वसुंधरा शर्मा, डॉ0 प्रतिज्ञा चैहान, ड0 प्रतीक मदान द्वारा किया गया।

आयोजन का शुभारंभ भगवान धनवंतरी जी की पूजा अर्चना व दीप प्रज्वलन से किया गया। कार्यक्रम को आगे बढ़ाते हुए माननीय प्रधानमंत्री जी का जन संदेश उपस्थित माननीय जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों एवं आम जनमानस ने देखा। उक्त के पश्चात योगाचार्य सौरभ सिंह, पारुल शर्मा (मास्टर ट्रेनर) तथा देवांशी द्विवेदी द्वारा समस्त उपस्थित जनपद वासियों को योगाभ्यास कराया गया। साथ ही प्रत्येक आसन के लाभ भी बताए गए तथा इसके अलावा सामान्य योग सिद्धांतों पर भी प्रकाश डाला गया। जनपद में योग संगम का आयोजन सभी ब्लॉक एवं तहसील स्तर पर पार्क, अमृत सरोवर, घाट, जिला कारगार, किशोर संप्रेक्षण गृह, समाज कल्याण के अंतर्गत छात्रावास, दिव्यांग विद्यालय, रमन रेती आदि प्रसिद्ध स्थलों पर किया गया। योग संगम आयोजन में उपस्थित समस्त माननीय गण को पौधे के रूप में स्मृति चिह्न प्रदान कर सम्मानित किया गया। माननीय जनप्रतिनिधियों द्वारा राज्य सरकार द्वारा आयोजित डिजिटल योग प्रेरक प्रतियोगिता के प्रतिभागी विजेताओं को प्रमाण पत्र वितरित किया गया। समापन समारोह में माननीयों द्वारा जन मानस को योगाभ्यास के प्रति प्रेरित किया तथा योगमयी भविष्य के लिए दृण प्रतिज्ञ किया गया। विशेषकर युवा पीढ़ी को योगाभ्यास के लिए प्रेरित कर देश के विकास में महत्वपूर्ण योगदान देने को प्रशस्त किया गया। 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस को पर्यावरण संरक्षण से जोड़ते हुए जिला प्रशासन के दिशा निर्देशन में उद्यान विभाग (नोडल) द्वारा स्व0 मोहन पहलवान स्पोर्ट्स स्टेडियम/ गणेशरा स्टेडियम के प्रांगण में पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सांसद श्रीमती हेमा मालिनी, माननीय सांसद तेजवीर सिंह, मंडलायुक्त शैलेन्द्र कुमार सिंह, जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह, मुख्य विकास अधिकारी मनीष मीना आदि ने स्टेडियम में परिसर में वृक्षारोपण किया।

## तेज रफ्तार बाइक चलाना पड़ा महंगा, दो दोस्तों की गयी जान

**आगरा।** जन्मदिन पार्टी से लौट रहे बाइक सवार तीन दोस्तों के साथ दर्दनाक हादसा हुआ। रफ्तार ने दो की जान ले ली, तीसरा दोस्त मौत से जूझ रहा है। जन्मदिन की पार्टी कर घर लौट रहे तीन दोस्तों की बाइक अनियंत्रित होकर आंबेडकर पुल की दीवार से टकराई और करीब 20 फीट नीचे सड़क पर गिर गई। यह देख पीछे आ रहे अन्य दोस्तों में चीख-पुकार मच गई। पुलिस ने तीनों को एसएन मेडिकल कॉलेज की इमरजेंसी में भर्ती कराया। वहां दो युवकों राज और साहिल की मौत हो गई। परिजन बिना पोस्टमार्टम कराए शवों को घर ले गए। छत्ता थाना क्षेत्र के भैरों बाजार निवासी साहिल (19) बारहवीं का छात्र था। बृहस्पतिवार को उसका जन्मदिन था। शाम 7 बजे वह घर से निकला। मोहल्ले के दोस्त राज (19), रोहित (20) व अन्य दोस्तों के साथ बाइकों पर बैठकर यमुनापार में जन्मदिन पार्टी मनाने गया। रात करीब 12 बजे सभी बाइकों से लौट रहे थे। एक बाइक राज चला रहा था। उसके पीछे साहिल और रोहित बैठे थे। राज का छोटा भाई प्रिंस व अन्य दोस्त दूसरी बाइक पर पीछे थे। आंबेडकर पुल पर टर्न लेते समय बाइक अनियंत्रित होकर दीवार से जा टकराई। टक्कर इतनी तेज थी कि तीनों दोस्त एक साथ 20 फीट नीचे सड़क पर जा गिरे। चीख-पुकार सुनकर पास में एसीपी छत्ता कार्यालय से पुलिस मौके पर पहुंच गई। तीनों को इलाज के लिए एसएन इमरजेंसी भेजा। जहां रात को राज की मौत हो गई। रोहित को प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई। शुक्रवार दोपहर को डॉक्टरों ने साहिल को भी मृत घोषित कर दिया। मौत की खबर मिलने के बाद दोनों परिवारों में कोहराम मच गया। साहिल के पिता रोहित खन्ना केरल में नौकरी करते हैं। उनके तीन बच्चे थे। बड़ा बेटा सुमित, छोटा साहिल और सबसे छोटी बेटी अलीशा। बृहस्पतिवार को साहिल 19 वर्ष का हुआ था। घर में खुशी का माहौल था। घर पर केक काटने के बाद दोस्तों को पार्टी देने निकला था। लौटते समय हादसा हो गया। एत्माद्दौला थाना क्षेत्र के कछपुरा निवासी देवी सिंह के तीन बेटे थे। राज सबसे बड़ा था, जबकि प्रिंस और ध्रुव छोटे हैं। राज आरबीएस कॉलेज से स्नातक कर रहा था। मगर दोस्त के जन्मदिन पर ही खुशियां गम में बदल गईं। वह अपना 19वां जन्मदिन भी नहीं मना सका, 17 जुलाई को राज का जन्मदिन मनाया जाता रहा है। तीनों दोस्तों के आंबेडकर पुल से नीचे गिरने के बाद सोशल मीडिया पर सेल्फी लेते समय गिरने की दिनभर चर्चा चलती रही।

## भाजपा के मंडल अध्यक्षों ने की कार्यकारिणी की घोषणा



टूंडला। शनिवार को एटा रोड स्थित भारतीय जनता पार्टी शिविर कार्यालय पर भारतीय जनता पार्टी जिला फिरोजाबाद के सभी 10 नवनिर्वाचित मण्डल अध्यक्षों ने प्रदेश नेतृत्व एवं क्षेत्र नेतृत्व की सहमति एवं अनुमति से जिला अध्यक्ष उदय प्रताप सिंह के साथ सभी 10 मंडलों की कार्यकारिणी की घोषणा की। घोषणा के पश्चात जिला अध्यक्ष उदय प्रताप सिंह ने व सभी मंडल अध्यक्षों ने सभी घोषित पदाधिकारियों के उज्जवल भविष्य हेतु भारतीय जनता पार्टी जिला फिरोजाबाद के आधिकारिक फेसबुक पेज पर सूची प्रेषित कर शुभकामनाएं प्रेषित की। घोषणा के दौरान सिरसागंज नगर मंडल अध्यक्ष ज्योति गुप्ता, नगला खंगर मंडल अध्यक्ष शिवजीत सिंह वीरू नौशहरा मंडल अध्यक्ष मंजेश शर्मा मदनपुर मंडल अध्यक्ष यशपाल यादव अरांव मंडल अध्यक्ष राजवीर सिंह, फरिहा मंडल अध्यक्ष देश दीपक चौहान, रानी अवंती बाई नगर मंडल अध्यक्ष राम प्रकाश, खैरगढ़ मंडल अध्यक्ष अतुल शुक्ला, नारखी मंडल अध्यक्ष धर्मेंद्र प्रताप सिंह संजू माँ सियर देवी मंडल अध्यक्ष पूरन सिंह निषाद बीडीसी शैलेंद्र सिंह शिव शंकर शर्मा, सुरेंद्र सावन झा, आकाश शर्मा, दिनेश गुप्ता वीरेन्द्र प्रताप सिंह गोपाल कृष्ण अरविंद राघव अजय सिंह आदि लोग उपस्थित रहे।

## अधिकारी जनता की समस्याओं का गंभीरतापूर्वक निस्तारण करें : डीएम

**फिरोजाबाद।** डीएम रमेश रंजन की अध्यक्षता और एसएसपी सौरभ दीक्षित एवं मुख्य विकास अधिकारी शत्रोहन वैश्य की उपस्थिति के साथ समस्त जिला स्तरीय अधिकारियों की उपस्थिति में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन तहसील शिकोहाबाद में आयोजित किया गया, इस दौरान जिलाधिकारी ने शिकोहाबाद तहसील के विभिन्न क्षेत्रों से आए फरियादियों की शिकायतों को सुना उनमें से कुछ का मौके पर टीम भेजकर निस्तारण कराया, जबकि कुछ का निस्तारण शीघ्र करने का आश्वासन दिया, इस दौरान सामान्य जन- जीवन से जुड़ी वह शिकायतें सामने आई जिसे सामान्य जनता का सामना दिन- प्रतिदिन होता है, जिलाधिकारी ने उपस्थित समस्त अधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि जन शिकायतों के निस्तारण में गुणवत्ता और तत्परता दोनों दिखाएं, जिलाधिकारी ने कहा कि हर अधिकारी जनता की समस्याओं को गंभीरतापूर्वक निस्तारण करें, तो बहुत सारी समस्याओं का समाधान अपने आप हो जाएगा, इस दौरान एक शिकायतकर्ता जिसका नाम स्नेहा था, उसने ग्राम प्रधान व खण्ड विकास अधिकारी की जिलाधिकारी से शिकायत की, की उसके मकान के पास खुदे पड़े नाले को पक्का नहीं करवा रहे हैं, आने वाले समय में कच्चे खुदे पड़े नाले में बरसात का पानी भरने से दीवार गिरने की संभावना बनी रहेगी और भविष्य में कोई भी दुर्घटना घटित हो सकती है। जिलाधिकारी ने इस पर खंड विकास अधिकारी हाथवंत को निर्देशित किया कि तुरंत उनकी समस्या का समाधान किया जाए, इसी तरह राजकुमार नामक व्यक्ति जो खैरगढ़ का निवासी है, उसकी शिकायत थी कि न्यायालय के आदेश के बावजूद भी कुछ दबंग व्यक्ति अवैध निर्माण कर रहे हैं जबकि जमीन उसकी है, जिलाधिकारी ने तहसीलदार और एस0एच0ओ0 की टीम बनाकर कार्रवाई करने के आदेश दिए, इसी तरह एक प्रार्थी नेम सिंह जो नगला वाजदार का निवासी है उसने शिकायत की की उसके बैनामाशुदा खेत को कुछ दबंग खेत पर कब्जा कर लिए हैं, जिनको मुक्त नहीं कर रहे हैं, जिलाधिकारी ने उप जिलाधिकारी और क्षेत्राधिकार की संयुक्त टीम बनाकर संपूर्ण मामले को निस्तारित करने का आदेश दिया, इसी तरह कुछ मामले जल भराव को लेकर आए, विद्युत की समस्या एवं साफ सफाई को लेकर आए, जिलाधिकारी ने इन समस्त शिकायतों से संबंधित अधिकारियों को त्वरित निवारण करने के आदेश दिए, इस दौरान 72 शिकायतें आई और मौके पर 12 का निस्तारण किया गया, इस दौरान उप जिलाधिकारी गजेंद्र पाल सिंह, जिला विकास अधिकारी, परियोजना निदेशक, जिला पंचायत राज अधिकारी, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, जिला पिछला वर्ग कल्याण अधिकारी सहित आदि अधिकारी उपस्थित रहे।

## संस्कृति विवि के विद्यार्थियों ने योग के लिए किया जागरूक, निकालीं रैलियां




**मथुरा।** संस्कृति विवि के स्कूल ऑफ नर्सिंग एवं एनएसएस के छात्र छात्राओं ने योग दिवस के उपलक्ष्य में जनजागरूकता रैली निकाल कर लोगों को योग करने के लिए प्रेरित किया। बताते चलें कि 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर सारे विश्व में योग दिवस मनाया जाता है। संस्कृति विवि के आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज और अस्पताल के विद्यार्थियों ने भी छाता स्वास्थ्य केंद्र से हाइवे तक रैली निकाल कर लोगों को योग करने के लिए प्रेरित किया। रैलियों का नेतृत्व कर रहे नर्सिंग स्कूल के प्राचार्य डॉक्टर केके पाराशर, संस्कृति आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डा मोहन ने बताया कि इस वर्ष अंतराष्ट्रीय थीम, योगा फॉर वन अर्थ, वन हेल्थ, है। उन्होंने कहा कि योग एक ऐसी विद्या है जो तन, मन और आत्मा को संतुलन में रखती है। योग केवल आसनों का अभ्यास नहीं है, बल्कि यह एक जीवनशैली है, जो अनुशासन, एकाग्रता और आत्मचिंतन सिखाती है। योग आपके तन को ही नहीं, बल्कि आपके स्वस्थ दिमाग और शांत मन को भी दिशा देता है। यह अंदरूनी ऊर्जा को जाग्रत करता है और आपको भावनात्मक रूप से मजबूत बनाता है। रैलियों में छात्र, छात्राएं बैनर लेकर नारे लगाते चल रहे थे। साथ ही साथ लोगों को योग करने के फायदे भी बता रहे थे। रैली में प्रोफेसर धीराज पाराशर, असिस्टेंट प्रोफेसर केश चंद्र सिंह, चंद्रप्रकाश सिंह, मृदुल पाठक, रिंकू, अर्जुन सिंह, दिनेश चंद्र आदि शिक्षक भी थे।

## रिफाइनरी ने मनाया 11वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस



**मथुरा।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के वैश्विक समारोह का हिस्सा बनते हुए मथुरा रिफाइनरी ने 11वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस बड़े उत्साह के साथ मनायास रिफाइनरीकर्मियों ने योग आसनों का अभ्यास शारीरिक मजबूती, मानसिक स्थिरता और आध्यात्मिक शांति के लिए किया। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाने और भारत की प्राचीन कला के बारे में जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से योग के प्रोटोकॉल अभ्यास करने के लिए कम्यूनिटी सेंटर, रिफाइनरी नगर में एक सामूहिक योग सत्र का आयोजन किया गया। इस विशेष अवसर पर सभी को संबोधित करते हुए मथुरा रिफाइनरी के कार्यकारी निदेशक और रिफाइनरी प्रमुख मुकुल अग्रवाल ने प्रतिभागियों के जुनून की सराहना की और शारीरिक स्वास्थ्य और मानसिक व आध्यात्मिक कल्याण के लिए सही मुद्रा का अभ्यास करने पर जोर दिया। इस अवसर पर रिफाइनरी के वरिष्ठ अधिकारी, ओफीसर्स एसोसिएशन व कर्मचारी संघ के पदाधिकारियों के साथ साथ, रिफाइनरीकर्मियों, महिलाओं और बच्चों ने योग अभ्यास किया। कार्यक्रम के योग शिक्षक, राजेश अग्रवाल ने योग आसनों को प्रदर्शित किया। उनके साथ तारेश डागर ने भी योग आसान व योग साधना के बारे में सभी को अवगत करायाद्यसभी प्रतिभागियों ने दिशा-निदेर्शों का ठीक से पालन किया और एक साथ कॉमन योगा प्रोटोकॉल का अभ्यास किया।

## जेल अधीक्षक संग किया बंदियों ने योगाभ्यास

**मथुरा।** जिला कारागार मथुरा में जेल अधीक्षक अंशुमन गर्ग के निर्देशन में योग सप्ताह मनाया जा रहा है। आज अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर भारत विकास परिषद मथुरा के पदाधिकारियों के द्वारा कारागार में चल रहे योग कार्यक्रम का आयोजन कराया गया। उक्त कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मान. सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सुरेंद्र प्रसाद कारागार पर आए और उनके द्वारा योग किया गया। वैसे तो कारागार में प्रतिदिन प्रातः योग कराया जाता है फिर भी अधीक्षक महोदय द्वारा अन्य बंदियों को भी प्रेरित करते हुए उक्त योग में अधिक से अधिक सहभागिता करने हेतु कहा गया। उक्त अवसर पर भारत विकास परिषद के पदाधिकारियों के अतिरिक्त कारापाल सुरेंद्र मोहन , उप कारपाल दुर्गेश प्रताप सिंह, अनूप कुमार, रविन्द्र कुमार, सुश्री करुणेश चिकित्सा अधिकारी डॉ उपेंद्र पाल सिंह सोलंकी, फार्मासिस्ट सुभाष द्विवेदी एवं अन्य कारागार कार्मिक उपस्थित रहे।

# अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर आगरा हुआ योगमय



**आगरा।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर शनिवार को पूरा आगरा योगमय नजर आया। शहर के शिक्षण संस्थानों, कॉलोनियों, सरकारी विभागों, पार्कों और अपार्टमेंट्स में सुबह से ही लोगों ने सामूहिक रूप से योगाभ्यास किया और स्वस्थ जीवनशैली का संदेश दिया। बच्चों से लेकर बुजुर्गों, महिलाओं और दिव्यांगजनों तक ने इस आयोजन में बढ़-चढ़कर भाग लिया। जनक पार्क, पार्श्वनाथ पंचवटी कॉलोनी और एकलव्य स्पोर्ट्स स्टेडियम, आगरा कॉलेज जैसे प्रमुख स्थलों पर हुए कार्यक्रमों में अलग-अलग समूहों ने योग को समर्पित भाव से अपनाया और करो योग, रहो निरोग का संकल्प लिया। कमलानगर स्थित जनक पार्क में आगरा डीफ एनेबल सोसाइटी द्वारा दिव्यांगजनों के लिए विशेष योग कार्यक्रम आयोजित किया गया। अनुवादक श्रीमती ललिता गुप्ता और महासचिव अंशु गुप्ता के मार्गदर्शन में आयोजित इस सत्र में करीब 40 प्रतिभागियों ने भाग लिया। कार्यक्रम में बलदेव, टीना गुप्ता, रश्मि, काजल, जीतू, विकास जैन, गौरव अग्रवाल सहित कई सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे। आयोजन में जनक पार्क विकास समिति का सहयोग सराहनीय रहा। उद्देश्य था दिव्यांगजनों को योग के प्रति जागरूक बनाना। प्रिल्यूड पब्लिक स्कूल में शुक्रवार को ग्यारहवां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस अत्यंत उत्साह और अनुशासन के साथ मनाया गया। विद्यालय निदेशक डॉ. सुशील गुप्ता ने उपस्थित छात्रों, अभिभावकों और शिक्षकों को योग को जीवन का हिस्सा बनाने का संकल्प दिलाया। इस अवसर पर बाल भारती विद्यालय के छात्रों ने भी भागीदारी निभाई। कार्यक्रम की शुरूआत योग प्रशिक्षकों अभि सिरोही और ऋषभ गौतम के मार्गदर्शन में हुई, जिन्होंने योग के लाभों और विविध मुद्राओं पर प्रकाश डाला। उनके साथ छात्र-छात्राओं गौरी सिंह, विहानी धमीजा, आदित्य वर्मा और प्रथम गुप्ता ने भुजंगासन, पर्वतासन, त्रिकोणासन, वृक्षासन, मंडूकासन, नौकासन और प्राणायाम जैसे कपालभाति व अनुलोम-विलोम का अभ्यास कराया। विद्यालय परिसर के शांत, हरित वातावरण में जब हास्य योग सत्र आयोजित हुआ, तो पूरा परिसर ऊर्जा और आनंद से भर उठा। इस सत्र में शिक्षकों आनंद अग्रवाल, नीमा साहनी, गुरु सरन और काजल वासुदेव ने मार्गदर्शन किया। कार्यक्रम में आर्ट ऑफ लिविंग संस्था की ओर से डॉ. रश्मि मिश्रा, प्रीति अग्रवाल और मास्टर अनंत की भागीदारी रही, जिन्होंने अपनी विशिष्ट योग क्रियाओं से उपस्थित जनसमूह को मंत्रमुग्ध किया। योग प्रदर्शन में उत्कृष्ट रहे छात्रों प्राची, हिमांशी, अक्षर सरन, आराध्या सरन और कृतिका एवं अभिभावक प्रवीण वर्मा, सिरिना, अर्पित मखीजा, साक्षी गुप्ता और अमित कुमार को सम्मानित किया गया। सभी प्रतिभागियों को ई-प्रमाणपत्र और टी-शर्ट प्रदान की गई। ताज नगरी फेस-2 स्थित पार्श्वनाथ पंचवटी कॉलोनी के योगा पार्क में पंचवटी परिवार ने सफेद ड्रेस कोड में योग दिवस मनाया।

## स्वस्थ शरीर के लिए योग जरूरी : रंगेश

**टूंडला।** कृषक इंटर कॉलेज पचोखरा फिरोजाबाद के प्रांगण में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर विभिन्न योगासनों जैसे प्राणायाम सूर्य नमस्कार, भ्रामरी, कपाल भारती आदि का अभ्यास सी.टी.ओ. भूपेन्द्र पाराशर द्वारा कराया गया। प्रधानाचार्य रंगेश कुमार उपाध्याय ने कहा कि स्वस्थ शरीर में ही दिमाग की सोचने की क्षमता व दीर्घ शक्ति अधिक होती है। योग साधना है। योग से हम निरोग हो सकते हैं। एनसीसी अधिकारी अमित उपाध्याय ने कहा कि योग हमें निरोग बनाने में अहम भूमिका निभाता है । प्रत्येक व्यक्ति को योग अवश्य करना चाहिए। योग करने से संक्रमण जनित बीमारियां दूर होती हैं। इस अवसर पर गोकुल चंद्र गौतम, एनएसएस प्रभारी सुनील कुमार जैन, सुरेश पचौरी, हवलदार रक्षपाल सिंह, प्रवीन पाठक, आलोक उपाध्याय, हरिओम शर्मा, कौशल शर्मा, जितेंद्र शर्मा एवं सभी शिक्षणेत्तर कर्मचारियों ने योग किया।

## तहसीलदार और सीओ ने सुभाष चौराहे का निरीक्षण कर ऑटो चालकों को दी हिदायत



**टूंडला।** तहसीलदार राखी शर्मा और सीओ अवनीश कुमार ने शनिवार दोपहर सुभाष चौराहा का निरीक्षण किया इस दौरान उन्होंने चौराहा पर इधर उधर ऑटो दौड़कर सवारियां भर रहे ऑटो चालकों के चालान कटवाए व उन्हें हिदायत दी कि वे ऑटो रिक्शा को फ्लाई ओवर ब्रिज के नीचे निर्धारित की गई जगह से ही सवारियां भरें अन्यथा उन पर सख्त कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। बता दें कि तहसीलदार और नगर पालिका परिषद ईओ ने सुभाष चौराहा पर लगने वाले जाम की समस्या से निजात दिलाए जाने को आगरा फिरोजाबाद रोड स्थित ओवर ब्रिज के नीचे ऑटो रिक्शा चालकों के लिए जगह चिनंहाकित कर उनको सवारियां भरने और उतारने के लिए जगह निधारित की है। और ऑटो चालकों को साफ निर्देश दिए हैं कि सभी ऑटो चालक अपने अपने निर्धारित रूट प्लान के हिसाब से ही सवारियां उतारें चढ़ाएं, शनिवार को तहसीलदार राखी शर्मा ने सीओ अवनीश कुमार के साथ सुभाष चौराहा का निरीक्षण किया और वहां की जाम की स्थिति का जायजा लिया इसके साथ ही उन्होंने इधर उधर घूम रहे कुछ ऑटो रिक्शाओ के चालान भी कटवाए और ऑटो चालकों को हिदायत दी कि सभी ओवर ब्रिज के नीचे निधारित जगह से ही सवारियां भरें अन्यथा उनके विरुद्ध कठोर कार्यवाही अमल में लाई जाएगी, इस दौरान उन्होंने वहां मौजूद नगर पालिका कर्मचारियों को निर्देश दिए कि वे ओवर ब्रिज के नीचे ब्लॉक बाइज निधारित ऑटो रूट के हिसाब से फ्लेक्स लगवाएं और सभी ऑटो पर पेंट से रूट के हिसाब से नंबरिंग कराएं जिससे ऑटो की पहचान हो सकेगी की वह किस रूट का ऑटो है, और फ्लेक्स लगने से सवारियां भी पढ़कर निर्धारित जगह पर ही पहुंचेंगी और ऑटो चालक भी अपने ऑटो उसी ब्लॉक में खड़ा करेंगे जो ब्लॉक उनके लिए चिन्हांकित किया है।

# भारत के विश्व गुरु बनने में योग का महत्वपूर्ण स्थान



**फिरोजाबाद।** पुलिस लाइन प्रांगण में 11वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस एक पृथ्वी एक स्वास्थ्य के लिए योग थीम पर संपूर्ण विश्व, संपूर्ण देश संपूर्ण प्रदेश के साथ-साथ संपूर्ण जनपद में भी पूरे उत्साह और योगाभ्यास के साथ आयोजित किया गया, इस कार्यक्रम की मुख्य अतिथि जनपद की नोडल अधिकारी संयुक्ता समददार प्रमुख सचिव राजनीतिक पेंशन, नागरिक सुरक्षा, प्रशासनिक सुधार लोक सेवा प्रबंधन अल्पसंख्यक कल्याण एवं मुस्लिम वक़्फ़ विभाग उप्र शासन रहीं, उनके साथ जनपद की मेयर कामिनी राठौर, जिलाधिकारी रमेश रंजन, एसएसपीसौरभ दीक्षित, मुख्य विकास अधिकारी शत्रोहन वैश्य, भाजपा जिला अध्यक्ष उदय प्रताप सिंह के साथ-साथ जनपद के समस्त अधिकारियों- कर्मचारियों जनपद के नागरिकों स्कूली बच्चों ने भी इस योगाभ्यास के कार्यक्रम में उत्साह एवं उमंग के साथ प्रतिभाग किया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलित और विशिष्ट अतिथियों के स्वागत के साथ प्रारंभ हुआ, योग की महत्ता और उपयोगिता के बारे में विशिष्ट अतिथियों ने अपने उदगार भी व्यक्त किए। इस अवसर पर बोलते हुए नोडल अधिकारी ने कहा कि भारत के विश्व गुरु बनने में योग का महत्वपूर्ण स्थान है, अति भौतिकता में डूबे मानव को शारीरिक स्वास्थ्य मानसिक संतुलन और आत्मिक शांति प्रदान करने के लिए आज भारत के पहल पर संपूर्ण विश्व में योग दिवस का आयोजन हो रहा है, आज इसकी उपयोगिता को संपूर्ण विश्व ने स्वीकार कर लिया है, उन्होंने कहा है कि मेरी अपील है कि आप सब योग को अपने जीवन का हिस्सा बनाएं, अपने बच्चों में योग का संस्कार डालें, मैं पूरे प्रशासन को इन विषम परिस्थितियों में भी शानदार योग दिवस के आयोजन के लिए धन्यवाद अर्पित करती हूं।

इस अवसर परडीएम रमेश रंजन ने कहा कि मैं आप सबको योग दिवस पर शुभकामनाएं देते हुए कहना चाहता हूं, कि हम इसे केवल एक दिवस के रूप में न मनाएं बल्कि इसे जीवन का अभिन्न हिस्सा भी बनाएं, हम सब इस बात के लिए संकल्पित हो कि योग को अपनाए, स्वस्थ समाज बनाएं। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सौरभ दीक्षित ने कहा कि आप सभी को योग दिवस की अनंत शुभकामनाएं, आप सब अपने जीवन में योग को अंगीकार करें, यह मेरी सलाह है, उन्होंने कहा यह देखकर गर्व होता है कि योग आज गली-गली, गांव-गांव, देश-देश तक पहुंच चुका है, महर्षि पतंजलि की यह देन आज संपूर्ण विश्व को असीम सुकून एवं शांति का संदेश दे रहा है। मेयर कामिनी राठौर ने कहा कि योग को अपनाकर हम अपनी जीवन शैली को व्यवस्थित कर सकते हैं और शरीर को स्वस्थ बना सकते हैं, इसके लिए जरूरी है कि हम सब नियमित योगाभ्यास करें। इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष उदय प्रताप सिंह ने भी लोगों को योग को अपने जीवन शैली में अपनाने की सलाह दी, कार्यक्रम के पश्चात सभी विशेष अतिथियों ने पुलिस लाइन प्रांगण में वृक्षारोपण भी किया, योगाभ्यास कराने वाले योग गुरुओं को विशेष अतिथियों के हाथों प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया, इस अवसर पर एडीएम विशु राजा अपर जिलाधिकारी न्यायिक संगीता गौतम, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, जिला परियोजना निदेशक सुभाष चंद्र त्रिपाठी, जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी केएम सिंह, जिला विद्यालय निरीक्षक धीरेंद्र कुमार, जिला पंचायत राज अधिकारी आदि अधिकारी उपस्थित रहे।

## पशु चिकित्सा विवि में मनाया गयायोग दिवस

**मथुरा।** उत्तर प्रदेश पंडित दीनदयाल उपाध्याय पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय एवं गो अनुसंधान संस्थान, मथुरा में 11वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस, योग कर धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम का आयोजन विश्वविद्यालय के मुख्य परिसर के क्रीडा स्थल पर विश्वविद्यालय के कुलपति डा. ए. के. मदान की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। विश्वविद्यालय के जनसंपर्क अधिकारी प्रो. देश दीपक सिंह ने बताया कि कार्यक्रम में सर्वप्रथम माननीय प्रधानमंत्री का योग पर व्याख्यान का सजीव प्रसारण विश्वविद्यालय के समस्त शिक्षकों, अधिकारियों, कर्मचारियों तथा छात्र छात्राओं को दिखाया गया। उसके उपरांत समस्त परिसर वासियों द्वारा योगगुरु शत्रो शुक्ला के मार्गदर्शन में योग की विभिन्न मुद्राओं का अभ्यास किया गया। कार्यक्रम का आयोजन प्रभारी छात्र कल्याण डा. रजनीश सिरोही द्वारा किया गया। कार्यक्रम में अधिष्ठाता पशु चिकित्सा महाविद्यालय, अधिष्ठाता परास्नातक, अधिष्ठाता मत्स्यिकी महाविद्यालय, अधिष्ठाता डेरी विज्ञान महाविद्यालय, अधिष्ठाता जैव प्रौद्योगिकी महाविद्यालय सहित सहित विश्वविद्यालय के समस्त शिक्षक अधिकारी कर्मचारी तथा छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

संक्षेप

## पीएनबी ने अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस धूमधाम से मनाया

लखनऊ। पंजाब नैशनल बैंक ने आज आयुष मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा 11 वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर दिए गए निर्देशों के अनुपालन में भारत सरकार के आह्वान पर अंचल कार्यालय स्तर पर अंचल प्रबन्धक महोदय की गरिमामयी उपस्थिति में स्टाफ सदस्यों द्वारा योगाभ्यास किया गया। इस अवसर पर सैयद अतहर हुसैन काजमी, उप अंचल प्रबन्धक और राज कुमार सिंह, मण्डल प्रमुख लखनऊ के साथ अन्य स्टाफ सदस्यगण उपस्थित रहे। इस वर्ष एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य एवं सद्भावना और शांति के लिए योग विषय पर अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया जा रहा है, जिसका उद्देश्य शारीरिक, मानसिक और पर्यावरणीय स्वास्थ्य को बढ़ावा देना है।

## बैंक ऑफ बड़ौदा में मना अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस



लखनऊ। बैंक ऑफ बड़ौदा ने अपने व्यापक कर्मचारी स्वास्थ्य और देखरेख फ्रेमवर्क के तहत अपने सभी कार्यालयों में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 2025 का उत्साहपूर्वक आयोजन किया। कर्मचारियों की देखरेख के प्रति अपनी दीर्घकालिक प्रतिबद्धता को दशार्ते हुए, बैंक ने नवंबर 2024 से प्रतिदिन ऑनलाइन योग और ध्यान सत्र शुरू किए हैं, ताकि कर्मचारी और उनके परिवार अपने शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के लिए हर दिन 30 मिनट का समय निकाल सकें। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर, बैंक द्वारा विभिन्न स्थानों पर कर्मचारियों के लिए भौतिक रूप से योग सत्र आयोजित किए गए, जिन्हें प्रमाणित योग प्रशिक्षक ने वर्चुअल रूप से संचालित किया। इसके अलावा, नवंबर 2024 से लगातार ऑनलाइन योग सत्रों में भाग लेने वाले कर्मचारियों को सम्मानित भी किया गया।

## टाटा मोटर्स ने शुरू किया रिसाइकल विद रिस्पेक्ट

मिजार्पुर। टाटा मोटर्स ने पर्यावरण के अनुकूल मोबिलिटी और सर्कुलर इकॉनमी को बढ़ावा देने की दिशा में एक और कदम उठाया है। कंपनी ने दो नई, अत्याधुनिक रिसाइकल विद रिस्पेक्ट वाहन स्क्रैपिंग यूनिट्स की शुरूआत की है। इन फैसिलिटीज का उद्घाटन केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने वर्चुअल रूप से किया। लखनऊ और रायपुर में है। ये आधुनिक केंद्र राष्ट्रीय वाहन स्क्रैपेज नीति के तहत एक बड़ा कदम हैं।

## जैपुरिया वार्षिक रिफ्रेशर ट्रेनिंग ने शिक्षकों को किया सशक्त

लखनऊ। सेठ आनंदराम जैपुरिया ग्रुप ऑफ स्कूल्स ने 21 जून, 2024 को लखनऊ के शहीद पथ परिसर में अपने प्रमुख कार्यक्रम, 'री स्किलिंग - अप स्किलिंगः जैपुरिया एनुअल रिफ्रेशर ट्रेनिंग 2025' के चौथे संस्करण की मेजबानी की। 'डिफाइनिंग ग्रोथ बाय रिडिफाइनिंग एजुकेशन' थीम पर आधारित इस कार्यक्रम का उद्देश्य शिक्षकों को समकालीन शैक्षणिक प्रथाओं से प्रशिक्षित करना है। उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि राघव गुप्ता, आईआरएस अधिकारी, साथ ही शहीद पथ की प्रिंसिपल पूनम कोचिट्टी उपस्थित थे। गहन प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रधानाध्यापकों, शिक्षकों और समूह के नेटवर्क के भागीदारों सहित 300 से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया।

## स्लॉट्स पंजीकरण शुरू

नोएडा। एपिक विक्ट्री क्रिकेट लीग के आगामी ट्रायल्स के लिए पंजीकरण को लेकर लखनऊ समेत मेरठ, गोरखपुर, वाराणसी और कानपुर जैसे अन्य शहरों से अभूतपूर्व प्रतिक्रिया देखने को



मिली है। स्थानीय खिलाड़ियों के उत्साह को देखते हुए प्रबंधन ने ट्रायल्स के दिनों में और स्लॉट्स बढ़ाने का निर्णय लिया है और अब नए पंजीकरण भी स्वीकार किए जा रहे हैं। 8 जुलाई से गोरखपुर के एनईआर रेलवे ग्राउंड में शुरू हो रहे ये ट्रायल्स, स्थानीय खिलाड़ियों के लिए एक अनोखा अवसर हैं जहां वे एपिक विक्ट्री क्रिकेट लीग के उद्घाटन सीजन में भाग लेने का मौका पा सकते हैं।

## हैबिल्ड ने बनाया विश्व रिकॉर्ड

बंगलुरू। हैबिल्ड ने ऑनलाइन योग कक्षा में भागीदारी का नया विश्व रिकॉर्ड बनाया। इस आयोजन में, 21 जून की सुबह 7,52,074 प्रतिभागियों ने 169+ देशों से एक साथ जुड़कर एक समन्वित योग सत्र में भाग लिया।

# शुद्ध प्रत्यक्ष कर संग्रह 1.39 प्रतिशत घटकर 4.59 लाख करोड़ रुपये रहा

नयी दिल्ली। चालू वित्त वर्ष (2025-26) में अब तक शुद्ध प्रत्यक्ष कर संग्रह सालाना आधार पर 1.39 प्रतिशत घटकर 4.59 लाख करोड़ रुपये रहा। सरकार द्वारा शनिवार को जारी आंकड़ों में यह जानकारी दी गई। कर संग्रह में गिरावट और ज्यादा रिफंड के कारण अग्रिम कर संग्रह नरम रहा।

आंकड़ों के अनुसार, एक अप्रैल से 19 जून, 2025 के दौरान अग्रिम कर संग्रह मात्र 3.87 प्रतिशत बढ़कर 1.56 लाख करोड़ रुपये रहा। पिछले साल में तुलनात्मक अवधि में, अग्रिम कर संग्रह में 27 प्रतिशत की वार्षिक वृद्धि दर्ज की गई थी। कॉर्पोरेट्स द्वारा चुकाया गया अग्रिम कर 5.86 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 1.22 लाख करोड़ रुपये हो गया, जबकि व्यक्तियों, एचयूएफ और फर्मों सहित गैर-




कॉरपोरेट द्वारा चुकाया गया कर 2.68 प्रतिशत की गिरावट के साथ 33,928 करोड़ रुपये रह गया। अग्रिम कर का भुगतान चार किस्तों - जून, सितंबर, दिसंबर और मार्च में में किया जाता है। चालू वित्त वर्ष में 19 जून तक रिफंड जारी करने की राशि 58 प्रतिशत बढ़कर 86,385 करोड़ रुपये हो गई। चालू वित्त वर्ष में अब तक सकल प्रत्यक्ष कर संग्रह 5.45 लाख करोड़ रुपये रहा, जो एक साल पहले की समान अवधि से 4.86 प्रतिशत अधिक है। कुल मिलाकर, शुद्ध प्रत्यक्ष कर संग्रह एक अप्रैल से 19 जून, 2025 के दौरान लगभग 4.59 लाख करोड़ रुपये रहा, जो 2024 में इसी अवधि में एकत्र किए गए 4.65 लाख करोड़ रुपये से 1.39 प्रतिशत कम है। एक अप्रैल से 19 जून, 2025 के दौरान शुद्ध कॉरपोरेट कर संग्रह में लगभग 1.73 लाख करोड़ रुपये की मंदी देखी गई, जो पिछले साल की तुलना में पांच प्रतिशत से अधिक की गिरावट है। गैर-कॉरपोरेट कर संग्रह, जिसमें मुख्य रूप से व्यक्तिगत आयकर शामिल है, 0.7 प्रतिशत की मामूली वृद्धि के साथ 2.73 लाख करोड़ रुपये हो गया। इस अवधि के दौरान प्रतिभूति लेनदेन कर (एसटीटी) 12 प्रतिशत बढ़कर 13,013 करोड़ रुपये हो गया। चालू वित्त वर्ष (2025-26) में सरकार ने प्रत्यक्ष कर संग्रह 25.20 लाख करोड़ रुपये रहने का अनुमान लगाया है, जो पिछले साल की तुलना में 12.7 प्रतिशत अधिक है। सरकार ने 19 जून तक अपने प्रत्यक्ष कर लक्ष्य का 18.21 प्रतिशत संग्रह किया है। सरकार का लक्ष्य चालू वित्त वर्ष में एसटीटी से 78,000 करोड़ रुपये एकत्र करना है।

# एयर इंडिया ने दुर्घटना पीड़ितों को 25-25 लाख का अंतरिम मुआवजा जारी करना शुरू किया

मुंबई। एयर इंडिया ने शनिवार को कहा कि उसने 12 जून को हुए विमान हादसे में मृतकों के परिवारों और घायलों को 25-25 लाख रुपये का अंतरिम मुआवजा जारी करना शुरू कर दिया है। एयरलाइन ने कहा कि प्रभावित परिवारों या व्यक्तियों को मनोवैज्ञानिक सहायता प्रदान करने के लिए अहमदाबाद में प्रशिक्षित मनोवैज्ञानिकों और डॉक्टरों की एक टीम तैनात की गई है। एयर इंडिया ने एक बयान में कहा कि नर्सों और फार्मासिस्ट सहित चिकित्सा कर्मियों की टीम को मौजूदा या उभरती स्वास्थ्य आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए तैनात किया गया है। एयर इंडिया ने कहा कि अंतरिम मुआवजा 20 जून से जारी किया जाना शुरू हुआ, जिसमें तीन परिवारों को अब तक भुगतान प्राप्त हो चुका है और शेष दावों पर कार्रवाई की जा रही है। एयरलाइन ने 14 जून को घोषणा की



थी कि वह अहमदाबाद में एयरलाइन के बोइंग 787-8 विमान दुर्घटना में प्रत्येक मृतक और जीवित बचे व्यक्ति के परिवारों को तत्कालवित्तीय जरूरतों को पूरा करने में मदद के लिए 25 लाख रुपये या लगभग 21,500 पाउंड का अंतरिम मुआवजा प्रदान करेगी।

यह मूल कंपनी टाटा संस द्वारा घोषित एक करोड़ रुपये के मुआवजे के अलावा है। एयर इंडिया ने कहा कि 15 जून से सक्रिय एक केंद्रीकृत सहायता खिड़की अंतरिम मुआवजे के लिए दावों की प्रक्रिया में परिवारों की सहायता कर रहा है। एयर इंडिया ने कहा कि यह एकल खिड़की प्रणाली तेजी से दस्तावेजीकरण सुनिश्चित करती है और मुआवजे की प्रक्रिया को तुरंत शुरू करने में मदद करती है। एयर इंडिया ने कहा कि वह उन लोगों से भी संपर्क कर रही है जो घायल हुए हैं और उन लोगों के परिवारों से भी संपर्क कर रही है जिन्होंने जमीन पर अपनी जान गंवाई है ताकि उनके लिए मुआवजे की प्रक्रिया शुरू की जा सके। एयरलाइन ने कहा कि डीएनए पहचान के दौरान भी परिवारों को सहायता दी जा रही है। साथ ही, जब अस्पताल से पार्थिव शरीर को सौंपा जाता है, तो प्रत्येक परिवार के साथ कम से कम एक देखभालकर्ता जाता है, जो परिवहन और अंतिम संस्कार की सुविधा प्रदान करता है, साथ ही मृतक और उसके प्रियजनों की गरिमा और सर्वोच्च सम्मान सुनिश्चित करता है।

## छतों पर सौर ऊर्जा स्थापना में तेजी लाने को स्टार्टअप कार्यक्रम शुरू

नयी दिल्ली। नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय (एमएनआरई) ने शनिवार को 2.3 करोड़ रुपये की स्टार्टअप नवाचार चुनौती शुरू करने की घोषणा की। इसका उद्देश्य देश में छत वाले सौर पैनल की स्थापना और नवीकरणीय ऊर्जा स्वीकार्यता में तेजी लाना है।

मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि इस नवाचार चुनौती का उद्देश्य भारत के छत वाले सौर (रूफटॉप सोलर) और वितरित नवीकरणीय ऊर्जा पारिस्थितिकी तंत्र के लिए सफल समाधानों की पहचान करना और उनका समर्थन करना है। इसे एमएनआरई के तत्वावधान में राष्ट्रीय सौर ऊर्जा संस्थान (एनआईएसई) के सहयोग से और स्टार्टअप इंडिया, डीपीआईआईटी के समन्वय से क्रियान्वित किया जा रहा है। बयान के अनुसार, नवीकरणीय ऊर्जा कार्यबल के लिए कौशल विकास पर राष्ट्रीय सम्मेलन के दौरान रूफटॉप सोलर (आरटीएस) और वितरित अक्षय ऊर्जा (डीआरई) प्रौद्योगिकियों पर अभिनव परियोजना स्टार्ट-अप चैलेंज का शुभारंभ किया गया। इस चुनौती के तहत भारत में नवप्रवर्तकों और स्टार्टअप्स से आवेदन मांगे गए हैं, जो अक्षय ऊर्जा अपनाने को बढ़ावा देने के लिए चार प्रमुख श्रेणियों- वहनीयता, लचीलापन, समावेशिता और पर्यावरणीय स्थिरता पर ध्यान केंद्रित करते हैं।

## संसदीय समिति ने दालों, तिलहनों का आयात बढ़ने पर चिंता जतायी

नयी दिल्ली। सरकार ने एक संसदीय समिति को बताया कि पिछले 10 वर्षों में दालों और खाद्य तेलों का घरेलू उत्पादन एक दशक पहले की तुलना में अधिक गति से बढ़ा है।

दूसरी ओर सांसदों ने मांग को पूरा करने के लिए आयात पर भारत की निर्भरता पर चिंता जताई है। कृषि, पशुपालन और खाद्य प्रसंस्करण संबंधी संसद की स्थायी समिति के समक्ष प्रस्तुतीकरण में कहा गया कि 2023-24 में 156.6 लाख टन का आयात, खाद्य तेलों की घरेलू मांग का 56 प्रतिशत है। सूत्रों ने कहा कि कृषि मंत्रालय ने 20 जून की बैठक में इस क्षेत्र में आत्मनिर्भरता के लिए किए जा रहे कार्यों पर जोर दिया और कहा कि 2014-15 और 2024-25 के बीच तिलहन उत्पादन में 55 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। तीसरे अग्रिम अनुमान में पिछले वित्त वर्ष में तिलहन उत्पादन 426.09 लाख टन होने का अनुमान है। इस तरह 2004-05 और 2014-15 के बीच 13 प्रतिशत की वृद्धि हुई थी। सूत्रों ने कहा कि देश पाम तेल की मांग को पूरा करने के लिए लगभग पूरी तरह से आयात पर निर्भर है।

## भारतीय स्टेट बैंक में मना अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस

लखनऊ। भारतीय स्टेट बैंक, स्थानीय प्रधान कार्यालय, लखनऊ ने एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योग थीम के अंतर्गत 11वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया। योग विशेषज्ञ अरुणा सिंह ने उपस्थित स्टाफ सदस्यों को शारीरिक और मानसिक कल्याण को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न आसन, प्राणायाम और ध्यान का अभ्यास कराया। इस अवसर पर मुख्य महाप्रबंधक दीपक कुमार दे ने संतुलित जीवन शैली को बढ़ावा देने में योग के महत्व और कर्मचारियों के कल्याण पर इसके सकारात्मक प्रभाव पर जोर दिया। कार्यक्रम में महाप्रबंधकों, उप महाप्रबंधकों और अन्य स्टाफ सदस्यों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

## म्यूचुअल फंड नियमों को निवेशकों, उद्योग को अधिक अनुकूल बनाने की योजना

कोलकाता। भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) म्यूचुअल फंड नियमों की व्यापक समीक्षा कर रहा है ताकि उन्हें अधिक निवेशक-केंद्रित और उद्योग-अनुकूल बनाया जा सके।

सेबी के कार्यकारी निदेशक मनोज कुमार ने 17वें म्यूचुअल फंड शिखर सम्मेलन में कहा कि हम नियामक सहित सभी हितधारकों के लिए कारोबार को आसान बनाने के लिए संपूर्ण म्यूचुअल फंड नियामक ढांचे की समीक्षा कर रहे हैं। इस क्षेत्र को नियंत्रित करने वाले मौजूदा नियम सबसे लंबे हैं और निवेशकों की उभरती जरूरतों और उद्योग के नवाचारों के साथ तालमेल बनाए रखने के लिए सरलीकरण की जरूरत है। नए नियमों के लागू होने की कोई समयसीमा बताए बिना कहा कि प्रक्रिया शुरू हो गई है।

## सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया ने मनाया योग दिवस

लखनऊ। 11 वे अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया, आंचलिक कार्यालय, लखनऊ में एक विशेष योग सत्र का आयोजन किया गया। इस वर्ष की थीम एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योग के अनुरूप, कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए अंचल प्रमुख ए.के.खन्ना के द्वारा योग के महत्व पर प्रकाश डाला गया। इस अवसर पर योग प्रशिक्षक सुश्री साधना सिंह द्वारा प्राणायाम, आसन और ध्यान के विभिन्न आसनों का अभ्यास कराया गया। इस योग सत्र में कार्यालय के सभी स्टाफ सदस्यों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

# योग मजबूती और आत्म-खोज का मार्ग प्रदान करता हैः उद्योग जगत

नयी दिल्ली। केंद्रीय मंत्रियों, नौकरशाहों और भारतीय उद्योग जगत के दिग्गजों ने शनिवार को योग को जीवनशैली का हिस्सा बनाने का आह्वान किया और कहा कि भारत का यह अनमोल उपहार शुद्ध अनुशासन, मजबूती और अंतहीन आत्म-खोज का मार्ग प्रदान करता है।

अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर देश के विभिन्न हिस्सों में आयोजित योग सत्रों में उद्योग जगत ने हिस्सा लिया। तेल मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने कहा कि स्वास्थ्य और तंदुरुस्ती की प्राचीन भारतीय पद्धति, योग सदियों से भारत के सभ्यतागत मूल्यों और परंपराओं का हिस्सा रही है। उन्होंने कहा कि पिछले कई वर्षों के दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के अथक प्रयासों के कारण, योग ने संस्कृतियों और सीमाओं को पार करते हुए व्यापक वैश्विक स्वीकृति प्राप्त की है और दुनिया को एक साथ लाना जारी रखा है। कोई भी व्यक्ति शांति पा सकता है, यहां तक कि ऐसी दुनिया में भी जहां ध्यान भटकाने के लिए डिज़ाइन किया गया है। आपको बस अपने फोन से 10 मिनट दूर रहने की ज़रूरत है। आज, मैं लोगों को सोशल मीडिया पर घंटों बिताते हुए देखता हूं, विचलित और थका हुआ, जो योग के बिल्कुल विपरीत है, जो आपको वर्तमान में रहने के लिए मजबूर करता है। वह दशकों से योग का अभ्यास कर



रही हैं और मैं अभी भी नए सत्यों को उजागर कर रही हूं। सबसे गहरा? हमारी सांस हमारी भावनाओं से कितनी गहराई से जुड़ी हुई है। यह एक क्रांतिकारी हैः अपनी सांस को नियंत्रित करना सीखें, और आप पाएंगे कि आप अपनी भावनात्मक दुनिया को पता कर सकते हैं। यह मार्ग शुद्ध अनुशासन, मजबूती और अंतहीन आत्म-खोज है। योग दिवस की शुभकामनाएं। योग भारत का एक अनमोल उपहार है- यह एक अनुशासन है, एक अभ्यास है और एक जीवन पद्धति है। आइए योग को अपनी जीवनशैली बनाएं। केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान भी योग को नागरिकों के जीवन में दैनिक दिनचर्या का हिस्सा बनाने के लिए इस मुहिम में शामिल हो गए। साल 1998 के एक जीवन-परिवर्तनकारी अनुभव को याद करते हुए, जब एक भीषण दुर्घटना में उनके शरीर के आठ अंग बुरी तरह से घायल हो गए थे, चौहान ने कहा, उस समय, मैं फिर से चलने की कल्पना भी नहीं कर सकता था, लेकिन योग ने ही मेरे ठीक होने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। आज, मैं योग की परिवर्तनकारी शक्ति की बदौलत उन चोटें के स्थायी प्रभावों से मुक्त एक स्वस्थ, सामान्य जीवन जीने में सक्षम हूं। कोयला मंत्रालय ने एक बयान में स्वास्थ्य-केंद्रित कार्यस्थलों को बढ़ावा देने और एक स्वस्थ, खुशहाल समाज के बड़े दृष्टिकोण का समर्थन करने की अपनी प्रतिज्ञा दोहराई है।

# मेधज संस्थान में हुआ सामूहिक योगाभ्यास

लखनऊ। 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर आशियाना स्थित मेधज संस्थान में योगाचार्य देवेश सिंह के नेतृत्व में सामूहिक योगाभ्यास किया गया। मेधज के संस्थापक डॉ समीर त्रिपाठी के साथ संस्थान के सभी कर्मचारियों ने योगाभ्यास किया।

इस अवसर पर मेधज के संस्थापक डॉ समीर त्रिपाठी ने कहा कि 2015 में संयुक्त राष्ट्र ने 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के रूप में घोषित किया था। उन्होंने कहा कि योग शारीरिक, मानसिक और आत्मिक शांति का साधन है। सभी कार्य सभी पूर्ण हो सकते हैं, जब शरीर साथ दें। काया स्वस्थ है, तो मन स्वयं ही स्वस्थ हो जाएगा। डॉ त्रिपाठी ने अपने कर्मचारियों से योग को दिनचर्या की हिस्सा बनाने की अपील करते हुए कहा कि प्राचीन भारत के ऋषियों ने सभी के लिए जीवेत शरदः शतम की कामना की



थी। अच्छे स्वास्थ्य को सबसे बड़ी पूंजी बताया था। इसके लिए आहार, विहार, योग, यम, प्राणायाम का मंत्र दिया। प्रकृति के निकट रहने, उसके संरक्षण व संवर्धन के सुझाव दिया। उन्होंने कहा कि योग केवल शारीरिक स्वास्थ्य तक सीमित नहीं है। बल्कि इससे मन मष्तिष्क व विचारों में भी संतुलन स्थापित होता है। यह आत्मानुशासन और आत्मसंयम का भाव भी जाग्रत करता है। योग प्राचीन काल से भारत की धरोहर है। एक बार फिर विश्व में इसकी अलख जग रही है। विश्व के प्रत्येक देश योग का महत्व समझ रहे हैं। इसकी लोकप्रियता बढ़ रही है। योग में यम, नियम, आसन, प्राणायाम, प्रत्याहार, धरना ध्यान, समाधि तक विस्तार है। यह व्यक्तिगत व समाज जीवन का एक साथ कल्याण करता है। योग को लेकर भारत का आम नागरिक अपनी जिम्मेदारी को समझ रहा है। योग सामान्य व्यायाम या कसरत नहीं है। यह सम्पूर्ण जीवनशैली को बदल देता है। इससे सकारात्मक विचार बढ़ते हैं। नकारात्मक विचारों से छुटकारा मिलता है।

पेज एक का शेष

## पूरे विश्व

अभ्यास किया गया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आंध्र प्रदेश के तटीय शहर विशाखापत्तनम से इस समारोह का नेतृत्व किया।

आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू और उपमुख्यमंत्री पवन कल्याण भी इस कार्यक्रम में शामिल हुए। उत्तराखंड के देहरादून में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने योग को भारत की सौम्य शक्ति का एक शानदार उदाहरण बताया और कहा कि योग अब पूरी मानव जाति की साझा विरासत बन गया है।

राष्ट्रपति ने कहा योग किसी धर्म, संप्रदाय या समुदाय से जुड़ा नहीं है। यह स्वस्थ जीवन जीने की एक कला है। उन्होंने सभी से मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य के लिए इसे दैनिक अभ्यास के रूप में अपनाने की अपील की। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर अपने संबोधन में उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कहा कि योग के शाश्वत ज्ञान ने लोगों को स्वास्थ्य और सद्भाव के साथ जोड़ने का काम किया है।

सियाचिन ग्लेशियर की बर्फीली चोटियों से लेकर विशाखापत्तनम में लंगर डाले नौसेना के जहाजों तक, भारतीय सशस्त्र बलों ने शनिवार को पूरे देश में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया तथा अनुशासन और आंतरिक शक्ति के प्रति अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि की। देश के विभिन्न स्थानों में कई केंद्रीय मंत्रियों, राज्यपालों और मुख्यमंत्रियों ने योगासन किये। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने जम्मू कश्मीर के उधमपुर में समारोह का नेतृत्व किया। उनके साथ सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी भी थे। सिंह ने कहा एक समय था, जब योग को केवल साधु-संतों तक ही सीमित माना जाता था। लेकिन आज, लोग न्यूयॉर्क के टाइम्स स्क्वायर से लेकर एफिल टावर के पास लॉन तक चटाइयों पर सूर्य नमस्कार कर रहे हैं। क्या यह किसी चमत्कार से कम है?

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जे. पी. नड्डा ने यहां कर्तव्य पथ पर सामूहिक योगाभ्यास का नेतृत्व किया, जबकि विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने विभिन्न देशों के राजदूतों और राजनयिक दल के अन्य सदस्यों के साथ राष्ट्रीय राजधानी के नेहरू पार्क में योगासन किए। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने यमुना के तट पर योगासन किया।

## विशाखापत्तनम में

में दो विशाल महासागर दिखे, एक तरफ बंगाल की खाड़ी और दूसरी तरफ योग साधकों का असीम सागर। मैं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और लाखों नागरिकों के साथ अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाने और हमारे योग आंध्र अभियान की सफलता का जश्न मनाने के लिए शामिल हुआ। उन्होंने इस कार्यक्रम की मेजबानी का अवसर देने और उनकी प्रेरक उपस्थिति के लिए प्रधानमंत्री को धन्यवाद दिया। मुख्यमंत्री ने कहा, 11वां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस भव्य आयोजन रहा। हमने इतिहास रचा है। नायडू ने बताया कि राज्य सरकार को आज के योग दिवस के लिए करीब दो करोड़ पंजीकरण की उम्मीद थी, लेकिन यह संख्या बढ़कर 2.45 करोड़ तक पहुंच गई। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, मुख्यमंत्री नायडू और अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने विशाखापत्तनम के आरके बीच पर आयोजित कार्यक्रम में भाग लिया।

## नियमित योग

आंतरिक शांति वैश्विक नीति बन जाए। मोदी ने कहा कि योग का सीधा-साधा अर्थ होता है जुड़ना और ये देखना सुखद है कि कैसे योग ने पूरे विश्व को जोड़ा है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि योग सभी का है और सभी के लिए है। यह सीमाओं, पृष्ठभूमि, उम्र या क्षमता से बंधा नहीं है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि इस साल अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की थीम एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योग है, जो एक गहरी सच्चाई को दर्शाता है कि धरती पर प्रत्येक इकाई का स्वास्थ्य परस्पर जुड़ा हुआ है। मोदी ने गर्व जताते हुए कहा कि कैसे दिव्यांग लोग ब्रेल लिपि में योग शास्त्र पढ़ते हैं। उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि वैज्ञानिक भी अंतरिक्ष में योग करते हैं। उन्होंने कहा कि मानव कल्याण उस मिट्टी के स्वास्थ्य पर निर्भर करता है जो भोजन उगाती है, उन नदियों पर निर्भर करता है जो पानी देती हैं और उन जानवरों के स्वास्थ्य पर निर्भर करता है जो पारिस्थितिकी तंत्र को साझा करते हैं तथा उन पौधों पर निर्भर करता है जो पोषण करते हैं।

## योग भारत

में सम्मिलित होकर पूरी दुनिया को भारत की योग परम्परा के महत्व से अवगत करा रहे हैं। धर्म, आध्यात्मिक उन्नयन, सर्वांगीण विकास, सांसारिक उत्कर्ष आदि से जुड़े कार्य स्वस्थ शरीर के बिना नहीं हो सकते। यदि आप स्वस्थ शरीर के माध्यम से अर्थ के उपार्जन के साथ जुड़ते है, तो वह लोक कल्याण का माध्यम बनता है। आपको अनेक प्रकार से आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करता है। स्वस्थ शरीर द्वारा ही कामनाओं की पूर्ति होती है। स्वस्थ शरीर के माध्यम से व्यक्ति आध्यात्मिक उन्नयन के उच्च सोपानों को प्राप्त कर सकता है। जिसके माध्यम से हमारी ऋषि परम्परा ने सबके सामने एक विस्तृत भण्डार प्रस्तुत किया है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि योग भारत की ऋषि परम्परा का प्रसाद है। भारत ने योग को आत्मकल्याण के माध्यम से लोक कल्याण का माध्यम बनाकर विश्व कल्याण का मार्ग प्रशस्त किया है। इसकी लम्बी परम्परा तथा अलग-अलग आयाम देखने को मिलते हैं। दुनिया में भारत की तुलना केवल आर्थिक उन्नयन के लिए नहीं होती, बल्कि आर्थिक उन्नयन केवल एक पक्ष है। चेतना के उच्च आयामों के माध्यम से भारतीय मनीषा ने दुनिया को अनेक रहस्यमयी स्थितियों से अवगत कराने का कार्य किया था। चेतना के उच्च आयामों के माध्यम से व्यक्तित्व का विकास सम्भव हुआ।

## इजराइल ने

हुआ। ईरान ने एक बार फिर इजराइल पर ड्रोन और मिसाइल दागे, लेकिन तत्काल कोई महत्वपूर्ण नुकसान की जानकारी नहीं मिली है। इजराइल की डेविड एडोम बचाव सेवा ने शनिवार को कहा कि उत्तरी इजराइल में दो मंजिला इमारत पर एक ईरान ड्रोन गिरा, लेकिन कोई हताहत नहीं हुआ। इस बीच दोनों देशों के दरमियान तनाव कम करने के उद्देश्य से स्विटजरलैंड के जेनेवा में घंटों चली कूटनीतिक वार्ता बेनतीजा रही। यूरोपीय अधिकारियों ने भविष्य में वार्ता की आशा व्यक्त की जबकि ईरानी विदेश मंत्री अब्बास अरागची ने कहा कि वह आगे भी वार्ता के लिए तैयार हैं। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि इजराइल की ओर से लगातार हमले किए जाने के कारण ईरान को अमेरिका के साथ वार्ता करने में कोई रुचि नहीं है। उन्होंने पत्रकारों से कहा, यदि हमले बंद हो जाएं और हमलावर को उसके अपराधों के लिए जवाबदेह ठहराया जाए तो ईरान कूटनीतिक कदमों पर विचार करने के लिए तैयार है। वार्ता के लिए कोई अगली तारीख तय नहीं की गई है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप संघर्ष में अमेरिकी सेना की सक्रिय भागीदारी पर विचार कर रहे हैं, जिसके बारे में अरागची ने शनिवार को कहा कि यह बहुत दुर्भाग्यपूर्ण होगा।

## ऑपरेशन सिंधु

छात्रों समेत भारतीय नागरिक शुक्रवार देर रात और शनिवार तड़के दिल्ली पहुंचे। भारत ने बुधवार को ईरान से अपने नागरिकों को निकालने के लिए ऑपरेशन सिंधु शुरू करने की घोषणा की थी। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने एक्स पर लिखा, ऑपरेशन सिंधु के तहत एक विमान भारतीय नागरिकों को स्वदेश ले आया है। भारत ने विशेष विमान से छात्रों और तीर्थयात्रियों समेत 290 भारतीय नागरिकों को ईरान से निकाला है। यह विमान 20 जून को रात साढ़े 11 बजे नयी दिल्ली पहुंचा और सचिव (सीपीवी और ओआईए) अरुण चटर्जी ने वापस लौटे लोगों का स्वागत किया। एक अन्य पोस्ट में उन्होंने तुर्कमेनिस्तान से आए एक निकासी विमान के बारे में जानकारी साझा की। उन्होंने कहा ऑपरेशन सिंधु जारी है। ईरान से भारतीयों को लेकर रवाना हुआ विशेष निकासी विमान बीती रात तीन बजे तुर्कमेनिस्तान के अश्गाबात से नयी दिल्ली पहुंचा। इसके साथ ही, ऑपरेशन सिंधु के तहत ईरान से अब तक 517 भारतीय नागरिक स्वदेश लौट चुके हैं।

## धामी सहित

विमोचन किया। साथ ही एक वृक्ष योग के नाम अभियान के तहत विधानसभा परिसर में सेब का पौधा भी रोपा। धामी ने बताया कि यह नीति न केवल स्वास्थ्य के क्षेत्र में सुधार लाएगी, बल्कि उत्तराखंड को योग, ध्यान और प्राकृतिक चिकित्सा के अंतरराष्ट्रीय केंद्र के रूप में भी स्थापित करेगी। राज्य सरकार गढ़वाल और कुमाऊं मंडलों में एक-एक स्पिरिचुअल इकोनॉमिक जोन की स्थापना करेगी। उन्होंने कहा कि पर्वतीय क्षेत्रों में दो नये आध्यात्मिक नगर विकसित किए जायेंगे, जो योग, आयुर्वेद और अध्यात्म का वैश्विक केंद्र बनेंगे। दुनिया भर के वेलनेस ग्रुप, आध्यात्मिक संस्थाएं और गुरु इन स्थलों से जुड़ेंगे। मुख्यमंत्री ने भराड़ीसैंण की प्राकृतिक सुंदरता और सांस्कृतिक समृद्धि की सराहना करते हुए कहा कि यह आयोजन उत्तराखंड को वैश्विक पहचान दिलाएगा।

## ब्राजील में हॉट एयर बैलून आग लगने से आठ लोगों की मौत और 13 व्यक्ति घायल

रियो डी जेनेरियो। ब्राजील के दक्षिणी राज्य सांता कैटरीना में शनिवार को एक हॉट एयर बैलून में आग लगने से यह नीचे गिर गया, जिससे आठ लोगों की मौत हो गई। अग्निशमन कर्मियों ने यह जानकारी दी। स्थानीय समाचार आउटलेट जी1 द्वारा साझा की गई वीडियो में हॉट एयर बैलून आग की लपटों से घिरा हुआ और जमीन की ओर गिरता हुआ नजर आ रहा है तथा इससे धुएं का गुबार भी उठ रहा है। सांता कैटरीना के सैन्य अग्निशमन दल ने बताया कि इस हादसे में 13 लोग बच गए हैं और उन्हें अस्पताल ले जाया गया है। उन्होंने बताया कि हॉट एयर बैलून में चालक सहित 21 लोग सवार थे। जी 1 की खबर के अनुसार, साओ पाउलो राज्य में पिछले रविवार को हॉट एयर बैलून गिर गया था, जिसमें 27 वर्षीय एक महिला की मौत हो गई थी जबकि 11 लोग घायल हो गए थे।

## नीरज सिंह व

नीरज सिंह और बीबीडी ग्रुप के प्रेसिडेंट विराज सागर दास ने योग किया। इसके साथ ही लगभग 5000 की संख्या में अनुसूचित समाज के प्रतिनिधियों, महिलाओं व पुरुषों ने सामूहिक रूप से योगाभ्यास किया।

योग कार्यक्रम में प्रमुख योग मुद्राओं, प्राणायाम और ध्यान सत्रों ने प्रतिभागियों को मानसिक शांति और शारीरिक ऊर्जा का अनुभव कराया। गौरतलब है कि इस बार 'अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस' पूरे उत्साह और श्रद्धा के साथ मनाया गया। इस वर्ष की थीम एक पृथ्वी एक स्वास्थ्य रही, जिसमें एक विश्व कीर्तिमान को स्थापित किया जा रहा है। जहां समग्र भारत ने मिलकर योग किया है। इस अवसर पर बड़ी संख्या में नागरिक, वरिष्ठजन, सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि एवं युवाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

## बीबीडीयू में

भ्रामरी भुजंग आसन, ताड़ासन, अनुलोम विलोम, कपाल भाती, ध्यान एवं हास्य क्रियाएं कराया गया जिसे सभी लोगों ने उत्साह पूर्वक किया। इस अवसर पर योग समावेश पुस्तक का विमोचन बीबीडीयू के प्रो वाइस चांसलर डॉ एससी शर्मा, रजिस्ट्रार डॉ सुधर्मा सिंह एवं डीन स्टूडेंट वेलफेयर डॉ एसएमके रिजवी ने किया। इस अवसर पर डॉ वीके सिंह, डायरेक्टर बीबीडीएनआईआईटी, डॉ शैलेंद्र तहिलयानी डायरेक्टर, एडमिशन बीबीडीईजी, डॉ राजीव गुप्ता डीन, स्कूल ऑफ फार्मेसी, फैकल्टी आदि उपस्थित रहे। राज्यपाल आनंदीबेन पटेल के आदेशानुसार 21 मई से 21 जून 2025 तक चले योग माह कार्यक्रम का आज समापन भी इसी योग प्रशिक्षण के साथ हुआ। कार्यक्रम के अंत में योग प्रशिक्षक अरुण जैन को स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के समापन पर डॉ एसएमके रिजवी ने सभी के प्रति धन्यवाद एवं आभार प्रकट किया।




# भारतीय टीम 471 रन पर आउट

## सर्वाधिक टेस्ट शतक जड़ने वाले भारतीय विकेटकीपर बने पंत, धोनी को पछाड़ा

एजेंसी





लीड्स। इंग्लैंड के खिलाफ पहले क्रिकेट टेस्ट के दूसरे दिन शनिवार को भारतीय टीम पहली पारी में 471 रन पर आउट हो गई जिसमें कप्तान शुभमन गिल, उपकप्तान ज्षभ पंत और सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल ने शतक लगाये। गिल (147) और पंत (134) ने चौथे विकेट के लिये 209 रन की साझेदारी की। इससे पहले जायसवाल (101) और केएल राहुल (42) ने बड़े स्कोर की नींव रखी थी। अपने कल के स्कोर तीन विकेट पर 359 रन से आगे खेलते हुए भारत ने आखिरी सात विकेट 112 रन के भीतर गंवाये। बेन स्टोक्स और जोश टंग ने चार चार विकेट लिये।

**शतक जड़ने के बाद जायसवाल ने कहा, पारी का आनंद लिया**

लीड्स। सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल (101 रन) ने शुक्रवार को यहां इंग्लैंड के खिलाफ पांच मैचों की एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी के पहले टेस्ट मैच के पहले दिन शतक जड़ने के बाद कहा कि उन्होंने अपनी इस पारी का लुत्फ उठाया। कप्तान शुभमन गिल (नाबाद 127 रन) और जायसवाल के शानदार शतकों की मदद से भारत ने पहले दिन स्टंप तक तीन विकेट गंवाकर 359 रन बना लिए। उप कप्तान ज्षभ पंत 65 रन बनाकर क्रीज पर डटे हुए हैं। जायसवाल ने मैच के बाद कहा, पहला दिन बहुत बढ़िया रहा। सभी ने बहुत अच्छा प्रदर्शन किया। इंग्लैंड की परिस्थितियों में क्रीज पर जाकर बल्लेबाजी करना शानदार रहा। मैंने पारी का आनंद लिया। मैंने बहुत अच्छी तरह से तैयारी की थी। उन्होंने कहा हाल के दिनों में बहुत अच्छे अभ्यास सत्र और मैच खेले। इसलिए यह पारी सरल तरीके से खेली। अगर कोई ढीली गेंद होती तो मैं उसे खेलता। जायसवाल ने कहा, गिल ने शानदार प्रदर्शन किया। वह संयमित और शांत रहे। उन्होंने वास्तव में अच्छी बल्लेबाजी की।

**पंत का शतक लेकिन इंग्लैंड ने लंच से पहले चार विकेट चटकाये , भारत के सात विकेट पर 454 रन**

लीड्स। ज्षभ पंत ने शानदार शतक लगाया और शुभमन गिल ने कैरियर का सर्वोच्च टेस्ट स्कोर बनाया लेकिन इंग्लैंड ने चार विकेट जल्दी चटकाकर भारत को पहले क्रिकेट टेस्ट के दूसरे दिन शनिवार को लंच तक सात विकेट पर 454 रन पर रोक दिया। कप्तान गिल 147 और उपकप्तान पंत 134 रन बनाकर आउट हुए। भारत ने अपने कल के स्कोर तीन विकेट पर 359 रन में पहले सत्र में 95 रन जोड़े। लंच के समय रविंद्र जडेजा दो रन बनाकर खेल रहे थे जबकि ब्रेक से पहले आखिरी गेंद पर बेन स्टोक्स ने शार्दुल ठाकुर (एक) को पवेलियन भेजा। सुबह 65 के स्कोर पर खेल रहे पंत ने अधिकांश समय स्ट्राइक अपने पास रखी। उन्होंने गिल के साथ चौथे विकेट के लिये 209 रन की साझेदारी की। पंत को 124 के स्कोर पर जीवनदान भी मिला जब आफ स्पिनर शोएब बशीर की गेंद पर जैमी स्मिथ ने उन्हें स्टम्प आउट करने का मौका गंवाया। इससे पहले पंत छक्का लगाकर 94 रन तक पहुंचे और फिर एक एक रन बनाकर 99 तक आये। वह टेस्ट क्रिकेट में सात बार नर्वस नाइंटीज का शिकार हो चुके हैं लिहाजा उन्होंने संभलकर खेला। इसके बाद बशीर को छक्का लगाकर अपने कैरियर का सातवां टेस्ट शतक पूरा किया। इसके साथ ही वह महेंद्र सिंह धोनी (छह शतक) को पछाड़कर भारत के लिये सर्वाधिक टेस्ट शतक लगाने वाले विकेटकीपर बल्लेबाज बने।

गिल को बशीर ने बैकवर्ड स्क्वेयर लेग पर जोश टंग के हाथों लपकवाया। भारत के नये टेस्ट कप्तान गिल ने कैरियर का सर्वोच्च व्यक्तिगत टेस्ट स्कोर बनाया। इससे पहले उन्होंने आस्ट्रेलिया के खिलाफ 2023 में अहमदाबाद में 128 रन बनाये थे। आठ साल बाद टीम में लौटे करूण नायर के पास अपने टेस्ट कैरियर को दूसरा जीवन देने का यह सुनहरा मौका था लेकिन वह चार गेंद खेलकर खाता भी नहीं खोल पाये। भारत को लंच से पहले आखिरी मिनटों में करारा झटका लगा जब पंत को टंग ने पगबाधा आउट किया।

**सर्वाधिक टेस्ट शतक जड़ने वाले भारतीय विकेटकीपर बने पंत, धोनी को पछाड़ा**

लीड्स। ज्षभ पंत टेस्ट क्रिकेट में सबसे ज्यादा शतक लगाने वाले भारतीय विकेटकीपर बन गए जिन्होंने इंग्लैंड के खिलाफ पहले टेस्ट के दूसरे दिन शुक्रवार को कैरियर का सातवां टेस्ट शतक लगाकर महेंद्र सिंह धोनी को पछाड़ा। पंत ने भारतीय पारी के सौवें ओवर की पहली गेंद पर शोएब बशीर को छक्का लगाकर इस आंकड़े को छुआ।

# मंत्री मांडविया ने दिल्ली में योग दिवस समारोह का नेतृत्व किया



नयी दिल्ली। केंद्रीय युवा मामलों एवं खेल मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने शनिवार को राजधानी में 11वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस समारोह का नेतृत्व किया जब इंदिरा गांधी स्टेडियम में साइकिलिंग वेलोड्रोम में 1500 से अधिक उत्साही लोगों के साथ योगासन किया और अभिनेत्री रकुलप्रीत सिंह तथा जैकी भगनानी को फिट इंडिया आइकन घोषित किया।

डॉ. मांडविया आयुष मंत्रालय की राष्ट्रव्यापी योग संगम पहल के तहत आयोजित फिट इंडिया कल्ट योगाथन में माई भारत मंच के 400 से अधिक स्वयंसेवकों सहित अन्य प्रतिभागियों के साथ शामिल हुए। इस कार्यक्रम की थीम एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योग थी। इस कार्यक्रम में ओलंपियन प्रियंका गोस्वामी और भारत की पूर्व हॉकी कप्तान रानी रामपाल जैसी खिलाड़ियों के साथ-साथ मशहूर हस्तियां मधुरिमा तुली, रकुलप्रीत और भगनानी भी मौजूद थे।

मांडविया ने कहा मैं अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर सभी को शुभकामनाएं देता हूं। योग हमारी संस्कृति है और इसे हमारे दैनिक जीवन में शामिल किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा योग दिवस को एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योग की थीम के साथ योग संगम के हिस्से के रूप में पूरे देश में मनाया जा रहा है। खेल मंत्री ने कहा, फिट इंडिया कल्ट योगाथन के माध्यम से खेल मंत्रालय भी अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मना रहा है। मैं सभी नागरिकों से स्वस्थ और फिट रहने के लिए नियमित रूप से योग करने का आग्रह करता हूं। योग फिटनेस और स्वस्थ जीवन का मंत्र है।

## संक्षेप

### बायर्न म्यूनिख ने क्लब विश्व कप में बनाई जगह

मियामी गार्डन्स (अमेरिका)। माइकल ओलिस के 84वें मिनट में किए गए गोल की मदद से बायर्न म्यूनिख ने बोका जूनियर्स को 2-1से हराकर क्लब विश्व कप फुटबॉल टूर्नामेंट के नॉकआउट चरण में जगह बनाई। जर्मन चैंपियन बायर्न ने ग्रुप सी में दो जीत दर्ज की और एक मैच शेष रहते हुए अंतिम 16 में प्रवेश कर लिया। ओलिस ने हार्ड रॉक स्टेडियम में अपनी टीम की जीत सुनिश्चित की। उसकी तरफ से पहला गोल इंग्लैंड के स्टार खिलाड़ी हैरी केन ने 18वें मिनट में किया था। मिगुएल मेरेंटिएल ने हालांकि 66वें मिनट में शानदार गोल करके बोका को बराबरी पर ला दिया था।

### गोल्फ रैंक : अदिति अशोक कट से चूकीं

फ्रिस्को (अमेरिका)। भारत गोल्फर अदिति अशोक यहां फील्ड्स रैंच ईस्ट कोर्स में मुश्किल परिस्थितियों में 11 ओवर 83 के खराब प्रदर्शन के साथ केपीएमजी महिला पीजीए चैंपियनशिप में कट से चूक गईं। अदिति ने पहले दौर में भी 81 का स्कोर बनाया था। यह पहली बार है जब अदिति ने किसी मेजर टूर्नामेंट के लगातार दो दौर में 80 से अधिक का स्कोर बनाया। भारतीय गोल्फर ने दूसरे दौर में नौ बोगी और एक डबल बोगी की जबकि वह एक भी बर्डी नहीं लगा पाईं। वह दो दौर में एक भी बर्डी नहीं कर सकीं। टूर्नामेंट में हिस्सा ले रही 156 खिलाड़ियों में से सिर्फ सात ही दूसरे दौर के बाद अंडर-पार का स्कोर बना पाई हैं।

### बारिश के कारण विलंब के बाद इंग्लैंड की पहली पारी शुरू

लीड्स। इंग्लैंड ने भारत के खिलाफ पहले टेस्ट के दूसरे दिन शनिवार को लंच के बाद के सत्र में बारिश के कारण हुए थोड़े विलंब के बाद अपनी पहली पारी शुरू की। भारत ने पहली पारी में 471 रन बनाए हैं। इंग्लैंड को अपने सलामी बल्लेबाजों जैक क्राउली और बेन डकेट से अच्छी शुरुआत की उम्मीद होगी। मेहमान टीम लंच के बाद जल्द ही ढेर हो गई। भारत के लिए ज्षभ पंत, शुभमन गिल और यशस्वी जायसवाल ने शतक बनाए। तेज गेंदबाज जोश टंग और बेन स्टोक्स ने इंग्लैंड के लिए चार-चार विकेट लिए।

### बांग्लादेश व श्रीलंका के बीच पहला टेस्ट ड्रॉ

गॉल (श्रीलंका)। बांग्लादेश विदेशी धरती पर मुश्किल से मिलने वाली जीत से वंचित रह गया और श्रीलंका के खिलाफ वर्षाबाधित पहला क्रिकेट टेस्ट शनिवार को आखिरी दिन ड्रॉ पर छूटा। बारिश के कारण लंबे समय खेल रूका रहा और सुबह के सत्र में 80 मिनट का ही खेल हो सका।

# नीरज चोपड़ा ने डायमंड लीग खिताब जीता

एजेंसी



पेरिस। ओलंपिक में दो बार के पदक विजेता भारतीय भाला फेंक सुपरस्टार नीरज चोपड़ा ने यहां 90 मीटर की दूरी पार किए बिना ही जर्मनी के अपने कड़े प्रतिद्वंद्वी जूलियन वेबर को हराकर दो साल में अपना पहला डायमंड लीग खिताब जीता। शुक्रवार देर रात संपन्न प्रतियोगिता में 27 वर्षीय चोपड़ा ने अपने पहले प्रयास में 88.16 मीटर की दूरी तय करके खिताब जीता। इस प्रतियोगिता में कई स्टार खिलाड़ियों ने भाग लिया था जिसने पांच ऐसे खिलाड़ी शामिल हैं जो 90 मीटर की दूरी तय कर चुके हैं। चोपड़ा का दूसरा थ्रो 85.10 मीटर का था और इसके बाद उन्होंने अपने अगले तीन प्रयासों में फाउल किया। उन्होंने अपने छठे और अंतिम प्रयास में 82.89 मीटर का थ्रो किया। वेबर 87.88 मीटर के अपने शुरुआती प्रयास के साथ दूसरे स्थान पर रहे। ब्राजील के लुईज़ मौरिसियो दा सिल्वा ने 86.62 मीटर के अपने तीसरे प्रयास के साथ तीसरा स्थान हासिल किया। लगातार दो ओलंपिक में स्वर्ण और रजत पदक जीतने वाले चोपड़ा ने बाद में प्रसारणकर्ता से कहा, मैं अपने थ्रो से खुश हूं। आज मेरा रन अप बहुत तेज था। मैं अपनी गति पर नियंत्रण नहीं रख सकता, लेकिन मैं परिणाम और पहले स्थान पर रहकर खुश हूं। चोपड़ा ने डायमंड लीग में अपना आखिरी खिताब जून 2023 में लुसाने में 87.66 मीटर के थ्रो के साथ जीता था। उसके बाद वह डायमंड लीग की छह प्रतियोगिताओं में दूसरे स्थान पर रहे थे। हरियाणा के इस स्टार खिलाड़ी ने डायमंड लीग के पेरिस चरण में पहली बार जीत हासिल की। उन्होंने आखिरी बार 2017 में जूनियर विश्व चैंपियन के रूप में पेरिस डायमंड लीग में भाग लिया था और 84.67 मीटर के थ्रो के साथ पांचवें स्थान पर रहे थे। चोपड़ा ने अपने आगामी कार्यक्रम के बारे में कहा, मैं चार दिन बाद 24 जून को ओस्ट्रावा (गोल्डन स्पाइक एथलेटिक मीट) में भाग लूंगा। इसलिए मुझे रिकवरी की जरूरत है।

चोपड़ा को आगे जिन प्रतियोगिताओं में भाग लेना है उनमें पांच जुलाई को बेंगलुरू में होने वाली पहली नीरज चोपड़ा क्लासिक भी शामिल है जिसके वह स्वयं मेजबान हैं। विश्व एथलेटिक्स ने इसे ए श्रेणी की प्रतियोगिता का दर्जा दिया है। चोपड़ा ने 16 मई को डायमंड लीग के दोहा चरण में 90.23 मीटर की दूरी तय करके दूसरा स्थान हासिल किया था। वेबर ने दोहा में 91.06 मीटर की दूरी तय करके खिताब जीता था। उन्होंने कहा मैं 90 मीटर तक थ्रो करने की उम्मीद कर रहा हूं, क्योंकि मैंने दोहा में उस बाधा को पार कर लिया था। इसलिए अब मुझे विश्वास है कि मैं आगे भी ऐसा कर सकता हूं लेकिन यह मौसम और परिस्थितियों पर भी निर्भर करता है।

हा

सकता है कि मैं इस सत्र में फिर से यह दूरी पार करने में सफल रहूं। जर्मनी के 31 वर्षीय वेबर ने 23 मई को पोलैंड में जानूस कुसोसिन्स्की मेमोरियल मीट में भी चोपड़ा को हराया था। वेबर ने तब 86.12 मीटर की दूरी तय करके पहला स्थान हासिल किया था जबकि चोपड़ा 84.14 मीटर के साथ दूसरे स्थान पर रहे थे। भारतीय खिलाड़ी ने 2025 सत्र की शुरुआत दक्षिण अफ्रीका के पोटचेफस्ट्रूम में एक आमंत्रण प्रतियोगिता में खिताब जीतकर की थी। यह एक मामूली स्तर (श्रेणी एफ) की प्रतियोगिता थी, जिसमें उन्होंने 84.52 मीटर का थ्रो फेंका था। पेरिस डायमंड लीग में भाग लेने वाले खिलाड़ियों में चोपड़ा और वेबर के अलावा जिन तीन अन्य खिलाड़ियों ने पहले 90 मीटर का आंकड़ा छुआ था उनमें कीनिया के 2015 विश्व चैंपियन जूलियस येगो, त्रिनिदाद और टोबैगो के 2012 के ओलंपिक स्वर्ण विजेता केशोर्न वाल्कोट और ग्रेनेडा के एंडरसन पीटर्स शामिल थे। वाल्कोट (81.66 मीटर) चौथे स्थान पर रहे, जबकि पीटर्स (80.29 मीटर) और येगो (80.26 मीटर) ने क्रमशः पांचवां और छठा स्थान हासिल किया।

**लगातार 90 मीटर की दूरी पार करने के लिए शरीर को अधिक मजबूत बनाना होगाः चोपड़ा**

पेरिस। भारत के स्टार भाला फेंक खिलाड़ी और यहां पेरिस डायमंड लीग का खिताब जीतने वाले नीरज चोपड़ा ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में लगातार 90 मीटर से अधिक दूरी तक भाला फेंकने के लिए उन्हें अपनी प्रमुख मांसपेशियों पर कड़ी मेहनत करनी होगी और शरीर को अधिक मजबूत बनाना होगा। दो बार के ओलंपिक पदक विजेता चोपड़ा ने शुक्रवार को 88.16 मीटर के थ्रो के साथ दो साल में अपना पहला डायमंड लीग खिताब जीता, लेकिन वह इस साल की शुरुआत में दोहा डायमंड लीग में दर्ज किए गए 90.23 मीटर के अपने व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन की बराबरी करने या उससे आगे निकलने में असफल रहे।

# भारतीय महिला हॉकी टीम बेल्जियम से 1-5 से हारी

एंटवर्प (बेल्जियम)। भारतीय महिला हॉकी टीम का एफआईएच प्रो लीग में लचर प्रदर्शन यहां शनिवार को भी जारी रहा जब टीम को बेल्जियम के खिलाफ 1-5 की करारी हार का सामना करना पड़ा। टूर्नामेंट के यूरोपीय चरण में यह भारतीय टीम की लगातार पांचवीं हार है। टीम ने इससे पहले लंदन में ऑस्ट्रेलिया और अर्जेन्टीना के खिलाफ दो-दो मैच गंवाए। दीपिका (छठे मिनट) ने भारत को बढ़त दिलाई लेकिन मध्यांतर के बाद बेल्जियम की टीम पूरी तरह हावी रही और हेलेन ब्रेसेर (37वें और 55वें), लूसी ब्रेन (41वें मिनट), एंब्रे बेलेंगहीन (54वें मिनट) और चार्लोट एंगलबर्ग (58वें मिनट) के गोल की बदौलत आसान जीत दर्ज करने में सफल रही। बेल्जियम ने आक्रामक शुरुआत की और भारतीय सर्कल में बार-बार हमले करके शुरुआती दबदबा बनाया लेकिन मेहमान टीम ने अच्छा बचाव किया। मेजबान टीम को पेनल्टी कॉर्नर पर मैच का पहला गोल करने का मौका मिला लेकिन भारतीय गोलकीपर सविता ने बेहतरीन बचाव किया। भारतीय टीम ने इसके बाद वापसी की। भारत को पेनल्टी कॉर्नर मिला और और दीपिका ने इसे गोल में बदलने में कोई गलती नहीं की। दीपिका ने छठे मिनट में बेल्जियम की गोलकीपर एलेना सोटगियू के पैरों के बीच से गेंद को निकालकर गोल किया। बेल्जियम ने दूसरे क्वार्टर में भारतीय डिफेंस पर दबाव बनाया और नतीजतन उसे 19वें और 21वें मिनट में दो पेनल्टी कॉर्नर मिले लेकिन दोनों ही मौकों पर भारतीय रक्षा पंक्ति ने हमलों को नाकाम कर दिया।

# भारतीय पहलवानों ने एशियाई चैम्पियनशिप में जीता खिताब



एजेंसी

वुंग ताऊ (वियतनाम)। भारतीय महिला पहलवानों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए अंडर-23 एशियाई कुश्ती चैम्पियनशिप में चार स्वर्ण और पांच रजत सहित सभी 10 वर्गों में एक-एक पदक जीतकर टीम खिताब अपने नाम किया। प्रियांशी प्रजापत (50 किग्रा), रीना (55 किग्रा), सृष्टि (68 किग्रा) और प्रिया (76 किग्रा) ने स्वर्ण पदक जीते। भारत की पांच अन्य पहलवानों ने भी फाइनल में जगह बनाई थी लेकिन आखिर में उन्हें रजत पदक से संतोष करना पड़ा। नेहा शर्मा (57 किग्रा), तन्वी (59 किग्रा), प्रगति (62 किग्रा), शिक्षा (65 किग्रा) और ज्योति बेरवाल (72 किग्रा) ने रजत पदक जीते जबकि हिनाबेन खलीफा (53 किग्रा) ने कांस्य पदक हासिल किया। ग्रीको-रोमन शैली में सुमित ने 63 किग्रा वर्ग में स्वर्ण पदक जीता जबकि नितेश (97 किग्रा) और अंकित गुलिया (72 किग्रा) ने कांस्य पदक जीते। पुरुषों की फ्रीस्टाइल स्पर्धाओं में विक्की ने 97 किग्रा वर्ग में स्वर्ण पदक जीता जबकि निखिल (61 किग्रा), सुजीत कलकल (65 किग्रा), जयदीप (74 किग्रा), चंद्रमोहन (79 किग्रा) और सचिन (92 किग्रा) भी स्वर्ण पदक के लिए अपना दांव लगाएंगे।

# सबालेंका ने चार मैच प्वाइंट बचाकर रयबाकिना को हराया

बर्लिन। शीर्ष वरीयता प्राप्त एरिना सबालेंका ने शुक्रवार को बर्लिन ओपन टेनिस टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में चार मैच प्वाइंट बचाकर एलेना रयबाकिना को 7-6, 3-6, 7-6 से हराया। सबालेंका अंतिम सेट के टाईब्रेक में 6-2 से पीछे थीं, लेकिन उन्होंने जोरदार वापसी की तथा लगातार छह अंक जीतकर सत्र के अपने आठवें सेमीफाइनल में प्रवेश किया। सबालेंका का अगला मुकाबला मार्केटा वोंद्रोसोवा से होगा, जिन्होंने ओन्स जाबेउर को 6-4, 6-1 से हराया। लियुडमिला सैमसोनोवा ने भी अमांडा अनिसिमोवा पर 6-1, 6-1 से जीत हासिल की। उनका अगला मुकाबला वांग झिन्यू या पाउला बाडोसा से होगा।

**ज़्वेरेव अस्वस्थ होने के बावजूद हाले ओपन के सेमीफाइनल में**

हाले (जर्मनी)। अलेक्जेंडर ज़्वेरेव ने पहले सेट में अच्छा महसूस नहीं करने के बावजूद हाले ओपन टेनिस टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में फ्लेवियो कोबोली को 6-4, 7-6 से हराकर पांचवीं बार इस प्रतियोगिता के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। ज़्वेरेव पांचवें ऐसे खिलाड़ी बन गए हैं जिन्होंने इस टूर्नामेंट में पांच या अधिक बार सेमीफाइनल में जगह बनाई। उनसे पहले रोजर फेडरर, येवगेनी काफेलनिकोव, फिलिप कोहलश्राइबर और टॉमी हास ने यह उपलब्धि हासिल की थी। ज़्वेरेव का सामना अपने सबसे पुराने प्रतिद्वंद्वियों में से एक दानिल मेदवेदेव से होगा। मेदवेदेव ने एलेक्स मिशेलसन को 6-4, 6-3 से हराया। दूसरा सेमीफाइनल अलेक्जेंडर बुब्लिक और करेन खाचानोव के बीच खेला जाएगा।

# पैर का शानदार मूवमेंट कायम रखते हैं तो श्रृंखला में खूब रन बनायेंगे गिल : गांगुली



एजेंसी



कोलकाता। इंग्लैंड की मुश्किल परिस्थितियों में शुभमन गिल के फुटवर्क से बेहद प्रभावित पूर्व भारतीय कप्तान सौरव गांगुली को उम्मीद है कि अगर लीड्स में टेस्ट श्रृंखला के पहले मैच के पहले दिन की तरह ही उनके पैरों की मूवमेंट शानदार रही तो यह युवा भारतीय कप्तान विदेशी परिस्थितियों में भी ढेरों रन बनाएगा।

कप्तान के तौर पर अपना पहला टेस्ट खेल रहे गिल ने नाबाद 127 रन की शानदार पारी खेली जिसमें कई बेहतरीन ड्राइव शामिल रहे। भारत ने पहले दिन का खेल तीन विकेट पर 359 रन पर समाप्त किया जिससे इंग्लैंड का गेंदबाजी आक्रमण कमजोर नजर आया। घरेलू गेंदबाजों ने ज्यादातर मिडिल और ऑफ स्टंप लाइन पर फुल लेंथ की गेंदबाजी की और गिल ने चुनौती का सामना शानदार तरीके से किया और कुछ बेहतरीन ड्राइव लगाए। गांगुली ने पीटीआई को दिए विशेष साक्षात्कार में कहा, मैं विदेशी सरजमीं पर उनके पैरों की मूवमेंट देखकर बहुत खुश हूं, विदेशी धरती पर इसमें काफी सुधार हुआ है। शुभमन के पैर का मूवमेंट शानदार था, उन्होंने कोई गलती नहीं की। इस पूर्व भारतीय कप्तान ने कहा, मुझे लगता है कि इंग्लैंड को उस विकेट पर (पहले) गेंदबाजी नहीं करनी चाहिए थी और उन्होंने अच्छी गेंदबाजी भी नहीं की।

उनके (गिल के) पैरों का मूवमेंट शानदार था, मुझे उम्मीद है कि यह उनके लिए स्थायी बात होगी क्योंकि अगर वह इंग्लैंड और विदेशी परिस्थितियों में इसी तरह बल्लेबाजी करते रहे तो वह बहुत रन बनाएंगे। गांगुली ने कहा अगर वह इसी तरह खेलते रहे तो उनका औसत भी 40-45 तक बढ़ जाएगा, यह पारी उन्हें काफी आत्मविश्वास देगी क्योंकि आपका आत्मविश्वास आपके प्रदर्शन के आधार पर बनता है, कल जिस तरह से वह स्विंग से निपट रहे थे उनकी तकनीक काफी अच्छी थी। इस श्रृंखला को भारतीय क्रिकेट में एक नए युग की शुरुआत के रूप में देखा जा रहा है जिसमें गिल की अगुआई वाली टीम दिग्गज विराट कोहली, रोहित शर्मा और स्पिनर रविचंद्रन अश्विन के बिना खेल रही है। इसे बदलाव का कठिन दौर माना जा रहा है लेकिन इसकी शुरुआत शानदार रही है। गांगुली ने कहा कि वह सहज बदलाव के बारे में कभी चिंतित नहीं थे क्योंकि भारत में मजबूत घरेलू ढांचे की बदौलत बहुत प्रतिभा है। गांगुली ने कहा, मैं भारतीय क्रिकेट के बारे में कभी चिंतित नहीं था।

# भारत की उभरती सौम्य शक्ति का दूत बना योग

## सियाचिन से लेकर समुद्र तक सशस्त्र बलों ने मनाया अंतरराष्ट्रीय योग दिवस

एजेंसी

नयी दिल्ली। सियाचिन ग्लेशियर की बर्फीली चोटियों से लेकर विशाखापत्तनम में लंगर डाले नौसेना के जहाजों तक, भारतीय सशस्त्र बलों ने शनिवार को पूरे देश में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया तथा अनुशासन और आंतरिक शक्ति के प्रति अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि की। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने जम्मू कश्मीर के उधमपुर में समारोह का नेतृत्व किया। उनके साथ सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी भी थे। सिंह ने कहा, एक समय था जब योग को केवल साधु-संतों तक ही सीमित माना जाता था।

लेकिन आज, लोग न्यूयॉर्क के टाइम्स स्क्वायर से लेकर एफिल टॉवर के पास लॉन तक चटाइयों पर सूर्य नमस्कार कर रहे हैं। क्या यह किसी चमत्कार से कम है? उन्होंने कहा कि यह भारत की उभरती हुई सौम्य शक्ति है और योग इसका सबसे मजबूत दूत बन गया है। सेना के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि योग दिवस पूरे देश में बड़े उत्साह और जोश के साथ मनाया गया। अधिकारी ने बताया कि पैंगोंग त्सो झील के किनारों से लेकर पोर्ट ब्लेयर तक और अरुणाचल प्रदेश के किबिथु से लेकर कच्छ के रण तक सैनिकों ने योग किया और शारीरिक, मानसिक एवं भावनात्मक लचीलेपन के साधन के रूप में प्राचीन भारतीय अभ्यास को अपनाया। उन्होंने कहा कि



उधमपुर कार्यक्रम में मौजूद सेना प्रमुख ने सैनिकों के बीच युद्ध की तैयारी और तनाव प्रबंधन को बढ़ाने में योग के महत्व को रेखांकित किया। दिल्ली में सेना के उप प्रमुख लेफ्टिनेंट जनरल एन. एस राजा सुब्रमणि ने करिअप्पा परेड मैदान में सैनिकों और परिवारों के साथ योग किया, जिसमें 25 देशों के रक्षा अताशे, नेशनल कैडेट कोर (एनसीसी) के कैडेट और स्कूली छात्रों सहित 3,400 से अधिक प्रतिभागी शामिल हुए। विशाखापत्तनम में भारतीय नौसेना के कर्मियों ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अगुवाई में मुख्य योग दिवस समारोह में भाग लिया। आर. के. बीच पर तथा पास में लंगर डाले नौसेना के जहाजों पर सत्र आयोजित किए गए।

पूर्वी नौसेना कमान ने एक्स पर पोस्ट किया, जैसे ही आर. के. बीच पर सूर्य का उदय हुआ, सनराइज कमांड के कर्मियों और परिवारों के साथ-साथ आंध्र प्रदेश के नागरिक भी समुद्र और आकाश की ऊर्जा को गले लगाते हुए माननीय प्रधानमंत्री के साथ आए। एक दिन पहले नौसेना के प्रवक्ता ने कहा था कि इस कार्यक्रम में पूर्वी नौसेना कमान के 11,000 से अधिक नौसैनिकों और परिवार के सदस्यों के भाग लेने की उम्मीद है। समुद्र में योगाभ्यास करने वालों में पूर्वी बेड़े के जहाज और तटरक्षक अपतटीय गश्त पोत वीरा और विग्रह शामिल थे, जो आर. के. बीच से दूर विशाखापत्तनम बंदरगाह पर तैनात थे। सेना अमरनाथ यात्रा के सुचारू संचालन के लिए की गई बहुस्तरीय सुरक्षा व्यवस्था का हिस्सा है। यात्रा मुख्य रूप से दो मार्ग से होती है जिसमें अनंतनाग जिले में पारंपरिक 48 किलोमीटर लंबा पहलगाम मार्ग है।

# भारत-पाक युद्ध रोकने के लिए मुझे नोबेल पुरस्कार नहीं मिलेगा : ट्रंप

न्यूयॉर्क/वाशिंगटन। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि उन्हें भारत और पाकिस्तान के बीच युद्ध रोकने या रूस-यूक्रेन और इजराइल-ईरान संघर्षों में उनके प्रयासों के लिए नोबेल शांति पुरस्कार नहीं मिलेगा।

ट्रंप ने शुक्रवार को अपने सोशल मीडिया मंच ट्रुथ सोशल पर एक पोस्ट में कहा कि मैं चाहे कुछ भी करूं, लेकिन मुझे नोबेल शांति पुरस्कार नहीं मिलेगा। अमेरिकी राष्ट्रपति ने अपने पोस्ट की शुरुआत इस बात से की कि उन्हें यह बताते हुए बहुत खुशी हो रही है कि वह विदेश मंत्री मार्को रुबियो के साथ मिलकर कांगो और रवांडा के बीच संघर्ष रोकने के वास्ते एक अद्भुत संधि करा रहे हैं। इस संघर्ष को अन्य युद्धों की तुलना में कहीं अधिक हिंसक रक्तपात और मौतों के लिए जाना जाता है और दशकों तक यह जारी रहा। ट्रंप ने इस बात का उल्लेख किया कि रवांडा और कांगो के प्रतिनिधि इस संबंध में दस्तावेजों पर हस्ताक्षर करने के लिए सोमवार को वाशिंगटन में होंगे। उन्होंने इसे अफ्रीका के लिए और पूरी दुनिया के लिए एक महान दिन बताया। ट्रंप ने हालांकि कहा कि उन्हें उनके किसी भी प्रयास के लिए नोबेल शांति पुरस्कार नहीं मिलेगा। ट्रंप ने कहा कि मुझे इसके लिए नोबेल शांति पुरस्कार नहीं मिलेगा। मुझे भारत और पाकिस्तान के बीच युद्ध रोकने के लिए नोबेल शांति पुरस्कार नहीं मिलेगा,



मुझे सर्बिया और कोसोवो के बीच युद्ध रुकवाने के लिए नोबेल शांति पुरस्कार नहीं मिलेगा। ट्रंप अनेक बार दावा कर चुके हैं कि अमेरिका ने भारत और पाकिस्तान के बीच मध्यस्थता कराई और संघर्ष रुकवाया। हालांकि, भारत लगातार यह कहता रहा है कि पाकिस्तान के साथ सैन्य संघर्ष समाप्त करने पर सहमति दोनों सेनाओं के सैन्य संचालन महानिदेशकों के बीच सीधी बातचीत के बाद बनी थी।

संक्षेप

## केरल में सड़कों पर प्रदर्शन

तिरुवनंतपुरम। केरल के राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर को लेकर भारत माता की तस्वीर पर उठे विवाद के कारण शनिवार को विरोध प्रदर्शन और तीखी बयानबाजी हुई। इससे पहले प्रदेश में सत्तारूढ़ माकपा के आधिकारिक मुखपत्र में राजभवन के खिलाफ एक कड़ा संपादकीय प्रकाशित किया गया। दक्षिणी राज्य में यहां राजभवन में आधिकारिक कार्यक्रमों के दौरान भारत माता की तस्वीर प्रदर्शित करने को लेकर राज्यपाल आर्लेकर और माकपा नेतृत्व वाले एलडीएफ सरकार के बीच तल्खी देखने को मिल रही है। राज्य में सत्तारूढ़ मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी के मुखपत्र देशाभिमानी एक कड़े शब्दों में लिखे गये संपादकीय में कहा गया है कि राजभवन राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) की कोई शाखा नहीं है। राजभवन की ओर से जारी ताजा तस्वीरों के अनुसार, राज्यपाल ने शनिवार को यहां आयोजित योग दिवस समारोह के दौरान भारत माता की तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित की। वामपंथी पार्टी के ट्रेड यूनियन संगठन सीटू (सीआईटीयू) ने राजभवन की ओर विरोध मार्च निकाला और राज्यपाल पर आरोप लगाया कि वे राजभवन को आरएसएस का केंद्र बनाने तथा देश के संविधान का उल्लंघन करने की कोशिश कर रहे हैं।

# योग को 2015 से वैश्विक स्वीकृति मिली



नयी दिल्ली। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जे. पी. नड्डा ने शनिवार को कहा कि 2015 से योग को वैश्विक स्वीकृति मिली है और इससे न केवल लोगों के स्वास्थ्य में सुधार होता है बल्कि यह जीवन को संतोषजनक बनाने में भी योगदान देता है।

नड्डा ने 11वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर यहां कर्तव्य पथ पर सामूहिक योगाभ्यास का नेतृत्व करते हुए कहा कि यह गर्व का क्षण है कि लोग योग दिवस मनाने के लिए एकत्र हुए हैं। नड्डा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रयासों के कारण ही आज अंतरराष्ट्रीय योग दिवस अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मनाया जा रहा है। उन्होंने कहा, 2014 में संयुक्त राष्ट्र महासभा में अपने संबोधन के दौरान प्रधानमंत्री ने प्रस्ताव रखा था कि हर साल 21 जून को योग दिवस अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मनाया जाना चाहिए, जिसका 170 से अधिक देशों ने समर्थन किया था। 2015 से, योग को वैश्विक स्वीकृति मिली है। नड्डा ने कहा, योग न केवल लोगों के स्वास्थ्य और फिटनेस में सुधार करता है, बल्कि मानसिक स्पष्टता और भावनात्मक नियंत्रण को भी बढ़ाता है, जिससे अधिक संतुलित और संतुष्ट जीवन जीने में मदद मिलती है।

# योग के शाश्वत ज्ञान ने लोगों को स्वास्थ्य के प्रति एकजुट किया है



नयी दिल्ली। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने शनिवार को कहा कि योग के शाश्वत ज्ञान ने लोगों को स्वास्थ्य और सद्भाव के साथ जोड़ने का काम किया है।

अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर अपने संदेश में उन्होंने कहा कि यह प्राचीन अभ्यास विश्व को भारत का उपहार है और यह विश्व भर में लाखों लोगों के लिए शांति, शक्ति और एकता की भावना लेकर आता है। धनखड़ ने एक्स पर कहा कि भारत की 5,000 साल पुरानी सभ्यतागत विरासत में निहित योग के कालातीत ज्ञान ने मानवता को स्वास्थ्य और सद्भाव के साथ जोड़ने का काम किया है।

# विनिर्माण रिकॉर्ड निचले स्तर पर : राहुल गांधी



नयी दिल्ली। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने शनिवार को आरोप लगाया कि देश में विनिर्माण रिकॉर्ड निचले स्तर पर है और इलेक्ट्रॉनिक वस्तुओं को सिर्फ असेंबल और आयात किया जा रहा है। उन्होंने यह दावा भी किया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इस संदर्भ में नए विचारों के बिना सरेंडर (समर्पण) कर दिया है। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष ने दिल्ली के नेहरू प्लेस में लैपटॉप और मोबाइल की एक दुकान का दौरा किया। इसका वीडियो उन्होंने यूट्यूब और एक्स पर साझा किया।

राहुल गांधी ने कहा कि मेक इन इंडिया ने फैक्ट्री क्रांति का वादा किया था, तो फिर विनिर्माण रिकॉर्ड निचले स्तर पर क्यों है, युवाओं की बेरोज़गारी ऐतिहासिक ऊँचाई पर क्यों है, और चीन से आयात दोगुने से ज़्यादा क्यों हो गए हैं? उन्होंने दावा किया, मोदी जी को नारे देने आते हैं, समाधान नहीं। 2014 से अब तक, विनिर्माण क्षेत्र का हिस्सा हमारी अर्थव्यवस्था में सिर्फ़ 14 प्रतिशत रह गया है। राहुल गांधी ने इस बात का उल्लेख किया, दिल्ली के नेहरू प्लेस में मैं शिवम और सैफ से मिला। दोनों ही होशियार, हुनरमंद, उम्मीदों से भरे हैं, लेकिन उन्हें अपनी क्षमता साबित करने का मौका नहीं मिला। उन्होंने कहा, यह कड़वा सच है कि हम असेंबल करते हैं, आयात करते हैं, लेकिन निर्माण नहीं करते। चीन मुनाफ़ा कमा रहा है। राहुल गांधी ने आरोप लगाया कि नए विचारों के बिना, मोदी जी ने सरेंडर कर दिया है, जिनकी पीएलआई योजना का इतना प्रचार हुआ। अब उसे चुपचाप वापस लिया जा रहा है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि भारत को एक बुनियादी बदलाव की ज़रूरत है जो लाखों उत्पादकों को ईमानदार सुधार और वित्तीय सहयोग से सशक्त करे। कांग्रेस नेता ने कहा, हमें दूसरों के लिए बाज़ार बनना बंद करना होगा। अगर हम यहाँ नहीं बनाएंगे, तो दूसरों से ख़रीदते रहेंगे। वक़्त तेज़ी से बीत रहा है।

# अमित शाह और मुख्यमंत्री पटेल ने किया योगाभ्यास



अहमदाबाद। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल ने शनिवार को विभिन्न स्थलों पर अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के तहत आयोजित कार्यक्रमों में हिस्सा लिया। अमित शाह ने अहमदाबाद शहर के प्रह्लादनगर गार्डन में नागरिकों के साथ योग किया, वहीं मुख्यमंत्री पटेल ने मेहसाणा जिले के वडनगर में आयोजित राज्य स्तरीय समारोह में भाग लिया। एक आधिकारिक विज्ञप्ति में कहा गया कि मुख्यमंत्री वडनगर में शर्मिष्ठा झील परिसर में राज्य स्तरीय समारोह में शामिल हुए।

मुख्यमंत्री ने एक्स पर कहा कि वडनगर के कार्यक्रम में 2,000 से अधिक लोगों ने भुजंगासन करके विश्व रिकॉर्ड बनाया। उन्होंने सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा, गुजरात और भारत के लिए यह गर्व का क्षण है। मुझे यह बताते हुए खुशी हो रही है कि वडनगर की खूबसूरत शर्मिष्ठा झील पर 2,121 लोगों ने एक साथ भुजंगासन किया, जिससे गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड बना। भुजंगासन से रीढ़ की हड्डी में लचीलापन आता है, पीठ मजबूत होती है और फेफड़ों की क्षमता बढ़ती है। गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड्स के प्रतिनिधि द्वारा मुख्यमंत्री को जो प्रमाणपत्र सौंपा गया, उसमें लिखा है, सबसे अधिक लोगों द्वारा एक साथ कोबरा मुद्रा (योग) करने का रिकॉर्ड गुजरात राज्य योग बोर्ड द्वारा 21 जून 2025 को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर वडनगर, गुजरात में बनाया गया। मुख्यमंत्री के अनुसार, शनिवार को राज्य भर में लगभग 1.5 करोड़ लोग योग दिवस समारोह में शामिल हुए।

इंटरटेनमेंट...

# 'सितारे जमीन पर' ने पहले दिन 11.7 करोड़ कमाये




नयी दिल्ली। आमिर खान अभिनीत फिल्म सितारे जमीन पर ने रिलीज के पहले दिन घरेलू बॉक्स ऑफिस पर 11.7 करोड़ रुपये की कमाई की। फिल्म निर्माताओं ने शनिवार को यह जानकारी दी। आर. एस. प्रसन्ना के निर्देशन में बनी यह फिल्म शुक्रवार को सिनेमाघरों में रिलीज हुई। इसके निर्माताओं में आमिर खान, अपर्णा पुरोहित और रवि भागचंदका शामिल हैं।

फिल्म की पटकथा डी निधि शर्मा ने लिखी है। सितारे जमीन पर को वर्ष 2007 में आई फिल्म तारे जमीन पर का सीक्वल बताया जा रहा है। यह फिल्म समावेशिता और सशक्तीकरण जैसे विषयों को केंद्र में रखती है। फिल्म में आमिर खान बास्केटबॉल कोच की भूमिका में हैं, जो दस दिव्यांग बच्चों को मार्गदर्शन देते हैं। आमिर खान के साथ फिल्म में आरूष दत्ता, गोपी कृष्ण वर्मा, संवित देसाई, वेदांत शर्मा, आयुष भंसाली, आशीष पेंडसे, ऋषि शहानी, ऋषभ जैन, नमन मिश्रा और सिमरन मंगेशकर भी प्रमुख भूमिकाओं में हैं। इससे पहले, आमिर खान की फिल्म लाल सिंह चड्ढा वर्ष 2022 में प्रदर्शित हुई थी।

**मूवी रिव्यू: डाउन सिंड्रोम की ओर बेहतरीन एक्टिंग और डायलॉग से ध्यान खींचती है आमिर खान की यह फिल्म**

कुछ साल पहले 'तारे जमीन पर' ने भारतीय सिनेमा में ऐसी छाप छोड़ी थी, जिसकी गूंज आज भी सुनाई देती है। यह दिल छू लेने वाली पहल थी, जिसने डिस्लेक्सिया जैसे विषय को मुख्यधारा की फिल्म में उठाकर उस पर बहस शुरू की थी। अब 'सितारे जमीन पर' के जरिए आमिर खान एक कदम और आगे बढ़ गए हैं।

इस बार उन्होंने एक और अधिक जटिल विषय- डाउन सिंड्रोम और न्यूरो डाइवर्जेंस की ओर ध्यान खींचा है। इन्हें अक्सर गलत समझ लिया जाता है। लेकिन जो बात इस फिल्म को अलग बनाती है, वह है इसकी टोन। कोई भावुकता नहीं, कोई भाषणबाजी नहीं। इसके बजाय निर्देशक आर. एस. प्रसन्ना और लेखक दिव्य शर्मा के साथ मिलकर आमिर ने एक ऐसी दुनिया रची है, जिसमें हास्य है, पीड़ा है, गर्मजोशी है और सबसे बढ़कर सच्चाई है। फिल्म में डाउन सिंड्रोम और न्यूरोडाइवर्जेंस जैसी बीमारी के बारे में दिखाया गया है। मुझे जो बात सबसे अधिक प्रभावित करती है।

## काजोल ने बताया 'बाजीगर' की शूटिंग का किस्सा

मुंबई। बॉलीवुड एक्ट्रेस काजोल और एक्टर शाहरुख खान ने पहली बार फिल्म 'बाजीगर' में एक साथ काम किया था। हाल ही में एक इंटरव्यू में काजोल ने 'बाजीगर' के सेट पर शाहरुख के साथ अपनी पहली मुलाकात का किस्सा बताया। काजोल ने 'रेडियो नशा ऑफिशियल' से बातचीत में बताया कि 'बाजीगर' की शूटिंग 1 जनवरी को हो रही थी। उस वक्त वह साढ़े सत्रह साल की थीं। नए साल की रात को वह पार्टी नहीं करती थीं, इसलिए अच्छी नींद लेकर सेट पर पहुंची थीं। दूसरी तरफ, यूनिट के बाकी लोग पार्टी करके आए थे और नींद पूरी नहीं हुई थी। काजोल ने बताया कि शाहरुख खान को नए साल के पहले दिन शूटिंग करना पसंद है। इसलिए सबको सेट पर आना पड़ा।

# 'एबीसीडी' फेम लॉरेन गॉटलिब ने की शादी



मुंबई। डांसर और एक्ट्रेस लॉरेन गॉटलिब ने अपने बॉयफ्रेंड टोबियस जोन्स से शादी कर ली है। यह शादी 11 जून को इटली के टस्कनी में हुई। समारोह में सिर्फ करीबी दोस्त और परिवार के सदस्य ही शामिल हुए। टोबियस ने लॉरेन को अगस्त 2024 में कैरिबियन के अरूबा ओशन विला में उन्हें प्रपोज किया था। शादी के दिन लॉरेन ने ऑफ-शोल्डर और डीप नेकलाइन वाला सफेद गाउन पहना। वहीं, टोबियस ने ब्लैक एंड व्हाइट टक्सीडो पहना। टोबियस जोन्स लंदन के रहने वाले हैं और वीडियो क्रिएटर व डायरेक्टर हैं। शादी के दौरान लॉरेन के वॉक के समय लाइव सिंगर ने परफॉर्म किया। लॉरेन ने शादी के खास पलों की तस्वीरें कीं शेयर शादी के बाद लॉरेन ने शादी की तस्वीरें सोशल मीडिया पर शेयर कीं। उन्होंने कैप्शन में लिखा, मिस्टर एंड मिसेज जोन्स 11.06.2025।

**लंदन के डायरेक्टर टोबियस जोन्स बने लाइफ पार्टनर, इटली में हुई सेरेमनी**

# उज्ज्वल निकम का रोल निभाएंगे राजकुमार राव





**मुंबई।** मुंबई में हुए 26/11 आतंकी हमलों पर एक नई फिल्म की तैयारी हो रही है। जिसमें एक्टर राजकुमार राव लीड रोल करेंगे। इस फिल्म में उज्ज्वल निकम की भूमिका अभिनेता राजकुमार राव निभा रहे हैं। निकम देश के सबसे चर्चित पब्लिक प्रोसिक्यूटर रहे हैं। उन्होंने कई हाई-प्रोफाइल केस लड़े हैं। 26/11 केस में उनकी भूमिका सबसे अहम मानी जाती है। हालांकि, यह फिल्म पूरी तरह से उज्ज्वल निकम की बायोपिक नहीं होगी। फिल्म में सिर्फ उस केस पर फोकस किया जाएगा, जिसमें निकम ने आतंकी अजमल कसाब के खिलाफ केस लड़ा था। उज्ज्वल निकम को 26/11 समेत कई हाई-प्रोफाइल मामलों में विशेष सरकारी वकील नियुक्त किया गया है। फिल्म का निर्देशन कर रहे हैं अविनाश अरुण धावरे फिलहाल इस फिल्म का कोई टाइटल तय नहीं हुआ है। फिल्म का निर्देशन अविनाश अरुण धावरे कर रहे हैं। अरुण धावरे ने प्राइम वीडियो की सीरीज 'पाताल लोक' के दोनों सीजन, 'किला' व 'थ्री ऑफ अस' का निर्देशन किया है। अविनाश अरुण द्वारा निर्देशित 'पाताल लोक' बहुत प्रसिद्ध वेब सीरीज है।

**26/11 केस पर बन रही है फिल्म, 'शाहिद' में वकील बनकर जीता था नेशनल अवॉर्ड**




Viraj
आर.एन.आई.नं.-यू.पी.-हिन/2006/18901 विराज प्रकाशन प्रा.लि. हेतु मुद्रक एवं प्रकाशक आर.के. अग्रवाल द्वारा एक्सप्रेस हाऊस, 1/5, विशाल खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ से मुद्रित एवं प्रकाशित। **कार्यकारी सम्पादक : मनोज कुमार बाजपेयी**
(पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचारों के चयन हेतु उत्तरदायी) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन। फोन कार्यालय : 0522-4059441, 4059442, 4059443 : ई-मेल : voiceoflucknow@gmail.com